

राज
कॉमिक्स
विशेषांक
# 07
By संजयगुप्ता
आतंकहर्ता
नागराज
Vol.1
RAMESH
युगारंभ 2021 वर्ष
World Terrorism
संयुक्त संग्राहक संस्करण

# AATANKHARTA ORIGIN SET-1

राज कॉमिक्स By संजय गुप्ता

48 Pages each

**Hari Maut, Jehreela Barood, Mamber, Numero Uno, Operation Surgery, Mission Critical**




Price: Rs. 100/-





Price: Rs. 100/-



Price: Rs. 100/-



Price: Rs. 100/-



Price: Rs. 100/-



Price: Rs. 100/-

# आतंकवादियों सावधान !

फिर से शुरु हो गई विश्व आतंकवाद के दुश्मन नागराज की विश्व यात्रा। अब या तो बंद कर दो अपनी खूनी आतंकवादी हरकतें या फिर तैयार हो जाओ इस जहरीले इंसान के हाथों मौत पाने को, जिसके शरीर में खून की जगह बहता है दुनिया का सबसे खतरनाक विष और वास करते हैं हजारों-लाखों सर्प!

संजय गुप्ता पेश करते हैं!

# हरी मौत

राज कॉमिक्स है मेरा जनून !!



परिकल्पना - विवेक मोहन
लेखक - संजय गुप्ता, तरुण कुमार वाही
पेंसिलिंग - ललित
इंकिंग - जगदीश, नरेश
कलर इफेक्ट्स - नर्गेंद्र, विश्वजया, शशांक
संपादक - मनीष गुप्ता


प्रगति मैदान-
इंडिया इंटरनेशनल ट्रेड फेयर, दिल्ली-
iitf
2007
मैक्सिको के पंडाल में स्मार्ट कुक का स्टॉल-
Smart Cook
Smart Cook
जहां होने वाला था स्मार्ट कुक का विशेष डेमो-
Smart Cook
मैं अतुल आपका इस स्टॉल पर स्वागत करता हूं! स्मार्ट कुक अत्याधुनिक तकनीक से बना एल.पी. जी. गैस का चूल्हा है...


Smart Cook
... जिसे एक सॉफ्टवेयर द्वारा मोबाइल फोन से संचालित किया जा सकता है! इस तकनीक से मोबाइल द्वारा विश्व के किसी भी कोने से रसोईघर में रखे गैस बर्नर को ऑन किया जा सकता है!...
...मतलब जलाया जा सकता है!
विश्व के किसी भी कोने से?
जी हां! विश्व के किसी भी कोने से!
अब कामकाजी महिलाएं, कुक, शेफ जैसे लोग खुश हो जाएं!
क्योंकि वे स्मार्ट कुक गैस बर्नर पर कच्चा खाना, दाल, चावल, सब्जी, पुलाव वगैरहा रखकर निश्चिंतता के साथ ऑफिस जा सकते हैं!
और फिर घर लौटने से पहले ऑफिस से ही मोबाइल द्वारा चूल्हा ऑन-ऑफ कर सकते हैं!
घर पहुंचने तक दाल-सब्जी या दूसरा खाना गर्मागर्म तैयार मिलेगा!
या आप खाना पकाने के लिए बर्नर पर छोड़कर अपने काम के लिए निकल जाएं तो ऑफिस पहुंचकर बर्नर को ऑफ कर सकते हैं!
इस पूरी प्रक्रिया को चालू करने के लिए आपको अपने मोबाइल पर डायल करने होंगे कुछ नंबर!
ये बिल्कुल फोन मिलाने जैसा है!
अब थोड़ी ही देर में स्मार्ट कुक के चेयरमैन मिस्टर जॉन इस गैस बर्नर को मेक्सिको से अपने मोबाइल द्वारा ऑन करेंगे!
इस लाइव डेमो को आप वीडियो-कांफ्रेंसिंग के जरिए इस वाइड स्क्रीन पर देखेंगे!
हैलो!
आई एम जॉन!


मैक्सिको–
मिस्टर कोको बोंगो! आप मेरे इस प्रोजेक्ट को खरीदना चाहते हैं और मैं इसे बड़ी खुशी से बेचना चाहता हूं!
मिस्टर जॉन–
अब कुछ ही सेकेंड्स में वीडियो-कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए मैं आपको अपने इस प्रोजेक्ट की सफलता का इंडिया इंटरनेशनल ट्रेड फेयर से सीधा प्रसारण दिखाऊंगा!
वैरी गुड!
मैं यहां से अपने मोबाइल पर एक विशेष नंबर डायल कर रहा हूं!
923
इसके तुरंत बाद वहां स्मार्ट कुक स्टाल में रखा गैस बर्नर ऑन हो जाएगा।
हमें बेसब्री से इस शानदार टेक्नोलॉजी के धमाके का इंतजार है!
धमाका जोरदार हुआ–
बूम
इतना जोरदार कि मैक्सिको में खड़े जॉन ब्वॉय के कानों के परदे भी हिल गए–
ओ नो! ओ माई गॉड!
ये क्या हुआ?
इट्स इम्पोसिबल!



आग
आग
आग
मौत और आतंक जब भी अपना खूनी जबड़ा फैलाते हैं तो उन जबड़ों का मुंह तोड़ने के लिए...
... सर्पों पर झूलता हुआ...
... कोई हरा जिस्म हवा में सरसराता है...
... तब कोई बाधा उसे संकट स्थल तक पहुंचने से नहीं रोक सकती-
किसी भी आतंकवादी का मुंहतोड़ जवाब ...



...जिसे कोई ग्रीनमैन कहता है...
...तो कोई स्नैकमैन कहता है...
... तो कोई कहता है विश्व आतंकवाद का दुश्मन ...
... कोई हरी मौत –
नागराज!
नागराज
ये तो नागराज ही है!
पहली बार आमने- सामने देखा!
लोग तो कहते हैं कि इसके पास सांप होते हैं! मुझे तो नहीं दिखा!
इस भयंकर आग को शीघ्र काबू में नहीं किया गया तो ये पलक झपकते ही फर्स्ट फ्लोर पर बने मैक्सिको के इस पूरे ही पंडाल को राख का ढेर बनाकर दूसरे पंडालों तक भी पहुंच जाएगी!
भगदड़, धुएं और आग से सैकड़ों मौतें हो जाएंगी!
दिखा!
ह... हां! हां!
शीतनाग! बदन झुलसाती इस आग को अब सिर्फ तुम बुझा सकते हो! तुम्हारी ठंडी फुफकारों में बहते पानी को भी जमा देने की शक्ति है!


EXIT
ठहरो! मेनगेट की तरफ जाने के लिए भगदड़ मत मचाओ!
वो देखो! नागराज ने अपने ध्वंसक सर्पों से दीवार में विस्फोट करके वहां से भी बाहर जाने का रास्ता बना दिया है!
लेकिन अगर यहां से नीचे कूदे तो टूटी हड्डी-पसलियां लेकर घर पहुंचेंगे!
भाई साहब, हड्डियां आपकी नहीं, हमारी हैं, वरना कूद जाते!
उधर मेनगेट पर भी आग फैल गई है!
ऊंचाई बहुत ज्यादा है!
अब क्या करें हम?
कूद जाओ! कूद जाओ!
अब क्या करेगा, नागराज?
अरे! ये अंदर से स्नोफॉल की बर्फ जैसा क्या बरस रहा है!


नागराज के सांप शीतनाग ने बर्फ का फिसलन झूला बना दिया!
कोको बोंगों ने मुंह से सिगार के धुएं के साथ ही उगला वह विषैला अट्टहास-
आ हा हा हा! उस धमाके का जिम्मेदार मैं हूं जॉन ब्वाय!
मेरे आदमी ने गैस बर्नर के नीचे आर. डी. एक्स. फिट कर दिया था, जो तुम्हारी तकनीक से चिंगारी मिलते ही जबरदस्त विस्फोट के साथ फट गया! हा हा हा!
इसका मतलब तुम्हें बिजनेस पर्पज के लिए मेरे प्रोजेक्ट की जरूरत नहीं है! तुम उसका इस्तेमाल आतंकवाद फैलाने में करना चाहते हो?
यू रॉस्कल! ब्लडी मर्डर! तुम्हारे कारण वहां इंडिया में कई लोगों की जानें चली गईं!
और अब यहां तुम्हारी जाएगी।
मेरे हाथों!
फिलहाल तो तुम्हारी जान खतरे में है!
छपाक!!




खच्चाक!!
आह!
इंडिया में तुम्हारे स्टाल पर सब तुम्हें धमाका करते हुए अपनी आंखों से देख चुके हैं!
?
वहां तुम एक आतंकवादी घोषित हो चुके हो, जिसके कारण कई जानें गईं! कई घायल व अपंग हुए! करोड़ों का नुकसान हुआ!
मेरी बात पूरी सुने बिना गोली चलाते तो तुम अपने लिए फांसी का फंदा तैयार कर लेते!
तुम भारतीय पुलिस के शिकंजे से बच नहीं सकोगे! जॉन!
वो मैक्सिको पुलिस से तुम्हारा प्रत्यार्पण करने पर दबाव डालेगी!
अब सिर्फ एक ही सूरत तुम्हें आतंकवादी बनकर फांसी के फंदे पर चढ़ने से बचा सकती है!
?
तुम अपना ये आविष्कार हमें बेच दो!
हम दस लाख अमेरिकी डॉलर में तुमसे तुम्हारा ये नायाब आविष्कार खरीदने को तैयार हैं!


और अगर तुम्हें ये सौदा मंजूर है तो इसी समय 'हां' बोलो! उधर इंडिया में हमारा आदमी इस बम विस्फोट की जिम्मेदारी लेकर अपनी गिरफ्तारी दे देगा!
और यदि तुम थोड़ा समय सोचना चाहते हो तो तब तक हम तुम्हें अपने साथ रखेंगे! बड़ी हिफाजत के साथ! फैसला तुम्हारे हाथों में!
!
उधर इंडिया में मैक्सिको के पंडाल में लगी आग तो बुझ चुकी थी, मगर एक आग नागराज के जेहन में भड़क उठी थी-
कई बेगुनाह लोग मारे गए!
मासूम बच्चों की इन नृशंस हत्याओं का जिम्मेदार मैं हूं, क्योंकि विश्व से आतंकवाद की जड़ों को खोद डालने का प्रण लिया है मैंने! और मैं अभी तक भी अपने उद्देश्य में कामयाब नहीं हो सका!
उफ! ये आतंकवाद!


नागराज! पुलिस के जासूस कुत्तों को ये बैग मिला है!
उन्होंने इसमें विस्फोटक गंध सूंघ ली है! बैग में विस्फोटक के कण पाए गए हैं!
साफ जाहिर है कि विस्फोटक इसी बैग में अंदर लाए गए!
अब ये पता करने के लिए इसे ट्रेड फेयर में और पंडाल में कौन लाया, हम क्लोज सर्किट कैमरों की रिकॉर्डिंग की मदद लेंगे!
ये कैमरे ट्रेड फेयर के एंट्रेंस से लेकर पंडाल के एंट्रेंस पर भी लगे हैं!
हमें वो आदमी जल्दी ही दिख जाएगा!
इस व्यक्ति के हाथ में है वो बैग। यही है वो!



इंस्पेक्टर रुस्तम ने तुरन्त ही उस व्यक्ति का पता लगाया-
स्टाल में दूसरे गैस बर्नर्स की सप्लाई इसी आदमी ने की थी! इसका नाम डिमेलो है!
इंस्पेक्टर रुस्तम एक क्षण भी चूकना नहीं चाहता था-
एयरपोर्ट, सभी बस अड्डों, रेलवे स्टेशन, टैक्सी स्टैंड्स पर बाज जैसी निगाह रखो!
अगर ये आदमी डिमेलो हमें अपने घर में नहीं मिला तो हो सकता है ये इन्हीं जगहों से दिल्ली छोड़ने की फिराक में हो!
इंस्पेक्टर रुस्तम को डिमेलो अपने कमरे में ही मिल गया! मगर-
ओ... ह! व... वो... स... सांप...
ओह! हमसे पहले नागराज यहां पहुंच गया!
काश! मैं उस बम विस्फोट से पहले पहुंचा होता!


MEXICO
लेकिन अब इस घटना के जिम्मेदार जॉन ब्वॉय को मैक्सिको से दिल्ली प्रत्यार्पण मैं नहीं होने दूंगा जैसा कि पुलिस चाह रही है!
मैक्सिको सिटी के पूर्वी भाग में स्थित, बनितो जुआरेज इंटरनेशनल एयरपोर्ट-
BENITO JUAREZ INTERNATIONAL AIRPORT
मैक्सिको! अब यही था नागराज का अगला पड़ाव-
डिमेलो भाड़े का टट्टू था! मैक्सिको में फैले आतंकवाद के जाल का कोई सुराग नहीं मिला!
XICO
लेकिन उसके मोबाइल पर किसी कोको बोंगो द्वारा भेजा गया मैसेज था, जिसमें उसने डिमेलो को इस काम की जिम्मेदारी सौंपी थी!
टैक्सी!
जॉन ब्वाय और काको बोंगो!
मैक्सिको में मेरे शिकार!
बुरी मौत मरेंगे!
13



अचानक टैक्सी रुक गई, और-
अरेरेरे! कौन हो तुम लोग?
हा हा हा! हम कौन हैं अभी बताते हैं! अंदर तो आने दे!
मैक्सिको में नया आया है!
ओफ्फ!
धड़
फुर्जी, बता इसे हम कौन हैं?
यहां इसे एक्सप्रेस किडनैपिंग कहते हैं!
मैक्सिको में टैक्सी किराए पर लेने से पहले टैक्सी ड्राइवर का बैज और उस पर उसका फोटो जरूर देखना चाहिए!
वरना तुम्हारा पाला हमारे जैसे टैक्सी रॉबर्स से पड़ेगा!
हमारा काम तेरे जैसे शिकारों को पूरे शहर में घुमा-घुमाकर क्रेडिट कार्ड्स और ए.टी.एम. कार्ड्स से पैसा निकलवाना होता है!
चल! अपना वॉलेट निकाल! कितने ए.टी.एम. और क्रेडिट कार्ड्स लेकर आया है इंडिया से?


आ! तू सभी रख ले! तुझे जितना चाहिए, इनसे उतना जहर कैश करा लेना!
अपनी मौत के लिए!
स... सांप!
और चाहिए? मेरे पास बहुत है!
हिस्स!
फुस्स!
टैक्सी ड्राइवर का बैज और उस पर उसकी फोटो देखने की जरूरत आम आदमी को है!
आहSSS
नागराज को...


तुम्हारे जैसे और भी बहुत होंगे, लेकिन शायद मैं सभी से ना मिल पाऊं!
...नहीं!
न... नाग जैसा इंसान?
हां!
नागराज!
समझा देना सिटी के बाकी टैक्सी रॉबर्स को भी!
और तुम्हें कोको बोंगो समझाएगा नागराज!
तुम कोको बोंगो को कैसे जानते हो?
टैक्सी रोबरी की कमाई का सारा पैसा उसी की तिजोरी में जाता है! ये टैक्सी भी उसी की है!
यहां बेनितो में उसी की हुकूमत चलती है!
अब पुलिस के आने तक बेहोश हो जाओ!
मैं कोको बोंगो के करीब पहुंच रहा हूं!
मुझे यकीन है कि ऑल ब्वाय से मेरी मुलाकात भी जल्दी ही होगी!
CITY
3 MILES



फिलहाल उससे मुलाकात का समय कोकोबोंगो का था-
हमारा दिया चौबीस घंटों का समय पूरा हो गया जॉन ब्वॉय! अब हम तुम्हें और यहां अपने पास नहीं रख सकते!
बाहर सड़कों पर मैक्सिको की पुलिस कुत्तों की तरह तुम्हें ढूंढ़ती फिर रही है!
तुम्हारी सॉफ्टवेयर कंपनी पर पुलिस की रैड हो चुकी है! तुम्हारा घर पुलिस के कब्जे में है!
मैक्सिको की पुलिस तुम्हें इंडिया नहीं भेजना चाहती! तुम्हारे शूट एट साइट के ऑर्डर जारी हो चुके हैं!
अब तुम्हें दुनिया की कोई ताकत नहीं बचा सकती!
हां! अभी भी वक्त है! यदि तुम तुरन्त हमारी बात मान लो तो इंडिया में हमारा आदमी उस बिस्फोट की जिम्मेदारी ले लेगा, और तुम बच जाओगे!



मुझे ऐसी जिन्दगी नहीं चाहिए, जो सैकड़ों लोगों व कई देशोंकी तबाही का कारण बने। तुमने धोखे से मेरी तकनीक का प्रयोग ट्रेड फेयर के धमाके में किया, मगर अब मैं अपने सॉफ्टवेयर की तकनीक तुम्हें तुम्हारी आतंवादी हरकतों के लिए हर्गिज नहीं सौंपूंगा!
मेरा तो अब जो होगा सो होगा, लेकिन मैं तुम्हें भी जिन्दा नहीं छोड़ूंगा!
पकड़ो इस हरामखोर को!
लेकिन इससे पहले कि गनों के ट्रेगर दब पाते-
नाग?
नाग नहीं, नागराज कहो!


इंडिया में डिमेलो को तुमने ही सांप से मारा था?
और यहां आते ही फुर्जी का गैंग का भी धंधा बंद कर दिया!
मैं यहां आया तो तुम्हारी और जॉन ब्वॉय की सांसें बंद करने था, लेकिन यहां आने पर तुम्हारी बातें सुनकर जॉन की बेगुनाही साबित हो गई! और जो गुनाह तुमने किया है, उसकी सजा तुम्हें मैं दूंगा!
फोन कोको का था-
बज रहा था-
BIG BOSS calling
जॉन ने खामोश होकर कॉल रिसीव की-
फोन उठाने में इतनी देर क्यों लगा दी केबी! कहां रहते हो? वो हराम-खोर जॉन स्मार्ट कुक टेक्नोलॉजी तुम्हें देने को तैयार हुआ या नहीं? मुझे पता है ये काम तुम्हारे बस का नहीं...
...फोन उस हरामखोर के कान पर लगाओ! मैं उसके घर से उसकी पत्नी जैली और उसके चार और पांच साल के दोनों बच्चों विकी और बैनी से उसकी बात करवाता हूं!


मैं चाहूं तो तुझे अपने किसी नाग से डसवाकर...
... या तेरी सांसों में विष फुंकार फूंककर तुझे पलक झपकते भयानक मौत के हवाले कर दूं!
लेकिन नागराज तुझे तड़पा-तड़पाकर मारेगा!
मेरी आंखों ने वहां पंडाल में विस्फोट के बाद मौत का जो तांडव देखा था, वो मैं तुझे यहां भी दिखाऊंगा!
निर्दोष लोगों व मासूम बच्चों के कटे-फटे खून से सने लिथड़े अंग...
... उनके जले-भुने हुए जिस्मों के दर्द का अहसास मैं तुझे यहां भी कराऊंगा कोकोबोंगो! देख! कैसे मेरा ध्वंसक सर्प तेरे कंधों से तेरी बांह के चिथड़े उड़ाता है!


म... मेरा हाथ... मेरा हाथ?
मार दो!
इसको मार दो!
टुकड़े कर दो इसके!
खड़ाक



सांय
हिस्स!
हिस्स
थड़.
कटाक
नागराज का क्रोध बढ़ रहा था-
सांप! आह!
ये सांप कैसे छोड़ रहा है?
सांप नहीं, केंचुए होंगे!


किल!
किल हिम!
किल हिम!
धा
ड़!!
ये... ये नागराज है... हरी मौत है! विश्व आतंकवाद के सिर पर लटकती नंगी त... तलवार है!
आ... आह!
जॉन ब्वॉय!
उफ! इसने खुद अपनी कनपटी पर गोली चलाकर ये आत्महत्या की है!
मगर क्यों?
शायद इसने सू-साइड नोट छोड़ा है!



नागराज! अपनी जान की परवाह नहीं थी मुझे। लेकिन अपनी पत्नी जैली बच्चों, विक्की और बैनी के खून की कल्पना भी मेरा कलेजा हिला गई। उन्होंने मेरे परिवार को बंधक बना लिया था। मैं टूट गया नागराज। मैंने फोन पर उसे बता दिया कि मेरा सॉफ्टवेयर मेरे घर पर कहां रखा है। मैंने अपनी तकनीक उन्हें सौंप दी। असली गुनहगार कोई बिग बॉस है। अपनी तकनीक को आतंकवादियों के हाथ सौंप कर मैंने हजारों लोगों की जिंदगी खतरे में डाल दी है। मुझे जीने का कोई हक नहीं। मैं आत्महत्या कर रहा हूं। इस उम्मीद के साथ कि तुम मेरी हत्या का बदला बिग बॉस को तबाह करके जरुर लोगे और मैं जानता हूं कि तुम ऐसा करोगे। मैं अपनी पत्नी और बच्चों से भी माफी मांगता हूं।
जॉन!
यह तुमने ठीक नहीं किया जॉन! थोड़ा इंतजार और करते!
बिग बॉस तक पहुंचने के 'क्लूज' मुझे यहीं से मिलेंगे!
इस पासपोर्ट पर कोको की फोटो लगी है!
मगर इसमें उसका नाम रैक्स मर्फी लिखा है!
Name: RAX MURPHY
कोको के ड्राइविंग लाइसेंस पर भी उसका नाम वही लिखा है... रैक्स मर्फी!


इसकी जेब से मिले इस कार्ड का क्या मतलब है?
इसको समझना पड़ेगा!
और ये काम मैं इस रेस्तरां में...
सिंबोलिक सा लगता ये कार्ड अपना परिचय खुद देता हुआ सा लग रहा है!
RANITA cantina
...दूध सिप करते हुए करूंगा!
एक गिलास फ्रेश गर्म दूध!
आं... दूध?
दूध नहीं समझते क्या?
अ... ओके... ओके सर!
नागराज जानता था उसकी हैरानी की वजह! ये कैंटिना बार था! मैक्सिको में हर कैंटिना बार में केवल 'वाइन' का पैसा लिया जाता है! उसके साथ कुछ भी खाने की कीमत नहीं ली जाती-
और नागराज जानता था कि उसे एक गिलास दूध की कीमत भी 'वाइन' चार्ज के रूप में ही देनी पड़ेगी-
सर आपका दूध!
थैंक्स!


गाय और बैल शांत प्राणी होते हैं! इस कार्ड में शायद एक फुंफकारते हुए सांड को 'इंडिकेट' किया गया है!
फुंफकारते हुए सांड का मतलब फाइटर बुल हो सकता है!
ऊपर की तरफ दो सींग हैं और लटके हुए उस फाइटर बुल के कान हो सकते हैं!
मैं 'V' पर अटका हूं!
इसका यहां क्या मतलब है?
नो!!
आह!
नो!
नखरे क्यों दिखा रही है! अरे, अमृत है पी ले!
वो पीना नहीं चाहती! छोड़ दो उसे!
ये लोग जबरदस्ती! उफ! मैं शराब नहीं पीती!


ऐ! चल! दफा हो!
मुझे पिस्तौल दिखा रहे हो?
सांप!
ये है मेरी पिस्टल!
मेरा नाम रिया है! मैं नृत्य करती हूं! तुम विदेशी हो कहां से आए हो?
इंडिया से!
मैं तुम्हारे किसी काम आ सकूं तो इसे अपना सौभाग्य समझूंगी!
इसे पहचानती हो?
अरे! इस निशान को कौन नहीं जानता!
वाह! तुमने तो कमाल कर दिया! सांप देखकर सबकी पैंटें ढीली हो गईं!
ये मैक्सिको सिटी के विक्टर प्लाजा का 'लोगो' है! वहां दुनिया का सबसे बड़ा बुल फाइटिंग रिंग है! 40,000 कैपेसिटी के साथ!
थैंक्यू!
29


ना जाने क्यों मुझे लग रहा है कि कोको उर्फ रैक्स का इस बुल फाइटिंग रिंग से कोई खास संबंध है!
और ये संबंध मुझे उस हत्यारे बिग बॉस तक पहुंचा सकता है, जिसके लिए किसी की जिन्दगी कीड़े-मकौड़े से अधिक मायने नहीं रखती!
रैक्स अब कभी बुल फाइट नहीं कर पाएगा! ये बात उसके भाई रिकी को पता नहीं लगनी चाहिए! रिकी कहां है! उसे बुलाओ! फाइट शुरू करनी है! बहुत शौक है उसे इस फाइट का!
ओह, रिकी! तुम कहां थे? आज बुल फाइट के लिए तुम्हें आना होगा!
मेरा भाई रैक्स कहां है, बिग बॉस?
वो अब कभी बुल फाइट क्यों नहीं कर पाएगा? अभी-अभी तुमने कहा!
ओह, तुमने सुन लिया! मैं तुम्हें बताऊंगा!


बैंग
लेकिन बिग बॉस!
यकीन करो! रैक्स ठीक है! फाइट के लिए घंटा बज चुका है! चालीस हजार लोगों को बुल फाइट का इंतजार है!
फिलहाल तुम फाइट पर जाओ! ये तुम्हारी पहली फाइट है!
तुम्हारा नाम एनाउंस कर दिया गया है!
लोग शोर मचा रहे हैं!
रिकी
बिग बॉस! ये... ये आपने क्या? आपने रिकी को बुल रिंग में उतार दिया!
हां, रिया! तुम्हारा भाई कब से ये सब करना चाहता था! आज रैक्स की अनुपस्थिति में मैंने उसे ये मौका दे दिया!
फ्रैंक! किल हिम! अगर वो रिंग से बचकर आया तो रैक्स के बारे में पूछेगा! हमें उसके बारे में बताना होगा और अपने काम के बारे में भी!
ये जानकर वो बुल की तरह बिफर जाएगा!
रिकी
रिकी



वो पूरी तरह से ट्रेंड नहीं है! ये खतरनाक खेल है!
बॉक!!
उसे वापस बुलाओ!
अब फाइट खत्म होने तक प्रतीक्षा करो!
नागराज को भी फाइट खत्म होने की प्रतीक्षा थी-
ये रोमांचक लड़ाई है! पर खतरनाक!
बॉक!!!
रिक्की रिक्की रिक्की
आह
बॉक
वो उसे मार डालेगा। रिक्की को वापस बुलाओ बिग बॉस!
लड़ाई में रोमांच और बढ़ने जा रहा था-


चालीस किलो की रिया तीन सौ किलो के बुल को खींचने की चेष्टा कर रही थी-
ब्रॉम
हट शैतान ! इधर मुझसे मुकाबला कर !
आह
रिया !
धाड़
बेवकूफ लड़की ! तुम रिंग में क्यों आई ?
य... यही सवाल तो मैं भी तुमसे पूछना चाहती हूं !
रिक्की ! दो सांडों को और रिंग में छोड़ा जा रहा है !
ऐसा आज तक नहीं हुआ ! उफ ! क्यों रिया !
ब्रोंक
आह
थड़
थड़
उफ !
सर्प रस्सी बड़ी तेजी से बुलों की ओर लहराई थी-
अरे सांप कहां से आ गए ?
थड़
नागरस्सी पर झूलता हुआ कोई और भी आया था-
थड़
33


नागराज! ये तो नागराज है! ये यहां कैसे आया?
ये वही है! नागराज!
इसने रेस्तरां में मुझे गुंडों से बचाया था!
ब्रोंक
धाड़
तुम दोनों रिंग से निकलो! मैं इन्हें संभालता हूं!
मगर तुम्हें अकेले छोड़कर...
वो मुंह से क्या छोड़ रहा है?
विष फुंकार!
उससे बुल बेहोश होकर गिर रहे हैं! वो कोई विलक्षण मानव है!
फ्फ्स्स्श
उफ!
34


उफ़!
आग हमें जला डालेगी और ये हमें कुचल डालेंगे! अब हमें मौत से केवल भगवान ही बचा सकता है!
दगड़ दगड़
तुम अनाड़ियों की तरह लड़े! ये रिंग तुम्हारे लिए नहीं बना!
मेरा भाई रैक्स ये लड़ाई लड़ता है! मगर आज वो नहीं आ पाया तो मैं रिंग में उतर गया!
तुम्हारा भाई रैक्स?
चटाक



रैक्स मर्फी!
हां! तुम उसे कैसे जानते हो?
धाड़.
ब्रांक
क्या ये उसी का लाइसेंस है?
हु... हां!
कहां है रैक्स? उसका ड्राइविंग लाइसेंस तुम्हारे पास कैसे पहुंचा?
वो मारा गया है!
वो मेरे हाथों मारा गया है!
तुम लोग जल्दी से बाहर निकल जाओ! मैं इन्हें रोकता हूं!
तुम... नागराज! मैंने तुम्हें मित्र समझा! तुम मेरे भाई के हत्यारे निकले!
धाड़



कोई भी अपराधी किसी का बेटा, भाई या बाप नहीं होता! उफ!
वो सिर्फ आतंकवादी होता है!
तुम्हारा भाई रैक्स आतंकवाद की दुनिया में कोको बोंगो के नाम से मशहूर था!
रैक्स तुम्हारा भाई था! मुझे उसकी मौत का अफसोस है! और अब मैं बिग बॉस की तलाश में हूं!
रैक्स आतंकवादी! उफ! मैक्सिको में आतंकवाद नहीं है!
इस बारे में मैं अभी कुछ नहीं कह सकता! उन्होंने हिन्दुस्तान में धमाके किए थे!
हां! बिग बॉस कह रहा था कि रैक्स अब कभी बुल फाइट नही लड़ पाएगा! उसे उसकी मौत का पता लग गया था! वो मुझे बताना नहीं चाहता था, क्योंकि तब उसे उसकी मौत का कारण भी बताना पड़ता!
कारण के साथ ये भी बताना पड़ता कि रैक्स उसके लिए काम करता था! और शायद इसलिए उसने मुझे यहां भेजा! और एक साथ कई बुल रिंग में उतारे, मुझ पर फायर फ्लेम छोड़ी! वो मुझे मारना चाहता होगा! ताकि मैं दोबारा रैक्स के बारे में उससे कोई प्रश्न ना पूछ पाऊं!
इसका मतलब बिग बॉस यहीं पर है!


फट
फट
फट
नागराज! वो बिग बॉस है!
हां, लेकिन वो तुम्हारे हाथ नहीं लगेगा!
मैंने विक्टर प्लाजा बुल फाइटिंग रिंग में चारों तरफ बारूद लगवा दिया है!
चालीस हजार लोगों की जिन्दगी मेरी उंगली के इशारे पर है! हा हा हा!
ये जॉन ब्वॉय की उसी टेक्नीक का प्रयोग कर रहा है, जिससे इसने रैक्स की मदद से इंडिया इंटरनेशनल ट्रेड फेयर के मैक्सिको के पंडाल में भयंकर विस्फोट किया था! उस विस्फोट में कई जानें गईं थीं!
और ये अपने हाथ में थमे मोबाइल से दुनिया के किसी भी कोने में रखे बारूद में विस्फोट करके हज़ारों लोगों की जानें खतरे में डाल सकता है!
हा हा हा! नागराज! या तो मुझे पकड़ लो या बचा लो चालीस हजार लोगों को! पांच मिनट तक यहां रहकर मैं भी देखूंगा कि तुम ये काम कैसे करते हो! हा हा हा!
हमारी जानें खतरे में हैं!


नागराज कंट्रोल रूम में पहुंचा-
कोई अपनी जगह से ना हिले! जो जहां है, वहीं बैठा रहे!
नागराज वापस रिंग के बीचो बीच आ पहुंचा-
क्या हुआ नागराज? सांप सूंघ गया क्या? हा हा हा!
RAJ Comics
अब तुम्हारे पास सिर्फ तीन मिनट बचे हैं! वरना चालीस हजार लोगों के साथ खुद अपनी मौत के लिए भी तैयार हो जाओ! हा हा हा!
ये... ये क्या? त... तुम पागल हो गए हो! मेरी चेतावनी भूल रहे हो!
सांय
मैं मोबाइल का नंबर डायल कर रहा हूं!
ब्ड़ूम



ये... ये क्या ? विस्फोट तो दर्शक दीर्घा के चारों ओर होना चाहिए था! मैंने चारों तरफ बम लगाए थे!
सोचा हुआ हर बार पूरा नहीं होता बिग बॉस!
धाड़
तेरे पापों का घड़ा भर चुका है! और जरा भी पाप समाने की जगह नहीं है उसमें!
भून दूंगा तुझे!
जिंग जिंग जिंग
गोलियां कम पड़ जाएंगी!
आह
बिग बॉस मुझे यह बता कि यह आतंकवादी तकनीक तूने किसलिए हथियाई, क्योंकि मैक्सिको में तो आतंकवाद की इतनी गहरी जड़ें है ही नहीं ?
हा हा हा! ठीक कहा नागराज! इस तकनीक को हथियाने का ऑर्डर मुझे वाशिंगटन से मिला था!
लेकिन अब ना तो तकनीक बचेगी ना मैं और ना तुम! बिना पायलट के इस हैलीकॉप्टर से मिलेगी सिर्फ मौत!



नागराज को तेरे साथ मरना कुबूल नहीं है बिग बॉस!
नहीं
गुडबाय बिग बॉस!
बूऽऽम
हे नागराज! तुम ठीक हो ना!
एकदम!
नागराज! तुमने बचाया हम चालीस हजार लोगों को!
और भयानक तबाही से भी!
नागराज जिन्दाबाद!
इस हरी मौत को देखकर मुझे यकीन हो रहा है कि विश्व से आतंकवाद का सफाया होने में अब अधिक देर नहीं है!
नागराज! दर्शक-दीर्घा में लगाए गए बम रिंग के बीच में कैसे पहुंच गए?
ये काम मेरे नागफनी सर्पों ने किया!
" जो सूक्ष्म रूप में मेरे शरीर से निकलकर भूमि के रास्ते बारूद की गंध सूंघते हुए बमों तक पहुंच गए-"
" और फिर उन बमों को वहां से हटाकर उन्हें रिंग में ले आए! जिससे धमाका रिंग की जमीन के नीचे हुआ-"



नागराज जैली, विकी और बैनी से मिलना नहीं भूला-
मैं जॉन को कभी नहीं भूल पाऊंगा! उसने परिवार व देश के प्रति अपना कर्तव्य निभाया।
सुबक
फिर मैक्सिको पुलिस हैडक्वार्टर में-
नागराज! मैक्सिको की सरकार तुम्हारी शुक्रगुजार है!
हमने बिगबॉस के एकाउंट्स को चैक कराया! उसमें वाशिंगटन डी. सी. से एक बड़ी रकम वायर ट्रांसफर हुई है!
इसका मतलब इसकी जड़ वाशिंगटन डी. सी. में है!
GATE NO. 12
विदा नागराज! फिर मिलेंगे!
हां, जरूर मिलेंगे नागराज!
नागराज फिर निकल पड़ा आतंकवाद के सफाए के अपने सफर पर-
समाप्त

आ गया है आतंकवादियों का यमराज

# नागराज

विश्व के जिस देश में आतंकवाद होगा, वहां
अपनी नागसेना के साथ नागराज होगा।

इस बार नागराज का निशाना है

## यू.एस.ए.
## वाशिंगटन डी.सी.




संजय गुप्ता पेश करते हैं!


# जहरीला बारूद

राज कॉमिक्स है मेरा जनून!

परिकल्पना - विवेक मोहन, क्षितिज
लेखक - संजय गुप्ता, तरुण कुमार वाही
पेंसिलिंग - ललित
इंकिंग - जगदीश कुमार
कलर इफैक्ट्स - साबिन, नगेंद्र, विश्वजया
संपादक - मनीष गुप्ता


दुनिया के सबसे मशहूर शहरों में से एक-
वाशिंगटन डी. सी. अमेरिका-
कहते हैं इस शहर में दो चीज़ें कभी चैन से नहीं बैठतीं-
व्हाइट हाऊस-
और एफ. बी. आई-
!
यात्रियों की बोर्डिंग रोक दो! तुरन्त!
एजेंट जूलिया! तुम ए. टी. सी. रूम से मुझे रिपोर्ट करो! गो! क्विक!
यस सर!
क्या नाम है इस आदमी का?
सर, कार्ल हूक!
उसका सिक्यूरिटी चैक किसने किया था?
मिस्टर लूथर ने!
कॉल हिम! इड्स अर्जेंट!
लूथर को अब कॉल नहीं किया जा सकता था-
ओह, नो! इसकी बहुत नृशंसता से हत्या की गई है!
कार्ल हूक विस्फोटक बेल्ट के साथ इसी की मदद से फ्लाइट में पहुंचा होगा!
सर! इसकी जेब से ये डॉलर मिले हैं!
ओह!


पैरी सर! मैं जूलिया! क्लोज सर्किट कैमरे की रिकॉर्डिंग में मैंने कार्ल को ढूंढ निकाला है!
यही कार्ल हुक है सर! देखिए! ये बेचैनी में बार-बार अपनी ठोढ़ी को सहला रहा है!
ये हो सकता है! क्यों मार्क! तुम्हारा क्या विचार है?
मैं आपसे और जूलिया से सहमत हूं सर!
सर! मैक्सिको से एयर मेक्सिकन की फ्लाइट-432 एयरपोर्ट पर उतरने की आज्ञा मांग रही है!
अभी उसे लैंडिंग की इजाजत नहीं दी जा सकती!
एफ. बी. आई. तेज तर्रार है-
उसे एयरपोर्ट पर चक्कर लगाते रहने को कहो! एजेंट जूलिया तुम मुझे यहीं से रिपोर्ट करती रहना!
क्लोज सर्किट कैमरों के जरिए यहां से मैं एयरपोर्ट के हर हिस्सों पर कड़ी निगाह रखे हूं सर!
चालाक है-
एजेंट मार्क! अब हमें ये सोचना है कि टेक ऑफ के लिए यात्रियों से भरी फ्लाइट नम्बर 648-बी को विस्फोटक बेल्ट लगाए आत्मघाती आतंकवादी के चंगुल से कैसे छुड़ाएं?
और इस काम में 'डिले' नहीं होना चाहिए!
और जल्द काम करने में विश्वास रखती है-


पर यह सब काफी नहीं-
ये फ्लाइट लैंड क्यों नहीं कर रही?
शायद कोई प्रॉब्लम है!
एयर ट्रैफिक कंट्रोल से ग्रीन सिग्नल नहीं मिला होगा!
वरना इस शहर में कभी मेरी जरूरत नहीं थी-
क... कृपया ध्यान दें! हम लैंडिंग के लिए तैयार हैं! लेकिन रन-वे फिलहाल ख... खाली नहीं हैं! ह... हम कुछ ही समय में ट... टेक ऑफ... ओह... आई एम सॉरी वाशिंगटन डी. सी. एयरपोर्ट पर लैंड करेंगे! सहयोग के लिए धन्यवाद!
शायद मैं इंतजार नहीं कर सकता!
अ... आप प्लीज अपनी सीट पर बैठे रहिए!
तुम्हारी आवाज की लड़खड़ाहट बताती है कि समस्या गंभीर है, और मुझे उस समस्या की सूचना चाहिए!
ब्रेकिंग न्यूज!
कार्ल हुक नाम के किसी आतंकवादी ने रन-वे पर टेक ऑफ के लिए तैयार खड़े प्लेन को हाईजैक कर लिया है!


उसने विस्फोटक बेल्ट बांध रखी है! और मांग पूरी ना होने पर वो विमान को यात्रियों सहित उड़ाने की धमकी दे रहा है!
लेकिन मैं आपसे कह रहा हूं कि आप सब लोग सुरक्षित हैं!
जरूरत पड़ी तो हम इस विमान को ड्यूल्स इंटरनेशनल एयरपोर्ट की बजाए रीगन नेशनल एयरपोर्ट पर लैंड करेंगे! आप घबराएं नहीं!
घबराना तो उस आतंकवादी को पड़ेगा! मिस्टर को पायलट! आप भी जाकर अपनी सीट पर बैठ जाएं और प्लेन को रन- वे पर खड़े अपहृत हवाई जहाज के ठीक ऊपर ले आएं!
AIR MEXICAN
क... क्या मतलब?
मतलब ये कि मैं यहां से नीचे खड़े अपहृत हवाई जहाज की छत पर कूदना चाहता हूं!
व्हाट?
व्हाट डू यू मीन?
फिलहाल समझाने का समय नहीं है!
अरे! विमान का दरवाजा खोल दिया!
पकड़ो उसे!
ये तो कोई पागल है!
क... कौन हो तुम?
नागराज
6


सॉरी ! असुविधा के लिए खेद है!
वो उड़ते प्लेन से नीचे कूद गया!
नीचे गिरकर उसके टुकड़े-टुकड़े हो जाएंगे!
जहाज एफ. बी. आई की निगरानी में है-
उफ! हम अभी तक कुछ नहीं कर पाए! वा? जेल में बंद अपने तीन साथियों की रिहाई और पचास लाख डॉलर की मांग कर रहा है!
हम आगे बढ़ने की कोशिश करते हैं तो वो किसी न किसी विमान यात्री को दरवाजे से बाहर फेंक देता है!
उसके द्वारा फेंके गए दो यात्रियों की टांगों और कंधों की हड्डियां टूट चुकी हैं!
हर स्थिति पर नजर रखे हुए है-
और वो वहीं गिरे तड़प रहे हैं!
पर अफसोस सिर्फ नजर रख सकते हैं-
'पैरा ट्रूपर्स' को भेजने की कोशिश नाकामयाब हो गई!
हैलीकॉप्टर की आवाज सुनकर वो गुस्से में आ जाता है!
ह... हेल्प! प्लीज हेल्प!




सर ! वो देखिए ! प्लेन के ऊपर से कौन आ रहा है ?
और... और सर उसका पैराशूट देखिए ! वो किस चीज का बना है ?
ये... ये कौन है ? और उफ ! वो पैराशूट नहीं है एजेंट टोरी मार्क ! वो... वो नागों का गुच्छा है ! सैकड़ों नागों का गुच्छा !
सर ! कोई है सर ! हवाई जहाज के ऊपर कोई है !
सर ! आतंकवादी को उसके आने का पता नहीं चला ! वरना वो फिर किसी को नीचे फेंक देता !
मैं इसे पहचान गया हूं !
नाग मतलब !
नागराज !
उसने लगेज डोर खुला छोड़ दिया-
या बंद करना भूल गया होगा-



पर अब ये भूल वो नहीं भूलेगा-
सिर्फ पांच मिनट रह गए हैं!
सिर्फ पांच मिनट!
अब मैं तुम लोगों को और टाइम नहीं दूंगा!
अपराध उन्मूलन के लम्बे सफर के इस दौर में मेरी एक नई विचारधारा बन गई-
तेरे पास टाइम बचा कहां है, जो तू किसी को देगा!
ये कौन है?
कैसा विचित्र सा!
हर किसी को सुधरने का मौका मिलना चाहिए-
मैं इस हवाई जहाज को उड़ा दूंगा!
लेकिन इन्होंने हर बार मुझे गलत साबित किया-


सांप ही सांप !
आं !
सांप !
हैं !
हवाई जहाज को उड़ाने का काम पायलट को ही करने दें !
कुछ अपराधी कभी नहीं सुधरते–
मैं यही सोच रहा था कि इस ग्रीन स्नेक मैन के बारे में कहीं सुना है? याद आ गया! ये नागराज है! कलाइयों से सांप छोड़कर आतंकवादियों को मारता है!
नागराज को रोकना होगा, वरना वो उसे मार डालेगा!
और हम उस ग्रुप तक नहीं पहुंच पाएंगे!


दुनिया का आठवां अजूबा!
वाऊ! ये अद्भुत है!
ऐसे आतंकवादियों के लिए एक ही सजा होनी चाहिए-
सजा-ए-मौत-
कड़ंक
आं... हिच्च!
तुमने इसे मार डाला नागराज?
हां! जो किसी से जीने का हक छीनेगा, नागराज उससे उसके जीने का हक छीन लेगा!
जानते हो तुम्हारी जरा सी चूक की वजह से सभी यात्रियों की जान जा सकती थी!
और आपकी जरा सी देरी से भी!


सर! इसमें जान बाकी है!
लीजिए! अब आपके पास एक अवसर है!
आप चाहें तो इसकी जान बचा सकते हैं!
इसे लेकर जाओ!
फौरन!
वूअ वूअ
आई एम असिस्टेंट डायरेक्टर ऑफ एफ. बी. आई. पैरी कर्लटन!
मिस्टर नागराज तुम्हें भी मेरे साथ चलना होगा!
कुसुरवार बनकर या मेहमान बनकर?
वूअ वूअ
तुम चाहो तो मेहमान बन सकते हो!
लेकिन एफ. बी. आई. की मेहमाननवाज़ी किसी को पसंद नहीं आती!
मैं जानता हूं कि तुम विश्व आतंकवाद के खात्मे के सफर पर हो! यू. एन. ओ. के साथ विश्व की सरकारें भी तुम्हारे इस मिशन को 'सपोर्ट' करती हैं...


... और इसीलिए प्रत्येक देश के हर ट्रांसपोर्ट सिस्टम में तुम्हारे नाम की एक टिकट व सीट बुक रहती है!
क्लिक
क्लिक
यातायात के किसी भी साधन का प्रयोग करके तुम कभी भी कहीं भी आ-जा सकते हो!
वोऊ नागराज! तुम सांप कैसे छोड़ते हो?
उनको कहां रखते हो?
वेयर इज़ योर पिटारा?
सांप निकाल-कर दिखाओ नागराज?
लेकिन नागराज किसी दूसरे देश में पहुंचने की सारी औपचारिकताएं तो तुम्हें भी पूरी करनी ही होंगी!
पहले उस प्लेन की लैंडिंग तो होने दो जिसमें मैं मैक्सिको से यहां आया हूं!
आई मीन पासपोर्ट, वीज़ा, इमिग्रेशन, मेडिकल, वेक्सिनेशन!



फिर-
सॉरी नागराज!
तुमने एम. एम. आर. वेक्सिनेशन्स नहीं करवाया!
एम. एम. आर? मीजल्स, मम्पस और रुबैला?
मुझे उसकी जरूरत नहीं है मिस्टर पैरी! मेरी रगों में जो जहर दौड़ रहा है उसमें इन बीमारियों के विषाणु जिन्दा नहीं बचते!
मेरे पेपर्स में WHO का जारी किया हुआ मेडिकल सार्टिफिकेट भी है, जिसे आपने शायद देखा नहीं है या फिर देख-कर अनदेखा कर दिया है!
और अब मैं होटल जाना चाहूंगा!
कुछ मिनट रुको नागराज!
जूलिया!
जूलिया तुम्हें होटल पहुंचा देगी! विश्व से आतंकवाद मिटाकर तुम अच्छा काम कर रहे हो लेकिन मैं फिर भी तुम्हें कहूंगा कि एफ. बी. आई. के काम में तुम हस्तक्षेप ना ही करो तो तुम्हारे लिए अच्छा होगा!
डोंट वरी नागराज! दरअसल पैरी सर ये बर्दाश्त नहीं कर पा रहे हैं कि यहां अमेरिका में एफ. बी. आई. से बड़ी ताकत कोई दूसरी हो! तुम वाकई एक बड़ी ताकत हो!
मैं तो कुछ पल में ही तुम्हारी फैन हो गई!



अमेरिका में एफ. बी. आई. भी एक बड़ी ताकत है-
सर! उस आतंकवादी ने अपने जिन साथियों को छोड़ने के लिए कहा था, उनका कहना है कि वो ऐसे नाम के किसी आदमी को नहीं जानते!
वो लोग भी किसी आतंकवादी कार्यवाही में नहीं, 'ड्रग्स' सप्लाई करते हुए पकड़े गए थे!
और सर! उस आतंकवादी को डॉक्टर बचा नहीं पाए!
अगर नागराज बीच में ना आता तो शायद हम उसे जिन्दा पकड़ सकते थे!
या विमान यात्रियों सहित मुर्दा!
जूलिया क्या तुम नागराज को फेवर कर रही हो?
नहीं सर! आपकी तरह केवल एक संभावना व्यक्त कर रही थी!
ओ. के.! फिलहाल हो सकता है कि मिशन फेल हो जाने से बौखलाकर उसके वो साथी जिन्होंने लूथर को मारा, शहर में और कोई गड़बड़ करने की कोशिश करें!
तुम स्पेशल एलर्ट जारी करो और आते-जाते वाहनों की भी विशेष चैकिंग करो!
कोई फोर्स चाहे लाख तेज तर्रार हो-


बिना सर्च के कोई भी अंदर ना जाने पाए!
मुस्तैद हो-
इन बोतलों में क्या है?
परफ्यूम एंड वाटर, सर!
जाओ!
थैंक्यू!
कर्तव्य के प्रति निष्ठावान हो-
लिक्विड मैटीरियल पर किसी को शक नहीं हुआ बॉम्बर!
गुड! काम शुरू करो!
तुम्हारे पास ग्लिसरीन, ट्रायसिटोन ट्राइपैरोक्साइड जैसे घातक लिक्विड्स हैं...
.. इनको मिक्स करो!
16
कहानी 19 पेज से जारी


पर जुनूनी नहीं हो सकता-
मेरा नाम रॉबर्ट जंगी है! मेरे हाथ में पॉवरफुल लिक्विड बम है! बोतल को शेक करते ही ये फट जाएगा!
बीस मिनट में दस मिलियन डॉलर की डिमांड कर रहा है वो आत्मघाती आतंकवादी रॉबर्ट जंगी!
इतने हाई रैड एलर्ट के बाद भी वो बम ट्रेन में ले जाने में सफल कैसे हो गया?
सर! उसके पास लिक्विड बम था, जिसके बारे में किसी ने सोचा भी नहीं होगा!
सिर्फ जुनूनी ही ऐसा सोच सकते हैं-


वो पकड़ा जाएगा सर!
चलती ट्रेन में पैसा कैसे लेगा वो?
ऐसा कर सकते हैं-
तुम्हारे लिए खुशखबरी है टोरी मार्क!
आतंकवादी बी. बी. सी. चैनल के बाहर पैसे की डिमांड कर रहा है!
और वो इस दृश्य को चैनेल के जरिए अपने मोबाइल पर 'लाइव' देखना चाहता है!
TON
JULIA
जैसे ही जंगी के आदमी पैसा लेकर हैलीकॉप्टर पर उड़ जाएंगे! वो ट्रेन को मुक्त कर देगा! अगर हम एफ. बी. आई. वाले चार दिमाग रखते हैं तो ये आतंकवादी आठ दिमाग रखते हैं!
ओह नो!
सर! गुस्ताखी माफ हो, मगर आप भूल रहे हैं कि वाशिंगटन डी. सी. में एक सोलह दिमाग वाला शख्स भी मौजूद है!
व्हाट डू यू मीन?



मतलब-
मतलब शीशे की तरह साफ था-
नागराज-
अरे! उसे देखो!
सामने रेल ट्रैक पर कोई खड़ा है!
सांपों की रस्सी बनाकर उस पर झूलता हुआ ये कौन आ रहा है?
वो नागराज है!
हम ट्रेन को रोक नहीं सकते! वो आतंकवादी बम ब्लास्ट कर देगा!
व्हिसल दो!
वो नहीं हट रहा!
मैं इसे पहचान गया! सुबह टी.वी. पर देखा था! ये नागराज है!
स्नैक मैन नागराज!


नागराज हमारे लिए कोई मैसेज छोड गया है!
ठीक एक मिनट बाद ट्रेन की लाइट्स पांच सैकेंड्स के लिए ऑफ कर देना।
नागराज
चलती ट्रेन में घुसना मुश्किल काम नहीं है-
दस मिनट बीत चुके हैं! दस मिनट में पैसा नहीं मिला तो पूरी ट्रेन उड़ा दूंगा!
अरे! लाइट को क्या हुआ? कोई चाल है? मैं बम को फोड़ दूंगा! ओ... आह... धप्प!
न ही आतंकवादी को काबू में करना-
मुश्किल है इस बम को बिना फटे अपने कब्जे में करना-
क... कौन हो तुम?
नागराज



अ... उस बोतल में लिक्विड विस्फोटक है!
जानता हूं!
ये ध्वंसक सर्प हैं!
जो सूक्ष्म रूप से अब तेरे कानों के रास्ते अंदर घुसेंगे...
...और धमाके के साथ तेरी खोपड़ी उड़ाते हुए फटेंगे!
धम्म
खतरा टल गया! अब किसी को डरने की जरूरत नहीं है!
आतंकवादियों का यमराज! नागराज!


बम अभी भी एक्टिव है -
गुडलक! गुडबाय!...
मुझे इसे डिफ्यूज या नष्ट करना होगा-
...एंड हैव ए नाइस-डे!
हाथ से छोड़े कानों में घुसा दिए! स्नैकमैन? अन... बिलिवेबल!
व्हाट ए मैन!
नॉट ए मैन! ही इज ए ब्वाय!
सर, ये नागराज इंसान है या जिन्न? चलती ट्रेन में भी पहुंच गया!
ओ जस्ट शट अप जूलिया!
ट्रेन आकर प्लेटफार्म पर रुकी और जैसे ही उसके ऑटोमैटिक दरवाजे खुले-
कलाइयों से सांप छोड़कर मारता है! व्हाट ए स्नेकमैन!
स... सर! अब आप इतने लोगों को शटअप नहीं कर सकते!
नागराज!
नागराज!
बट... यू शट अप!
BROOKLAND


खनाक
ओ शटअप!
शटअप!
शटअप!
कौन है ये नागराज, जिसने वाशिंगटन डी. सी. में आते ही हमारी नाक में दम कर दिया है!
बॉम्बर! मैक्सिको से हमारे एजेंट का अर्जेन्ट फैक्स आया है!
ओह! शायद हमारे आदमियों ने स्मार्ट कुक सॉफ्टवेयर हासिल कर लिया है!
गुड! इस वक्त मुझे उसकी सख्त जरूरत है!
गुट
गुट
फैक्स पढ़ो रिचर्ड!



अ... आप खुद ही पढ़ लें बॉम्बर!
MISSION FAILED BY NAGRAJ
AGENT. 07.
यहां भी नागराज!
नागराज एक के बाद एक हमारे बड़े- बड़े नुकसान कर रहा है!
मैक! इस कैमिकल को बनाने में तुम्हें और कितना वक्त लगने वाला है?
आज शाम तक ये इस्तेमाल के लायक हो जाएगा बॉम्बर!
इस बम को दुनिया का कोई भी बम- एक्सपर्ट डिफ्यूज नहीं कर पाएगा! और अगर नागराज आया तो ये बम उसके भी चिथड़े उड़ा देगा!
लेकिन उससे पहले एक विस्फोट मैं नागराज की शिकस्त के रूप में करूंगा।


terrorists - Google Image Search - Microsoft Internet Explorer
जूलिया! क्या एक छोटी सी चीज की सर्च के लिए तुम ड्यूटी पर सारा दिन खर्च करोगी?
लेकिन सर! अभी तीन मिनट हुए हैं मुझे सर्च करते हुए!
और चौथा मिनट खत्म होने में अभी बीस सेकेण्ड बाकी हैं! कुल चार लोगों की डिटेल मिली है लेकिन इनमें से एक हो सकता है जिसकी हमें तलाश है!
ये वो आदमी है सर!
इसका नाम पीटर बर्गर है!
तरह-तरह के बम बनाने में एक्सपर्ट है! आतंकवाद की दुनिया में ये बॉम्बर के नाम से भी कुप्रसिद्ध है!
JULIA
छः महीने की जेल भुगत चुका है!
जेल से छूटने के बाद सुना गया था कि ये आतंकवादी बन गया है! इसमें देशभक्ति जैसी कोई चीज नहीं है!
लेकिन उसने किन लोगों के कहने पर जेल में बंद कैदियों को छोड़ने की डिमांड रखी, ये कहना मुश्किल है!
इतना भी काफी है!
बस इससे अधिक इस आदमी के बारे में मैं आपको नहीं बता सकती!


नागराज के लिए उतना काफी नहीं था-
कौन है इन विस्फोटों के पीछे ?
कैसे पहुंचूंगा मैं इंसानियत के उस दुश्मन तक-
क्योंकि जब तक जहरीले पेड़ की जड़ को नहीं काटूंगा, शाखाएं फूटती रहेंगी-
ओह ! ये क्या ?
किसी भी अनहोनी को होने से रोकने के लिए मैंने अपने जासूस सर्पों को इस क्षेत्र में फैलाया था-
उनमें से एक के मानसिक संकेत मुझे प्राप्त हो रहे हैं-
यानी उस ओर फिर कोई खतरा सिर उठा रहा है-
जासूस सर्प के मानसिक संकेत इस ओर से आ रहे हैं-


वो रहा मेरा जासूस सर्प-
शॉपिंग मॉल में-
WIN
NINA RICCI
हा हा हा! आ गया तू नागराज! मुझे तेरा ही इंतजार था!
देख मेरा अंगूठा! मैं एक्सप्लोसिव के डिटोनेटर को दबाकर उसे एक्टिव कर चुका हूँ!
अब बचा सके तो बचा इस विस्फोट को!
इस बटन से मेरा अंगूठा हटते ही भयानक विस्फोट होगा और पूरी इमारत मलबे का ढेर बन जाएगी!
तू कुछ नहीं कर सकता नागराज! तू कुछ नहीं कर सकता! तू मुझे मार भी नहीं सकता! क्योंकि तब भी तू मेरा अंगूठा बटन से हटने से नहीं रोक पाएगा! मैं बटन से अंगूठा हटा रहा हूँ!
भागो!
ये बिल्डिंग उड़ा देगा!
अब कोई नहीं बचेगा। नागराज देख! अब कोई नहीं बचेगा!


बचेगा क्यों नहीं!
अगर मैं चाहूं-
सब बचेंगे।
तो इसे जिन्दा पकड़ सकता हूं-
सिर्फ तू मरेगा!
खनाक!
अगर मैं चाहूं तो-
बम शक्तिशाली था-
आसपास की कई इमारतों के शीशे चकनाचूर हो गए होंगे-
बूम
हिस्स
उम्मीद है एफ. बी. आई. 'इसका' बुरा नहीं मानेगी-
नागराज! तुम हर बार उस जगह क्यों होते हो जहां विस्फोट के लिए कोई आतंकवादी पहुंचता है?
सर! नागराज का ये गुण दुनिया की हर पुलिस को उससे सीखना चाहिए!
तुम चुप रहोगी!
य... यस सर!


नागराज ये लो!
ये क्या है?
ये एयर टिकट, जो दुनिया के हर देश में तुम्हारे लिए हर फ्लाइट में बुक रहता है! तुम वाशिंगटन डी. सी. छोड़कर जा रहे हो!
मुझे पैरी से यही उम्मीद थी-
अरे!
नागराज वाशिंगटन डी. सी. में रहेगा!
?
पर वाशिंगटन के लोगों से यह उम्मीद नहीं थी-
मिस्टर पैरी कर्लटन! नागराज का टिकट सैर-सपाटे के लिए बुक नहीं रहता। नागराज यहां से जाएगा जरूर, मगर आतंकवाद के जिम्मेदार लोगों का अंत करके!
एक बार फिर कोई सुराग हाथ नहीं लगा-
उस आतंकवादी से कुछ जानकारी मिल सकती थी मगर-
मार्क तुम?
ठहरो नागराज!


हां नागराज! वास्तव में मैं तुम्हें बताना चाहता हूं कि जिसकी तुम्हें तलाश है, उसका नाम बॉम्बर है!
मरने से पहले प्लेन वाले उस आतंकवादी कार्ल हुक ने मुझे एक पता बताया था जो मैं तुम्हें दे रहा हूं! शायद यहां से बॉम्बर का कोई क्लू तुम्हें मिल सके!
तुम हीरो हो नागराज! मैं चाहता हूं बॉम्बर को खत्म करने का श्रेय भी तुम्हें मिले! इसीलिए मैंने ये बात 'सर' मिस्टर पैरी को भी नहीं बताई!
मैं चाहता हूं कि मिस्टर पैरी तुमसे ठीक से पेश आएं और तुम्हारा लोहा मानें!
अब मैं चलता हूं नागराज!
31 ब्रोड स्ट्रीट!
ब्रोड स्ट्रीट!
सर! आपका काम हो गया है! नागराज 31 ब्रोड स्ट्रीट आ रहा है!
मैं तुम्हें अगले मोड़ तक ले जा सकूंगी नागराज!
ज... जूलिया तुम?
मेरा तुमसे मिलना जरूरी था नागराज!
मैं तुम्हें बताना चाहती थी कि भले ही तुमने तीन बार आतंकवादियों के मनसूबों पर पानी फेर दिया!
लेकिन...?



... साथ ही अनजाने में तीन निर्दोष लोगों की मौत के जिम्मेदार भी तुम हो गए हो!
क्या मतलब? किन तीन लोगों की?
नागराज! बॉम्बर जिन लोगों को आत्मघाती बम बनाकर भेजता है! वास्तव में उन लोगों का कहीं कोई क्रिमिनल रिकॉर्ड नहीं है!
एफ. बी. आई. की इंवेस्टिगेशन में ये लोग सीधे- साधे काम- धंधे वाले लोग पाए गए हैं!
ये लोग किसी ना किसी कारण से मजबूर व हताश हैं, नागराज!
जैसे कार्लहुक ब्रेन ट्यूमर से ग्रस्त था!
रॉबर्ट जंगी को अपनी बेटी की किडनी के इलाज के लिए भारी रुपयों की जरूरत थी!
तीसरे का अभी कुछ पता नहीं!
मगर ये मेरा विश्वास है कि उसके साथ भी कोई ना कोई मजबूरी जुड़ी होगी!
!
बस! मुझे तुम्हें यही सूचना देनी थी! और ऐसा करके मैं अपना दिल हल्का महसूस कर रही हूं!
गुडबाय नागराज!
31 ब्रोड स्ट्रीट-
बस नागराज! वहीं रुक जाओ! तुम्हारा आखिरी पड़ाव आ गया है!
आखिरी पड़ाव?


हां ! मेरा नाम सोफिया है! इस वक्त मैं खुद एक लाइव बम हूं !
धाड़
मुझे 'मिथाइल नाइट्रेट' जैसा कोई केमिकल विस्फोट पिलाया गया है जो पानी और गर्मी से रिएक्ट करके विस्फोट पैदा करता है! इंसान की बॉडी में 95% वाटर होता है। मेरे शरीर में तापमान बढ़ाने के लिए मुझे कुछ दवाएं साथ में ही दी गई हैं!
मेरे शरीर का तापमान बढ़ रहा है। और ये सोफिया नाम के इस ह्यूमन बम के लिए डिटोनेटर का काम करेगा। तुम बचोगे नहीं नागराज! और तब तक तुम्हें रोके रखना मेरी ड्यूटी है!
मुझे अपनी मौत का ज़रा भी डर नहीं है सोफिया!
मैं तो तुम्हारी मौत से डर रहा हूं!
क्या मतलब ?
इस ड्राइविंग लाइसेंस को पहचानती हो ?
ये... ये तुम्हें कहां मिला ? ये मेरे पति हैरी थॉमस का है!
ये उस आदमी का लाइसेंस है, जो शॉपिंग मॉल में बम बनकर तबाही फैलाने आया था लेकिन मारा गया!
मारा गया ?
नहीं!
ये मुझे उसकी मौत से पहले घटनास्थल पर मिला था! इस पर 31 ब्रोड स्ट्रीट का पता लिखा था!
क्या तुम मुझे बता सकती हो कि तुम्हारा पति हैरी थॉमस तुम्हारे लिए कुर्बानी दे गया था या तुम उसके लिए कुर्बानी दे रही हो ?
ओ... ओ माई गॉड!


उसको फेफड़ों का कैंसर था। सेकेंड स्टेज! उसके इलाज के लिए पैसे जुटाने के लिए मैं किसी के कहने पर बम बनी!
और बॉम्बर ने तुम दोनों की मजबूरी का फायदा उठाकर तुम दोनों को ही बम बनने पर मजबूर कर दिया!
हैरी मर गया! मैं भी मर गई तो डिंकी और डैक का क्या होगा? वे दोनों ह्यूस्टन में रहते हैं!
म... मैं मरना नहीं चाहती नागराज!
म... मुझे कुछ हो रहा है! तेज जलन! जैसे लहू उबल रहा हो! मेरा खून बारूद में बदल रहा है!
मैं तुम्हें बचाऊंगा!
मैं तुम्हारी जिन्दगी के लिए कोशिश कर चुका हूं सोफिया!
नहीं! नहीं! मैं नहीं बचूंगी!
वूअ वूअ
तुम यहां से चले जाओ नागराज! मैं तुम्हें मरता हुआ नहीं देख सकती!
पागल मत बनो! डॉक्टरों की टीम डायलिसिस के जरिए तुम्हारा प्रदूषित खून बदल देगी!
हम सभी ब्लड ग्रुप के साथ ब्लड लेकर आए हैं! अगर तुम्हें अपना ब्लड ग्रुप मालूम है तो बताओ!
ओ!
यहां आने से पहले मैंने हॉस्पिटल फोन कर एम्बुलेंस को बुला लिया था-
तुम खतरे से बाहर हो सोफिया!
बधाई हो!
वो एक डॉलर पचास सेंट बेकार नहीं गए-


नागराज ! मैंने तुम्हें मारने की कोशिश की और तुमने मेरी जान बचाई !
ये जिन्दगी अब तुम्हारे लिए है नागराज !
ये जिन्दगी तुम्हारे बच्चों के लिए है !
तुम मुझे सिर्फ इतना बताओ कि बॉम्बर तुमसे संपर्क कैसे करता था ?
'ई-मेल' के जरिए !
मैं एक कंप्यूटर इंजीनियर हूं !
मैं उस कंप्यूटर व स्थान को आइडेंटिफाई कर सकती हूं नागराज जहां से मुझे वो 'ई- मेल' भेजे गए थे !
गुड ! तुम्हारी ये मदद इंसानियत के लिए भी बड़ी मदद होगी !
थोड़ा वक्त लगा, पर आखिरकार सोफिया ने उस शख्स का पता ढूंढ निकाला जिसका नाम है –
बॉम्बर–
आती ही होगी। बस आती ही होगी नागराज की मौत की खबर !
खताक
खबर की बजाए खुद नागराज चला आए तो ?
?


आह!
सांप!
सांय
सांय
नागराज! अच्छा हुआ जो तू यहां चला आया! मेरे हाथों ही लिखी थी तेरी मौत। सोफिया नामक बम तो तेरी मौत नहीं बन सकी...
... मगर नागराज अब तू खुद ही बम बनकर फटेगा! वाह! क्या नजारा होगा! काश, आज मारकोस स्पेन की जगह यहां होता! नागराज! बचा अपने आपको!
धाड़
खचाक!
भागो! ये जगह खाली कर दो! नागराज नाम का ये बम फटने वाला है! अब इस बम को कौन डिफ्यूज करेगा? हा हा हा!
सोफिया बता रही थी कि शरीर का तापमान बढ़ने के साथ ही शरीर बम की तरह फट जाता है-


DJ
हा हा हा! अब नागराज हमारा कुछ नहीं बिगाड़ सकता! हम एक जबरदस्त विस्फोट के साथ उसे मरता देखेंगे!
बॉम्बर! हैलीकॉप्टर झटके खा रहा है!
चैक करो!
बॉम्बर! नागराज सर्प रस्सी के सहारे हैली-कॉप्टर के नीचे लटका है!
क्या?
बूम
उफ! मेरे कई आदमी मारे गए! नागराज की मौत की कीमत तो मुझे चुकानी ही थी!


मैं तुम्हारा ही इंतजार कर रहा था बॉम्बर!
तुम फटे क्यों नहीं?
मेरे जिस्म में हजारों नागों के अलावा शीतनाग भी रहता है जिसने मेरे शरीर के बढ़ते तापमान को ठंडा करके नियंत्रित कर दिया और मेरा शरीर बम बनकर फटने से बच गया!
तुमने मुझे बचकर दिखाने का चैलेंज किया था! मैं तो बच गया! अब तुम बचकर दिखाओ बॉम्बर!
धाड़
हिस्स
बॉम्बर! मैं तुम्हारी मदद कर सकता हूं!
मैं तुम्हें बचाऊंगा बॉम्बर!


क्योंकि इतनी आसान मौत नहीं मरने देना चाहता हूं तुम्हें!
धड़ाम!
दूसरे की भावनाओं को कैश कराकर तूने उन्हें बेचैनी की मौत दी है...
जा भाग जा! अपना इलाज करा! दुनिया का सबसे खतरनाक विष मेरे दांतों से उतरकर तेरी रगों में पहुंच गया है!
नहीं!
खुली सड़क पर-
आम लोगों के बीच-
... मगर उससे भी भयानक मौत तुझे नागराज देगा बॉम्बर!
आह!
मैंने उसे भागने दिया था-
भाग बॉम्बर! तेरी गति बहुत कमजोर है! तू तो अस्पताल तक भी नहीं पहुंचेगा!
मुझे कुछ हो रहा है!
ताकि सारी दुनिया-
मैं पिघल रहा हूं!
एक आतंकवादी का हश्र देख सके-
कोई बचा... ओ... आ... ह!


हर आतंकवादी का यही हाल करूंगा! जो आतंक मचाएगा, उसे दूंगा भयानक मौत!
यही तो मानवता चाहती है, नागराज!
हम तुम्हारे उद्देश्य की कामयाबी के लिए प्रार्थना करेंगे नागराज!
मिस्टर पैरी! अब आप मुझे मेरा टिकट दे सकते हैं!
मुझे और शर्मिन्दा मत करो नागराज! मैंने तुम्हें समझने में भूल की!
तुम्हारी सूचना पर टोरी मार्क को गिरफ्तार कर लिया गया है! वो आतंकवादियों से मिला हुआ था!
एयरपोर्ट पर लूथर का कत्ल भी उसी ने किया था!
उसने मुझे दुश्मनों में फंसाने की कोशिश की!


मगर उसका दुर्भाग्य! हैरी के लाइसेंस के कारण मुझे पहले ही ब्रोड स्ट्रीट का पता लग चुका था! मार्क द्वारा ये पता बताते वक्त उसकी कनपटियों पर उभरी पसीने की बूंदों ने उसके झूठ व षड्यंत्र की चुगली पहले ही कर दी थी। मैं समझ गया था कि मेरा पाला फिर किसी मजबूर मानव बम से पड़ने वाला है और ये मजबूर मानव बम दुर्भाग्य से हैरी की ही पत्नी थी जिसे मुझे बचाना था!
और नागराज अब मैं तुम्हें अपनी मेहमान नवाजी के बिना वॉशिंगटन डी. सी. से नहीं जाने दूंगा! तुम भी ऐसी कोशिश मत करना! वरना...
मगर आपने ही तो कहा था कि आपकी मेहमान-नवाजी किसी को पसंद नहीं आती!
ये केस एफ. बी. आई. के लिए खत्म हो गया-
मेजबानी जूलिया के हाथों हो तो ऐसा नहीं हो सकता!
ओह! फिर ठीक है!
हा हा हा!
पर मेरे दिमाग में एक नाम अब भी गूंज रहा है-
मारकोस-
जल्दी ही मिलेगा नागराज स्पेन के सफर पर, जो मौत का एक और सफर होगा! आतंक-वादियों की मौत का सफर!
समाप्त

आ गया है आतंकवादियों का काल!

# आतंकहर्ता नागराज



जिसकी सर्पीली निगाहें
हर उस शैतान पर
लगी हैं जो किसी ना
किसी आतंकवादी
कार्यवाही में लिप्त है।

## सावधान

*इस बार नागराज का निशाना है-*

## स्पेन

संजय गुप्ता पेश करते हैं!

# दोहबर

राज कॉमिक्स है मेरा जनून!!

परिकल्पना - विवेक मोहन, क्षितीश
लेखक - संजय गुप्ता,
तरुण कुमार वाही
पेंसिलिंग - ललित कुमार शर्मा
इंकिंग - जगदीश कुमार
कलर इफैक्ट्स - नागेंद्र, विश्वजया,
शशांक, जॉन
सम्पादक - मनीष गुप्ता


"मैड्रिड, स्पेन
11.35 P.M."
"मैड्रिड, एक आम यूरोपियन शहर"
"आम यूरोपियन लोग-"
"और आम यूरोपियन अपराधी-"
पूरे स्पेन तो क्या, तीस सेकेंडों में पूरी दुनिया की कैसी भी कार चुराने में तेरा कोई जवाब नहीं है हैरिस्ट!
BR-DC-1984
बातें मत उड़ा, शैम्पेन उड़ा शैम्पेन!
"अपराधी-"
"यानी कुछ रास्ता भटके हुए लोग-"
Rock


"जो जीवन की सही राह पर नहीं चल पाते –"
श्यूऽऽम!!
क्या हुआ गैरी? बाहर क्या देख रहा है?
हां!
सारी शैम्पेन छलकी जा रही है!
म... मैंने बाहर से बड़ी तेजी से कुछ उड़कर जाता देखा!
हा हा हा!!
कोई हवा की सी तेजी से गुजर गया! सच!
सुपरमैन होगा!
"या कुछ ऐसे लोग जो सही राह पर चलना ही नहीं चाहते –"
सुपरमैन को गोली मारो! सुपरगर्ल को देखो!
हैरियट ब्रेक लगा!
स्वीट सिक्सटीन!



हा हा हा !
हम तुम्हें अपनी कार में छोड़ देंगे !
उ... ऊं...
ये बहुत हाथ-पांव चला रही है ! कार को गैरेज में ले चल हैरिस्ट ! जल्दी !
ये तो चांद का टुकड़ा है !
फुलमून बोल, फुलमून !
उं... उं...
हेनरी, गैरेज का शटर गिरा दे !
लो जी ! बंद हो गया शटर !
अब क्या गिराऊं ?
कपड़ा !
अबे कपड़ा ला इसके मुंह में ठूंसने के लिए !
हा हा हा !


लड़की की घुटी- घुटी सी चीख गैरेज से निकली-
हैल्प!
दूर- दूर तक सन्नाटा पसरा था! मदद को कौन आता?
वो हवा, जो अब तूफान बन गई थी-
उसके हाथों में थमी रस्सी तक फुंफकार रही थी-
आपस में गुंथे सांपों से बनी थी वो फुफकारती रस्सी-
सर्प रस्सी-
और सांप...
...मतलब...
...नागराज-
म... मैंने इसकी कलाई के पास सांप गायब होते देखे!
और थोड़ी देर पहले तू किसी हवा को गुजरते देख रहा था!
चाहता तो तुम्हें वहीं रोक देता जब तुमने कार की चोरी की थी!
लेकिन मैं तुम्हें तुम्हारे अड्डे पर पकड़ना चाहता था!


चोरी की बाकी कारों के साथ!
आतंकवादी तुम जैसे लोगों से ही खरीदते हैं चोरी की कारें, कार बम बनाने के लिए!
थड़
टन्न
टनाक
धड़ाक
मगर इस लड़की को उठाकर तुमने अपना गुनाह और बढ़ा लिया!
...!
तो सजा भी बढ़ गई!
खनाक
सजा तो तुझे मैं दूंगा! मैं हैरिस्ट! नम्बर वन कार चोर! और तू भाग भी नहीं पाएगा!
जिंग जिंग
मुझे उसकी जरूरत नहीं पड़ेगी!


"एक खूंखवार से खूंखवार अपराधी का भी हौंसला उसके हथियार में ही होता है"–"
"आधा हौंसला तब चला जाता है..."
"जब उसका हथियार बेअसर हो जाता है।"
7



"और बाकी..!"
"...हथियार गया–"
क... कौन हो तुम ?
"हौंसला गया–"
नागराज
सांप!
सांप!
म... मैंने कहा था ना कि मैंने इसके पास सांप देखे थे! वो हवा की तेजी से लहराने वाला भी यही था!
तुम्हारा क्या नाम है ?
र... रशल... न... नागराज!
वो काले पेंट ब्रुश का डिब्बा उठाओ और इन सबका मुंह काला करो!
ओह! तुमने मेरे मुंह की बात छीन ली, नागराज!



अपने साथ हुई बदतमीजी की सज़ा मैं भी इन्हें देना चाहती हूं!
मैं यहां स्पेन में मारकोस की तलाश में आया हूं!
क्या तुममें से कोई मारकोस के बारे में जानता है?
!
और सच बोलना!
वरना झूठ बोलने की सज़ा भी पाओगे!
न... नागराज!
म... मारकोस एक 'कांट्रेक्ट किलर' है! उसकी खबरें तो हमने पढ़ी हैं, मगर उसे आज तक किसी ने नहीं देखा!
नागराज! मैंने पुलिस को इनफॉर्म कर दिया था!
ओह! ये तुमने अच्छा किया!
जब तक पुलिस भीतर आई, नागराज अपने नागों को वापस बुला चुका था-
ऑफिसर! यही हैं वो चारों!
गिरफ्तार कर लो इन्हें!


!
और तुम नागराज हो!
रशल ने जब कंट्रोल रूम को तुम्हारे बारे में बताया तो मैं उसकी बात पर यकीन नहीं कर पाया कि तुम स्पेन में हो! इसलिए खुद चला आया!...
... तुम्हारे स्वागत को!
मैं असिस्टेंट पुलिस कमिश्नर स्मिथ-जो-टैके!
नागराज! तुम मुझे 'जो' कह सकते हो!
केवल जो!
इस सम्मान के लिए शुक्रिया जो!
यहां मैड्रिड में मैं तुम्हारी हर संभव मदद के लिए तैयार हूं!
मुझे आपकी मदद की दरकार है! क्योंकि मैं मारकोस के बारे में अधिक नहीं जानता!



लेकिन शायद नागराज के बारे में हर कोई जानता था-
मैड्रिड पुलिस यहां स्पेन में तुम्हारा स्वागत करती है, नागराज!
ये... ये सब?
?
रशल ने नेशनल पुलिस कंट्रोल रूम को तुम्हारे यहां होने की सूचना दी थी! उसे सुनकर जैसे मैं आया, शायद ये सब भी!
इसके बाल नाग की तरह खड़े हैं, शायद इसीलिए इसे नागराज कहते हैं!
बेवकूफ! इसके शरीर में नाग रहते हैं, इसीलिए इसे नागराज कहते हैं!
POLICIA
197
NATIONAL POLICE
11



आज नागराज 'जो' के साथ था-
नागराज! मारकोस अकेला नहीं है!
ये कुल पांच कुख्यात लोगों का ग्रुप है, जिसे 'माम्बर' के नाम से भी जाना जाता है!
माम्बर का 'एम' यानी मारकोस इस ग्रुप का लीडर है! ए. यानी आर्चर, फिर एम. यानी मर्डी शूटर, बी. फॉर बूचड़ और आर. यानी रिचर्ड! ग्रुप में मारकोस के बाद इसी का रुतबा है!
ये लोग आतंकवादियों के लिए भी काम करते हैं! भौगोलिक जानकारी ना होने के कारण आतंकवादियों के लिए ऐसे कुख्यात अपराधी ग्रुपों से अपना काम निकलवाना ज्यादा सुविधा-जनक और सस्ता रहता है!
आज वानाडोना स्टेडियम में मेक्सिको और ब्राजील की टीमों के बीच कोपा अमेरिका फुटबॉल मैच है!
विश्वसनीय सूत्रों से पता चला है कि मेक्सिको के 'फ्री किक मास्टर रॉबिनसन की हत्या की कोशिश की जा सकती है!
रॉबिनसन आतंकवादियों की हिट लिस्ट में है!


MAXICO v/s BRAZIL
ये मैच मेक्सिको के लिए बहुत महत्त्वपूर्ण है!
'सेकंड हाफ' में दोनों टीमें बराबरी के स्कोर पर जूझ रही हैं!
मैच रोमांचक स्थिति में है!
और यहां अगर ऐसी कोई कोशिश होती है तो उसके पीछे मारकोस का ही दिमाग होगा!
ये केस मैं हैंडिल कर रहा हूं!
इसीलिए मैं तुम्हें भी यहां अपने साथ ले आया!
BOO


"टारगेट तक पहुंचने के लिए गन की लेजर बीम दर्शकों के बीच से होकर गुजरी है-"
"और जाकर टारगेट पर फिक्स हो गई है-"
"गोली बेआवाज चलेगी-"
थम्बा!!
च्यूम!!
"और निशाने पर ही लगेगी। अगर मेरा जिस्म गोली के सामने ना आ गया तो"
रॉबिनसन को पता ही नहीं चला कि क्या हुआ है-
अरे! ये मैदान में कौन आ गया?
ये सांपों की बनी रस्सी पर झूल रहा है!


!
"मेरी निगाहों ने ढूंढ़ लिया था हत्यारे को–"
टनाक!!
बचो!
ओह! कोई रॉबिनसन पर गोली चला रहा है!
SPAIN...
"जो' अपनी फोर्स सहित एक्टिव हो चुका है–"
"पर वह वक्त रहते हत्यारे तक पहुंच पाएगा या नहीं–"
फास्ट! वो स्टेडियम के ऊपरी हिस्से में है!
"इसमें मुझे संदेह है–"
"लेकिन हत्यारा अपनी कोशिशें बंद नहीं करेगा–"
!
फिंग
फिंग
"इसमें मुझे कोई संदेह नहीं–"


थम्ब!!
फुटबॉल बंदूक की गोली की सी तेजी से आकर सीधे हत्यारे से टकराई थी-
हत्यारा उस एक पल में ही ये समझ गया कि वो कम से कम नागराज द्वारा देखा जा चुका है -
कहानी 19 पेज से जारी


'जो' अपनी टीम के साथ पहुंच गया-
रुको! रुको! नीचे दूसरे लोग भी हैं! उन्हें गोली लग सकती है!
वो जा रहा है!
फायर!
खोपड़ी पर पड़ी फुटबॉल से बौखलाया हत्यारा आनन-फानन में निकल भागा-
नागराज! भीड़ का फायदा उठाकर हत्यारा निकल गया!
ये वॉलेट उसी हत्यारे का होना चाहिए!
ये तब गिरा होगा जब फुटबॉल लगने से वो उछलकर गिरा था!
क्या कमाल की किक थी!


इसमें ये कार्ड है!
ये मिलेनियम नाइट क्लब की मेम्बरशिप का कार्ड है!
फिर बाद में-
...!
नागराज! तुम्हारी फुटबॉल किक ने हमें अभी तक स्तब्ध कर रखा है!
?
हां!
क्या वाकई तुमने उस हत्यारे को निशाना बनाया था, जिसने मुझ पर गोलियां चलाईं?
सैकड़ों फुट दूर से सटीक निशाना था वो!
तुम कमाल के फुटबॉल खिलाड़ी हो नागराज! तुम नम्बर वन हो!
तुम्हारी किक फुटबॉल को सीधे 'गोल' में भेजेगी! क्या तुम हमारे लिए खेलोगे?
तुमने उनका दिल तोड़ दिया!
"मैंने नहीं तोड़ा उनका दिल..!"
"वो सही पहचाने थे कि नागराज खिलाड़ी है..!"
TICKETS


"लेकिन फुटबॉल का नहीं..!!"
"...आतंकवाद का !"
रशल से नागराज की ये दूसरी मुलाकात थी-
अरे, तुम !
हां ! मैं यहां काम करती हूं !
यहां आप मेरे मेहमान हैं !
POLICE
POLISIA
हमें इस कार्डधारी की तलाश है !
MILLENI
ओह !
तलाश पूरी होने को थी-
खट-खट
कौन है ?
रूम सर्विस !
अंदर आ जाओ !
सर कॉफी !
रख दो !



आं !
न... नाग !
ये नाग जरूर हैं, मगर निर्दोष लोगों को नहीं डसता...
धड़ड़ड़ाक !!
... वास्तविक नाग तो तुम हो, जो पूरी मानवता को डसना चाहते हो !
फिंच
आहऽऽऽ
उठो ! ये नागराज है ! स्टेडियम में फुटबॉल से तुम्हारा मुंह इसी ने सुजाया था !
ह... हां !
बताओ विलियम ! रॉबिनसन को किसके कहने पर मारना चाहते थे ?
मुझे मारकोस से आदेश मिला था, उसे आज तक किसी ने नहीं देखा !
वो एडवांस पेमेंट के साथ 'काम' एक पर्चे पर लिखकर किसी भी तरह अपने आदमियों तक पहुंचा देता है !


साशा के बारे में क्या जानते हो ?
हमें साशा कहां मिल सकती है ?
म... मैं बता सकता हूं !
स... साशा ! सुना है वो मारकोस की एक्स गर्ल-फ्रेंड थी ! मगर मारकोस ने उसे छोड़ दिया था ! तब से वो मारकोस का नाम भी सुनना पसंद नहीं करती !
"इसकी किस्मत अच्छी है कि रॉबिन्सन को कुछ नुकसान नहीं हुआ–"
"वर्ना'जो'इसे 'अरैस्ट' नहीं करता–"
कमाल है !
कैसा कमाल ?
"बल्कि मैं इसका 'एनकाउंटर' करता–"
'मारकोस' ऐसे अपराधियों से काम नहीं करवाता, जो थोड़ी सी मार या जान के डर से उसके या माम्बर के किसी भी एजेंट के बारे में कुछ भी बके ! लेकिन ये विलियम तो सबकुछ बकता चला गया !
मैंने उस पर सम्मोहन का प्रयोग किया था !
ओह !



साशा से तुरंत मिलना था नागराज को-
आगे जाम कैसा है?
किसी सॉफ्टवेयर कंपनी के साथ कोई लेबर का झगड़ा है! अपनी मांगों को पूरा करवाने के लिए लेबर यूनियन जुआन पिस्तो के नेतृत्त्व में प्रदर्शन कर रही है!
POLICIA
अपना विरोध जताने के लिए ये लोग हिलियम से भरे बैलून हवा में उड़ाएंगे!
WORK WITH PEACE
कंपनी में फैली अराजकता का पुतला फूंका जा रहा है!
PEACE
वो बड़ा बैलून हाथ में लिए जो खड़ा है वो ही है यूनियन लीडर जुआन पिस्तो! तोड़-फोड़ पर उतारू कंपनी की लेबर को उसी ने शांत कर रखा है! वो शांतिप्रिय इंसान है! गांधीवादी विचारों को मानता है!
जुआन पिस्तो के नेतृत्त्व में सैकड़ों गुब्बारे छोड़े गए-
वर्क विद पीस!
हम काम चाहते हैं विवाद नहीं!
ये शानदार नजारा है!
अगर कंपनी मालिकों पर इसका असर हो तब!
WORK WITH PEACE


फिलहाल उस डार्ट फायर का असर होना था-
और भयानक होना था-
मैंने डार्ट द्वारा बैलून को फोड़े जाते देखा है!
इसका मतलब बैलून में कोई ज्वलन-शील गैस भरी थी! शायद हाइड्रोजन और इस बात को वो डार्ट फायर करने वाला जानता था!
यानी कि ये साजिश है!
हत्या की साजिश! हो सकता है बैलून में आमतौर से भरी जाने वाली गैस हिलियम के स्थान पर हाइड्रोजन भरने की साजिश भी रची गई हो!
धड़ाक
इस आग में पिस्तो बुरी तरह से झुलस गया है!


नागराज, यूनियन लीडर पिस्तो मारा गया और साथ ही लेबर के कई और आदमी भी!
ये कांट्रेक्ट किलिंग है नागराज! निःसंदेह इसमें भी मारकोस का हाथ है!
अब साशा से तुरंत मिलना और भी जरूरी हो गया है!
क्योंकि साशा ही हमें मारकोस या माम्बर के विषय में ऐसी कोई जानकारी दे सकती है!...
... जिसे पकड़कर हम मारकोस तक पहुंच सकते हैं!
मैं हर संभव तरीके से इस मिशन में तुम्हारे साथ हूं नागराज!
लूजा मार्शल आर्ट इंस्टीच्यूट-
हिस्स
हिस्स


"मार्शल आर्ट्स-"
"बहुत सारे लोग इसके बारे में जानते हैं-"
"पर बहुत कम लोग इसे समझते हैं"
नागराज! सिर पर पटका बांधे विद्युत की सी तेजी के साथ हाथ-पांव चला-कर कराटे के जौहर दिखाती वही लड़की साशा है! मेरी साशा!
मैं उससे मिलकर आता हूँ!
अरेरेरे! नागराज रुको!
कमाल का इंसान है! सांपों की रस्सी बना-कर उस पर लटकता हुआ जा रहा है!
"मार्शल आर्ट्स युद्ध-कौशल रूपी सिर्फ एक हथियार ही नहीं है-"
हीsss याsss उफ!
उफ! लड़ाई में हल्की चूक का भी भारी नुकसान हो सकता है!


बिल्कुल हो सकता है!
चूक को सुधारा भी जा सकता है!
थड़.
"और आत्मसंयम्-"
... मुझे कमज़ोर समझने की भूल मत करना टैडी!
थड़.
"मार्शल आर्ट्स का मतलब है-"
"आध्यात्म-"
!!...
ओह! फिर चूक!
MARTIAL
स्विक्रssश
हम्फ!
बार-बार चूकों से...
"आत्मरक्षा-"



साशा का प्रहार ना सिर्फ शक्तिशाली था, बल्कि खतरनाक भी था-
ओफ्फ!
ओ...
खच्चाक
ओ... नो!
ओह नो!
टैडी सहित नागराज कई फुट नीचे गहराई की तरफ बढ़ रहा था-
नागराज का हाथ हवा में उठा, और-
उफ! ये... ये क्या हुआ?
क... कौन हो तुम?
घबराओ मत! तुम्हें कुछ नहीं होगा!
ये सांप कहां से आ गए?
डरो नहीं...
...ये मेरे दोस्त हैं!


ओ माई गॉड! ओ माई गॉड!
मेरी तो नीचे झांकने की भी हिम्मत नहीं हो रही थी टैडी! तुम ठीक तो हो ना? उफ!
म... मैं ठीक हूं मेम!
ओ थैंक्स गॉड! लेकिन...
... ये च... चाकू लगने के बाद भी... तुम... टैडी को लेकर ऊपर कैसे आ गए?
ये चाकू तुम्हारा है ना?
लो! जाकर इसे धो लो!
च... चाकू का पूरा फल तुम्हारे पेट में धंसा हुआ था और तुम अभी तक सही सलामत...
हां! मुझ पर गोली- चाकू का असर नहीं होता!
त... तुम्हारा घाव?
वो भर गया है!


मैम! हम सांप की रस्सी पर चढ़कर ऊपर पहुंचे हैं! ये इंसान अद्भुत है! इसके पास सांप है!
सांप? कहां है?
वो जरूरत के वक्त मेरे शरीर से बाहर आते हैं!
साशा का इशारा पाकर टैडी वहां से चली गई! तब-
तुम कौन हो?
नागराज! तुम ठीक हो ना?
हां! बिल्कुल!
तुम नागराज हो?
हां! ये नागराज है!
विश्व आतंकवाद का दुश्मन नागराज?
हां! वही नागराज!
जिसने पिछले दिनों वाशिंगटन डी. सी. में बॉम्बर और मेक्सिको में बिग बॉस के गैंगों को बुरी मौत मारा?
हां! वही!
और अब यहां स्पेन में मारकोस की तलाश में आया है उसके पूरे दल माम्बर सहित उसे खत्म करने!
ओह!


ओह! अब मैं समझी कि नागराज यहां इस बिल्डिंग की छत पर क्यों आया?
तुम काफी समझदार हो!
गुलप गुलप
बाई-द-वे मेरा नाम जो है! असिस्टेंट कमिश्नर जो!
मैं चाहता हूं कि तुम पुलिस की गवाह बन जाओ और हमें मारकोस और उसके दल के बारे में जानकारी दो!
छपाक
मैं मारकोस की किसी गतिविधि में भाग नहीं लेना चाहती! मुझे आपका प्रस्ताव मंजूर नहीं है! मैं उसका नाम तक नहीं सुनना चाहती!
और बदले में मुझे क्या मिलेगा?
मारकोस द्वारा एक भयानक मौत!
हम तुम्हें प्रोटेक्ट करेंगे!
आपकी पुलिस मुझे प्रोटेक्ट करेगी?
मगर किससे?
मारकोस से?
उसे तो आज तक किसी ने देखा ही नहीं!
मैं उससे नफरत करती हूं! उसकी मौत चाहती हूं!
लेकिन उसकी मौत के लिए खुद को खतरे में नहीं डाल सकती!



कितने रूप बदलता है वो ? खुद मैंने कभी उसका असली रूप नहीं देखा !
सामने से भी निकल जाए तो पता नहीं चले ! क्या पता इस वक्त भी वो आसपास ही हो ! क्या पता वो आप ही हों मिस्टर जो !
हम आधिकारिक रूप से तुम्हें गवाह बनने के लिए मजबूर कर सकते हैं !
तो फिर आपसे मेरा वकील बात करेगा ! आप जा सकते हैं मिस्टर जो !
सहसा ठिठक गई साशा-
हां ! एक रास्ता है !
साशा पलटी-
यदि नागराज मुझे प्रोटेक्ट करे तो मैं आपकी मदद के लिए तैयार हो सकती हूं !


और ये प्रोटेक्शन मुझे चौबीस घंटे चाहिए!
मतलब नागराज को तुम अपना बॉडीगार्ड बनाना चाहती हो?
आप इसे कोई भी नाम दे सकते हो!
क्यों नागराज? तुम्हारा क्या जवाब है? तुम्हारी योग्यता पर मैं संदेह नहीं कर सकती!
!?
ये नहीं हो सकता! आओ नागराज! हम अपने तरीकों से काम करेंगे और सफल होकर भी दिखाएंगे!
मैं तैयार हूं!
तो फिर आओ!
मैं साशा को प्रोटेक्ट करने के लिए तैयार हूं!
!
क्या सच?


हां ! बिल्कुल सच !
इस मदद के लिए शुक्रिया नागराज !
मैंने कहा ना कि तुम्हारी योग्यता पर मुझे जरा भी संदेह नहीं !
शुक्रिया !
मिस्टर जो ! आप वापस अपने ऑफिस जा सकते हैं ! क्योंकि जो काम अभी तक आपकी पुलिस नहीं कर सकी, शायद नागराज कर ले !
आऊच !
तुम्हें जो के साथ ऐसा बर्ताव नहीं करना चाहिए था ! वो एक काबिल अफसर है और एक अच्छा इंसान भी !
वो मतलब परस्त भी हो सकता है !
ऐसा नहीं है !
अपने मतलब के लिए तुम्हें इस्तेमाल भी कर रहा हो सकता है !
HANGING ROOM
मारकोस से दोस्ती का रिश्ता टूटने के बाद मैं अपने अलावा किसी पर भी विश्वास नहीं करती ! ये दुनिया मतलब परस्त है !
फरेबी !
पता नहीं कौन किस रूप में कब किसे धोखा दे रहा होता है !
मैं चेंज करके आती हूं !
ओ. के. !


चीख साशा की थी और चेंजिंग रूम में से आई थी-
नागराज ! अंदर सांप है !
आऽऽऽऽ
नागराज के प्रोटेक्शन में होकर...
ओह! ये तुम्हारा था ?
... नाग से डर गईं, साशा !
शैतान ! तुझे कहा था कि सामने मत आना !
हां ! तुमने चौबीस घंटे का प्रोटेक्शन मांगा है नागराज से ! अब चेंजिंग रूम में आकर तो मैं तुम्हें प्रोटेक्ट नहीं कर सकता था ना ! इसलिए नाग को भेज दिया था !
तुम यहां रोज कराटे की प्रैक्टिस के लिए आती हो ?
हां ! अक्सर !
मारकोस से संबंध-विच्छेद के बाद मुझे उससे जान का खतरा है ! मैं सेल्फ डिफेंस पर भरोसा करना चाहती थी ! इसीलिए कराटे सीखना शुरू किया !


बहुत 'टफ' विद्या है!
हां! मैंने देखा कि तुम कई बार चूक रही थीं!
हां! ये चिन्ता मुझे भी सताती है! क्योंकि मारकोस एक परफेक्ट लड़ाका है! कभी वो खुद मेरे सामने आया तो उससे मुकाबले के लिए मुझे उससे अधिक नहीं तो कम से कम उसके जितनी कुशल लड़ाकी तो होना ही चाहिए!
आओ नागराज!
बस मैं अपने फ्लैट के सामने ही हूं!
संभल कर नागराज! ऊपर की पहली दो सीढ़ियों पर कांच बिखरा हुआ है!
ऐसा क्यों?
ताकि यदि कोई बिना मेरी आज्ञा लिए इन सीढ़ियों पर चढ़ने की कोशिश करे तो उसके जूतों के दबाव से कांच की किरिच-किरिच की जो ध्वनि पैदा होगी, वो सीढ़ियों के पास लगे एक ध्वनि सेंसर से कमरे में मुझ तक पहुंचे!
और मुझे खतरे का आभास हो जाए!
इसीलिए मैंने टॉप फ्लोर के फ्लैट को चुना और नीचे के फ्लोर के सभी ओनर्स ये बात जानते हैं!
"कौन कहता है कि खूबसूरत लड़कियों में दिमाग नहीं होता–"
आओ नागराज! ये मेरा फ्लैट है!
"मैं कहता हूं कि"
"दिमागदार लड़कियां ही खूबसूरत होती हैं"



और फिलहाल तुम्हारा भी!
क्योंकि तुम्हें मुझे चौबीस घंटे सुरक्षा प्रदान करनी है!
हां! लेकिन ये सुरक्षा मुझे बैडरूम में रहकर नहीं करनी है!
यहां से मैं तुम्हारे कमरे पर निगाह रख सकता हूं!
कभी ऐसी सुरक्षा मुझे मारकोस ने भी दी थी!
वो हमेशा अपने चेहरे पर एक चेहरा लगाकर रखता था!
उसके कुछ चेहरे मैंने अपने मोबाइल कैमरे में कैद किए थे!
लेकिन नहीं जानती थी कि उसके चेहरे पर ही नहीं, दिल पर भी झूठ और फरेब का आवरण चढ़ा है!
उससे तुम्हारी मुलाकात कहां और कब हुई थी?
मैं चैस स्ट्रीट में बेरोन आर्म्स एंड अम्यूनिशन में काम करती थी नागराज!
वहीं पर मेरी उससे पहली मुलाकात हुई थी!


" कोई उसे बाहर से पीठ पर गोली मारने के लिए निशाने पर ले रहा था-"
Colt
" मैंने इंक पॉट उठाकर बंद शीशे के दरवाजे पर फेंक मारा-"
तड़ाकऽऽ
मिस्टर मारकोस! अपनी जगह से हट जाइए!
" बाहर से कांच के मुख्य द्वार को तोड़ती गोली तो चली, मगर शीशे पर इंक फैल जाने के कारण वो अपना निशाना चूक गई-"
जिंग
खनाक
" तब वो हत्यारा तो हाथ नहीं लगा, मगर मारकोस मेरी सूझबूझ का कायल हो गया-"
अगर तुम कांच के दरवाजे पर स्याही ना फेंकती तो शायद हत्यारे का निशाना नहीं चूकता, क्योंकि तब वो मुझे साफ-साफ देख सकता था!
नागराज! अब मैं सोने जा रही हूं!
काफी थकावट महसूस हो रही है!
सॉरी! तब तक तुम्हें बोरियत से बचाने के लिए मैं कुछ नहीं कर सकती!
मैं बोर नहीं होता!



क्रिंच!!
मगर होनी का होना नहीं रुक सकता-
कोई सीढ़ियों पर बिछे कांच के ऊपर से होकर गुजर रहा था-
क्रिंच!
साशा की अनुमति के बिना-
!...
उसकी कनपटियां सनसना गई थीं-
नागराज विद्युत की तेजी से अंदर आया-
तुमने गोलियां क्यों चलाई ?
साशा ने एक पल भी नहीं लगाया पिस्टल सिराहने के नीचे से निकालकर गोली चलाने में-
धांय धांय
बाहर से एक चीख गूंजी-


दरवाजे के पीछे कोई था!
उसके कांच पर चलने की आवाज से मेरी आंख खुली और उसकी मौजूदगी दरवाजे के पास पाकर मैं बौखला गई! घबरा गई!
मुझे कुछ नहीं सूझा! मुझे लगा कि यदि मैं चूक गई तो वो मेरी हत्या करने में कामयाब हो जाएगा!
मैंने गोलियां चला दीं!
!...
ये मर गया है!
ये पिज्जा डिलीवरी ब्वॉय है! इसके हाथ में पते का पर्चा है! और इस पर तुम्हारा पता नहीं है!
तुम्हारी चलाई एक गोली इसके सिर पर लगी है और दूसरी ठीक दिल पर!
शायद ये गलती से ऊपर आ गया होगा!
आ... इसकी किस्मत खराब थी नागराज, जो बंद दरवाजे से चलाई गई गोलियां भी इसको सिर और छाती पर लग गईं!
ओ माई गॉड!






कहानी जारी है - **न्यूमेरो ऊनो** में

जो मानवता का कातिल बनेगा उसे डसेगा...

# आतंकहर्ता नागराज

जो रेंग रहा है हर उस
शैतान की तलाश में
जो मानवता के
सुख चैन में आतंक का जहर
भर रहा है।

सावधान!

*इस बार नागराज का निशाना है-*

## स्पेन

**संजय गुप्ता पेश करते हैं!**

# न्यूमेरो अनो

राज कॉमिक्स है मेरा जनून!!



परिकल्पना : विवेक मोहन, क्षितीश
लेखक : संजय गुप्ता, तरुण कुमार वाही
पेंसिलिंग : ललित कुमार शर्मा
इंकिग : जगदीश कुमार
कलर इफैक्ट्स : नागेंद्र, जॉन पॉलोस, सीजो जॉन, साहिल
सम्पादक : मनीष गुप्ता


" साशा का फ्लैट -"
"समय 4:00 AM -"
" महज पांच घंटे पहले साशा के हाथों एक निर्दोष पिज्जा डिलीवरी ब्वाय की मौत हो गई थी-"
" एक आम लड़की की तरह-"
" वह डरी और सहमी हुई थी-"
नागराज ! मैं तुम्हें एक बात तो बताना भूल ही गई !
पहले ये बताओ कि व्हिस्की में सोडा लोगे या पानी ?
मैं सिर्फ दूध पीता हूं !
दूध ?
हां !
मजाक मत करो ! जल्दी बताओ !
सोडा या पानी ?
मैं व्हिस्की नहीं पीता, क्योंकि जहर ऑलरैडी मेरे अंदर बहुत है !
" मैंने साशा को संभालने की पूरी कोशिश की-"
" फिलहाल वह नॉर्मल है-"
नागराज ! तुम्हारे लिए दूध !
थैंक्यू !
नागराज ! सुना है ! सांप को दूध पिलाओ तो भी वो डसने से बाज नहीं आता !
सांप को जब तक छेड़ा ना जाए, वो नहीं डसता !
" अर्रर... या शायद नहीं-"


बचो!
उफ!
उसने बहुत छोड़ लीं! छोड़ने की बारी अब मेरी है!
यूं ही लेटी रहो!
त... तुमने अपनी पीठ की ओरसेआती हुई गोलियां कैसे देख लीं?
सांप कहां से निकले?
" हमलावर जो भी है, गन की पूरी मैगजीन खाली करने पर उतारू है-"
" मुझे साशा की आंखों में बाहर लटके हमलावर का अक्स दिख गया था-"
नागराज! वो यहां नहीं है!
" अपनी कोशिश नाकाम रहने के बाद हमलावर रुकना नहीं चाहेगा-"


" और मैं उसे जाने नहीं देना चाहूंगा-"
ऊपर आने में मैं तुम्हारी मदद कर सकता हूं!
आं!
उसने मदद ठुकरा दी-
थड़.
भूल की-
नागराज ने शानदार जवाब दिया-
धाड़.
आ... आह!
कुछ सेकंड यहां रुको नामुराद!
ये मेरे कमरे के सामान के नुकसान के लिए!



नागराज! यही वो बात थी, जो मैं तुम्हें बताना भूल गई थी!
कि मेरी यहां मौजूदगी तुम्हारे पूर्व प्रेमी मारकोस को नागवार गुजरेगी और वो मुझ पर और तुम पर जानलेवा हमला कर सकता है!
हां! यही बात थी!
ये हमला उसी की चेतावनी समझना!
तुम उड़ती चिड़िया को भी पकड़ सकती हो!
मैं अपना नुकसान बर्दाश्त नहीं कर सकती!
ओफ्फ! फिर पुलिस!
तुम्हारे पड़ोसी तुमसे डरे हुए और परेशान रहते होंगे!
मारकोस से अतीत के संबंधों की सजा मेरे साथ- साथ मेरे पड़ोसी भी भुगतते हैं!
मगर उस पिज्जा डिलीवरी ब्वाय की मौत का मुझे अभी तक दुःख है...
... जो के कारण मामला शांत पड़ गया, वरना मैं अरैस्ट होती!
मैड्रिड सिटी मार्केट एरिया-
9:00 A.M. -
उफ! पुलिस की जांच ने पेट में चूहों की दौड़ बढ़ा दी!
नागराज! अब हम सीधे रेस्तरां में जाकर रुकेंगे!
लेकिन तब तक चुप तो ना रहें!
साशा! एक बात बताओ! अगर तुम मारकोस से नफरत करती हो तो एलबम में उसके फोटोग्राफ अब तक क्यों रखे हुए हो?
अपनी सुरक्षा के लिए!
मैं उन चेहरों को याद रखे रखना चाहती हूं नागराज...


हां! उसकी मौत की गारंटी हो जाए तो एलबम को आग के सुपुर्द कर दूंगी!
... क्या पता मारकोस उनमें से फिर किसी मास्क का दोबारा इस्ते-माल करे! मुझे वो चेहरे हर पल याद रहने चाहिए! कई सालों बाद तक भी!
यहां क्या हो रहा है? क्या मैड्रिड में आज कोई उत्सव है?
ये आज के उत्सव की नहीं, अगले हफ्ते बार्सिलोना में होने वाले बार्सिलोना-ला- मर्स फेस्टिवल की तैयारी है नागराज! प्रत्येक सितम्बर माह के अंतिम तीन दिनों में बार्सिलोना के पेट्रोन संत मेयर डियू डी ला मर्स के सम्मान में एक स्ट्रीट पार्टी दी जाती है!
ये लोग उसी की रिहर्सल कर रहे हैं!
ओह!
फिर ब्रेक फास्ट के बाद-
नागराज! इसे ट्राई करो! ये मैड्रिड की खास डिश है!
इसकी कोई लाभदायक विशेषता बताओ!


ये माम्बर के एक खूंखार हत्यारे बूचड़ को भी विशेष पसंद है!
खासियत तो थी-
चाहे अच्छी... या बुरी-
बड़ा अजीब सा संगीत है!
क्या ये मैड्रिड का खास लोक संगीत है?
नहीं नागराज! ये संगीत नहीं, अलार्म है!... खतरे का अलार्म!
रेस्तरां के विशेष स्वादिष्ट व्यंजनों का लुत्फ लेने आए लोग जानते हैं कि यदि ये भोंडा संगीत बजता है तो उन्हें तुरंत ये रेस्तरां खाली करना होता है!
अ... ऐसा क्यों?
फोरकैप!
फोर कैप बूचड़ के लिए हफ्ता वसूली करते हैं! और यदि अलार्म के बाद भी इन्हें कोई ग्राहक रेस्तरां में बैठा दिख जाए तो...


... ये ताबड़तोड़ फायरिंग करके उसे उफ...
तुम भी कमाल हो ! सबकुछ पता होने के बाद भी क्रिकेट के मैच की तरह पूरी घटना की कमेंट्री कर रही हो !
सांय
सांय
खच्च
खच्च
खच्च
ओह नागराज ! मैं समझी थी तुम इन्हें खत्म करने के लिए नागों का प्रयोग करोगे ?
तुम तो प्रेक्टिस के लिए मार्शल आर्ट इंस्टीच्यूट जाती हो...
... ऐसी छोटी-मोटी लड़ाइयां हाथ-पांवों से लड़ने के बाद मुझे प्रेक्टिस की जरूरत नहीं पड़ती !
सांय
सांय
नागराज ! इनकी टोपियों से...
खट्ट
खट्ट
... बचना !
उनके किनारे धार... धार हैं !
आं !
साय
साय
ओफ्फ !
खनाक
खनाक



दूसरे ही पल उन चारों की गर्दनें नागराज की फड़कती हुई सशक्त बाजुओं में जकड़ी हुई थीं-
तुम्हारी गनें तो बहुत चीख लीं ! अब गले कितनी देर तक चीख पाते हैं, ये देखेगा नागराज !
नागराज ! इनको छोड़ना मत ! इन्होंने नाक में दम कर रखा था !
ये जिन्दगी शराफत से जीने के लिए है !
हमें आराम से जीने दो !
नागराज ! पुलिस के आने तक इन्हें जाने मत देना !
9



अब ये पुलिस के जाने के बाद भी कभी खुद चलकर नहीं जा पाएंगे!
जो काम पुलिस को पहले करना चाहिए था, वो तुमने किया नागराज!
नागराज! ये सच है कि अगर पुलिस अपनी जिम्मेदारी ठीक से निभाए तो ऐसी घटनाओं को भले ही रोका ना जा सके मगर उन पर काफी हद तक अंकुश लगाया जा सकता है!
पुलिस कार्यवाही के बाद-
नागराज का ब्रेकफास्ट मेरी ओर से!
नागराज के ब्रेकफास्ट का बिल मैं चुकता करूंगा!
क्षमा करना! मैं भी यही कहने वाला था!
ये नहीं हो सकता! नागराज मेरा मेहमान है!
नागराज! मैं इस रेस्तरां का मैनेजर हूं! तुम जब चाहो यहां आकर खा-पी सकते हो! बिना कुछ चुकता किए! ये हमारे रेस्तरां के लिए और पूरे मैड्रिड के लिए सम्मान की बात होगी!
इस सम्मान के लिए शुक्रिया!
तब-
लोगों ने जिद्द करके कितना खाना-साथ ही पैक करवा दिया! वाह! ये 'चीज बर्गर' तो लाजवाब है!
सचमुच! मैड्रिड के लोग शानदार हैं!
और साशा! अब मैं समझ गया कि तुम मुझे यहां क्यों लाई थी?
मदद का वादा किया है तो वादा निभाना भी तो होगा!


माम्बर ग्रुप में बी की आवाज बूचड़ को इंडिकेट करती है, नागराज!
दिखावे के लिए बूचड़ मांस का व्यापार करता है!
मैड्रिड में उसका अपना स्लाटर हाउस यानी बूचड़खाना है, जहां वो पशुओं को काटता है!
उतनी ही बेरहमी से...
"...जितनी बेरहमी से इंसानों को काटता है-"
फोर कैप मारे गए? असंभव! और तुम मुझे ये मनहूस खबर देने आ गए!
थ्ता!!!
खचाक!!


तुम्हारे लिए फोर कैप की मौत से भी अधिक कुछ मनहूस है बूचड़...
... मेरी सूरत!
हम्फ!
" बूचड़-"
" दस साल की उम्र में उसे रेबीज से ग्रस्त कुत्ते ने काट खा लिया था-"
कसाइयों के बीच आकर तू बच नहीं पाएगा नागराज!
" जानलेवा हद तक संक्रमित होने के बाद भी वह किसी तरह बच तो गया- "
" बची तो सिर्फ क्रूरता-"
" जानवरों के प्रति-"
ये मेरे बीस कसाई तेरे इतने छोटे-छोटे टुकड़े कर देंगे कि उन्हें अपनी मीट प्रोसेसिंग यूनिट में डिब्बों में पैक करने में मुझे जरा भी तकलीफ नहीं होगी!
" और इंसानों के प्रति-"
" पर उसकी भावनाएं मर गईं-"


बूचड़ अब तू चाहे तो अपने इन आदमियों के टुकड़े करके उन्हें डिब्बों में पैक कर सकता है!
डिब्बों में तू ही पैक होगा, नागराज!
" बारह साल की उम्र में बूचड़ पहली बार जेल गया- "
" जुर्म- अपने पूरे परिवार की नृशंस हत्या- "
अब तू बड़े डिब्बे में पैक होगा बूचड़ जिसे कॉफिन कहते हैं!
" आज पैंतीस साल की उम्र में वह है माम्बर का 'बी' "
" कीमत- एक सौ पैंतीस निर्दोष लोगों की हत्या- "


सांय!!
पागल सांड की तरह बिफरे हुए बूचड़ ने नागराज के कंधे में अपने दांत धंसा दिए-
ओह! ये क्या किया?
मुझे क्या हो रहा है?
तुमने तो मेरी मुश्किल आसान कर दी!


मेरा हाथ गल रहा है!
मेरे कंधे में दांत धंसाकर तुमने नागराज के विष को चख लिया है बूचड़ जो दुनिया का सर्वाधिक खतरनाक विष है!
नहीं! ये नहीं हो सकता!
अब तुम्हारा बाल- बाल मोम की तरह पिघल जाएगा!
नहीं!
साशा! अब तुम अंदर आ सकती हो!
बूचड़ इनमें कहीं दिखाई नहीं पड़ रहा नागराज!
" साशा बूचड़ के खौफ के कारण उसके सामने नहीं आना चाहती थी- "
15



ये तो रहा! उसने मुझे काटा और मेरे विष के कारण पिघल गया!
असंभव!
प... पिघल गया? विष के कारण?
नागराज! मुझे अब भी यकीन नहीं हो रहा कि बूचड़ मर गया!
कुछ दिनों तक जब तुम उसे कहीं नहीं देखोगी तो यकीन हो जाएगा!
हां! तुमने सच कहा! कोई कुछ दिनों तक ना दिखे तो उसके ना होने का यकीन होने लगता है!
अरे! तुम तो इमोशनल हो गई!
मुझे दादी की याद आ गई!
दादी!
हां! मेरी दादी!
" मैं पन्द्रह साल की थी जब मेरे मम्मी पापा एक कार एक्सीडेंट में मारे गए! मुझे मेरी दादी ने पाला-"
ओ दादी! अब बस भी करो! क्या तेल की पूरी शीशी बालों में उड़ेल दोगी?
बाल खराब हो गए तो बड़ी होकर मुझे बुरा भला कहेगी!
" उन्हें मेरा मारकोस से मिलना पसंद नहीं था-"
ओ दादी! तुम व्यर्थ ही चिन्ता करती हो! मारकोस एक अच्छा इंसान है!
लोग चेहरे पर चेहरा लगाते हैं!


कहानी 19 पेज से जारी



" पहली बार मारकोस की चोरी मैंने पकड़ी-"
ओफ्फ! लाइट जाते ही शरीर पसीना-पसीना होने लगा!
घबराओ नहीं! होटल का स्टाफ जेनरेटर चालू कर रहा होगा ताकि ए.सी. ऑन हो सके!
तुम्हारे चेहरे पर पसीना नहीं आ रहा मारकोस! तुम्हारा बाकी शरीर पसीने से लथपथ हो रहा है!
ह... हां! मुझे चेहरे पर पसीना नहीं आता!
मारकोस! क्या तुम्हें अपने चेहरे पर किसी का अहसास नहीं हो रहा?
नहीं तो!
कुछ है क्या?
नहीं! दाएं गाल पर नहीं, बाएं गाल पर है! एक चींटी!
कमाल है तुम्हें चेहरे पर महसूस नहीं हो रहा? चींटी का शरीर के किसी भी हिस्से में चलना एकदम से पकड़ में आ जाता है! ठहरो! मैं हटा देती हूं!
ये... ये क्या कर रही हो साशा?
आ... ह!



म... मारकोस।
त... तुम चेहरे पर मास्क लगाते हो?
हां! लगाता हूं और आइन्दा इसे चेहरे से हटाने की कोशिश मत करना, वरना जान से मार दूंगा!
" उस दिन मुझे पता चला कि वो गलत धंधे में है-"
" उससे प्यार कर बैठी थी! उससे दूर ना जा सकी! लेकिन एक दिन मेरे घर पर जब वो नया चेहरा लगाकर आया तो मैंने फिर वही हरकत की-"
उफ! तुम पागल हो गई हो!
हां! पागल हो गई हूं! जिससे प्यार करती हूं उसका असली चेहरा देखने के लिए!
हटो पीछे!
" मारकोस गुस्से से पागल हो गया था-"
" मारकोस ने गोली चला दी-"
" जो बीच में आ गई मेरी दादी को लगी-"
दादी!
उस दिन के बाद मारकोस मुझसे कभी नहीं मिला! मिलता तो मैं सिर्फ उसका चेहरा ही नहीं, उसके जिस्म की सारी खाल नोंच लेती! मैंने दादी को भी खो दिया!
मारकोस को भी तुम्हें एक ना एक दिन खोना ही होगा!
उसकी मौत पुलिस या मेरे हाथों निश्चित है!



ये तुम मुझे एयरपोर्ट क्यों ले आई?
हम वेलेंशिया जा रहे हैं!
वेलेंशिया क्यों?
'माम्बर' में 'ए' की ध्वनि आर्थर लेकोते की सूचक है! लेकोते हमें वेलेंशिया में ही मिलेगा!
मैं ट्रेवलिंग एजेंट से टिकट लेकर आती हूं!
तब तक मैं जो से बात कर लूं! उसे पता होना चाहिए कि फिलहाल मैं मैड्रिड छोड़ रहा हूं!
ठीक है! मगर जरा जल्दी करना!
Travel Spain
मारकोस ने मुझे उसे खत्म करने का ऑर्डर दिया है! फिलहाल मुझे भी इनके पीछे-पीछे वेलेंशिया जाना होगा!
और वहां अवसर पाते ही...
नागराज! वेलेंशिया में याटिंग खेल प्रतियोगिता होती है!
और आर्थर लेकोते आर्चरी के अलावा इस खेल का भी शौकीन ही नहीं माहिर भी है!
AIR MADRID


" याटिंग खेल प्रतियोगिता-"
" वेलेंशिया-"
OMEGA
1
JK
MITSU
HONDA
नागराज भी उस दौड़ में शामिल हो गया-
शुक्र है मेरा रंग-रूप किसी को हैरान नहीं करेगा, क्योंकि कई प्रतियोगी अपने देश के ध्वजों और अनोखे रंगों में रंगे हुए हैं!
" याटिंग में याट नौकाओं को उनके पाल हिलाते हुए हवा की दिशा में आगे बढ़ना होता है-"
" तेज समुद्री हवाओं के बीच पाल एक तरह से स्टेयरिंग की तरह काम करते हैं-"
RAJ
" चूक करने वाले खिलाड़ी पीछे रह जाते हैं-"
उफ!
" और जो माहिर हैं वो आगे निकल जाते हैं-"
हार मुझे पसंद नहीं!



साशा ! मैं आर्थर को जिन्दा पकड़ना चाहता हूं !
मैं इस लड़ाई में शामिल नहीं हूं ! तुम उसे जिन्दा पकड़ो या मुर्दा ! मुझे उससे क्या ?
मुझे मारकोस की मौत चाहिए !
मैं उसे तबाह होते देखना चाहती हूं !
" आर्थर लेकोते- "
" नाम्बर का 'ए'- "
और जीतने मैं तुम्हें दूंगा नहीं !
" उसकी जिन्दगी का एक ही मकसद है- "
" सबसे आगे रहना- "
लेकोते की नौका से आगे जाने की हिम्मत कैसे की तूने ?
" चाहे खेल में चाहे अपराध में- "



लेकोते से आगे केवल मौत चलती है! लेकोते से आगे निकलने वाले की मौत! हा हा हा!
" वह एक... काबिल अपराधी है-"
नहीं! य... ये क्या? उफ! ये नहीं हो सकता!
" और उसकी मास्बर ग्रुप के चीफ की कुर्सी पर बैठने की चाह मारकोस से छुपी नहीं है-"
LECÔTE 7
सांप कहां से आ गए, जिन्होंने पाल के टूटे डंडे से लिपटकर पाल को सीधा कर दिया है और नौका फिर से सीधी हो गई है!
क... कौन है तू?
नागराज?
तूने ठीक पहचाना! देख! मैंने तो अपनी डूबती नैया पार लगा ली! अब देखें तू क्या करेगा लेकोते!
ओनो..
RAJ
24



नागराज को दूसरी नौकाओं ने घेर लिया-
" ओह! लेकोते की फौज भी शिरकत कर रही है इस प्रतियोगिता में-"
" शतरंज में सारे मोहरे लेकोते के ही लगते हैं! तो जीत तो लेकोते की ही होनी थी-"
खेल में गोलियां चलाते हो! क्यों ना तुम्हें गोलियां चलवाना भूला दूं!
" पर मेरी 'ढाई चाल' लेकोते को सीधी शह-मात देगी-"
मेरा हार्ट फेल हो रहा है इसे देखकर!


उफ नहीं!
और मुझे देखकर?
तू मेरी नौका को आगे बढ़ा! ये जीत की रेखा तक जानी चाहिए!
अ... कु!
मैं जरा तेरे बाकी साथियों की तबियत मालूम करके आता हूं!
छपाक!!
" तीन मिनट पहले आर्थर लेकोते समुद्र में गिरा था! और अभी तक बाहर नहीं आया-"
" कहां गायब हो गया वो-"
" ओ! समुद्र तल पर कुछ है-"
" लेकोते का शव-"
Kingfisher


" इसकी टी-शर्ट में कुछ हिल रहा है-"
नागराज ने उसकी शर्ट को बेल्ट से बाहर खींच दिया-
" ओ नो! ये स्टिंग रे मछली है! अत्यन्त घातक व विष वाली मछली-"
स्टिंग रे का एक दंश इंसान की जान ले सकता है!
अच्छा हुआ नागराज के हाथ जिन्दा पड़ने से पहले मारा गया! वरना राज खुल सकता था और मिशन फेल हो सकता था!


साशा को खत्म कर दो बेवकूफ वो हमारे राज नागराज को दे रही है !
ओ. के. सुप्रीमो !
साशा अनजान थी उस खतरे से -
लेकोते मरा नहीं है साशा, उसका खून हुआ है !
क्या मतलब ? अभी तुमने ही तो कहा था कि उसे स्टिंग-रे मछली के जहर ने मारा है !
हां ! कहा था ! मगर स्टिंग-रे उसकी बंद गले की उस तंग शर्ट में कैसे घुस गई, वो शर्ट जो नीचे से बेल्ट में घुसी हुई थी !


उसे किसी ने जबरन उसके गले से उसकी शर्ट में ठूंसा है!
वो शख्स कौन हो सकता है?
शायद मारकोस खुद! लेकिन हमें इस पचड़े में नहीं पड़ना है! वो मर गया तो मर गया!
हमारा लक्ष्य भी माम्बर ग्रुप की तबाही ही है!
तुम ओवरकोट को अपनी बेल्ट के अंदर रखते हो!
हां! कैप के साथ! मैं टॉयलेट होकर आता हूं!
नागराज का टॉयलेट जाना सिर्फ एक बहाना था!
" आर्थर लेकोते की जेब से मुझे ये कार्ड मिला है-"
" ठीक वैसा ही कार्ड जैसा बूचड़ के पास भी मिला था-"
" इस चित्र का क्या अर्थ हो सकता है!"
MERCE08
" इस कार्ड का बूचड़ के पास मिले कार्ड से कोई संबंध हो सकता है?"
" या नहीं-"


"नाइट क्लब-"
"8.00 P.M.-"
नागराज! ये नाइट क्लब प्रेमी जोड़ों के लिए आदर्श स्थल के रूप में प्रसिद्ध है! यहां मैं मारकोस के साथ कई बार आई हूं!
" मैंने दिन का एक हिस्सा उन कार्ड्स के बारे में सोचते हुए बिताया-"
तो फिर ऐसी जगह पर मुझे क्यों लाई हो?
" और फिलहाल अब तक परिणाम शून्य है-"
साशा की आंखें नशीली हो उठीं-
क्यों?
क्या तुम्हें प्रेम की जरूरत नहीं है?
क्या तुम्हारे सीने में दिल नहीं है?
मेरा दिल जलती हुई इस मोमबत्ती की तरह है साशा जो जलकर रोशनी पैदा करती है!
किसमें हिम्मत है जो मेरे साथ जलना चाहेगा!
प्यार में जलकर मरने का मजा ना होता नागराज तो ना बाती जलती और ना उसकी लौ में आकर जलता पतंगा!
लेकिन मैं तुम्हें मरने नहीं दूंगा!


साशा जब तक नागराज की बात का अर्थ समझी, तब तक देर हो चुकी थी-
जिंग!!
उफ! नागराज! ये क्या किया? मेरी मौत के आगे अपना सीना रख दिया?
ऐसी हिमाकत करने वाले को कच्चा चबा जाएगी साशा!
अब कहां तेरे हाथ आएगी ये बिजली!
"किसी भी युद्ध कला के बारे में एक बात कही जा सकती है-"
"किसी लड़ाई को जीतने के लिए युद्ध- कौशल से भी ज्यादा जिस चीज की जरूरत होती है-"
"वह है दिमाग का संतुलन बनाए रखना-"
धाड़
ओफ्फ!
"क्रोध ताकत को बढ़ाने वाला होना चाहिए-"
"न कि अक्ल को खा जाने वाला-"
ओफ्फ!


साशा की जान खतरे में आ गई थी-
तेरा शिकार मैं करूंगा!
शिकारी बिल्ली समझती है अपने आपको!
गोली मार ही देता वो साशा को-
मगर नागराज की उपस्थिति में ये काम थोड़ा मुश्किल था-
हिस्स
आह!
मुंह से नीले झाग गिराता गिर पड़ा उसका बेजान जिस्म-
न... नागराज! त... तुम... तुम ठीक हो?
उफ साशा! मैं इसे जिन्दा पकड़ना चाहता था!
लेकिन अगर मैं उसे एक पल का भी अवसर और देता तो वो तुम्हें गोली मार देता!
तुम्हें क्या जरूरत थी उस पर आक्रमण करने की!
त... तुम्हें गोली लगते देख मैं अपना आपा खो बैठी थी, नागराज!
मुझ पर गोली, चाकू का असर नहीं होता साशा!
उफ! मैं ये बात भूल जाती हूँ!
नागराज ने उसकी कैप हटाई-
ओह! नागराज ये शूटर है! मर्डी शूटर!
माम्बर में प्रथम एम मारकोस के लिए और दूसरा एम मर्डी के लिए प्रयोग होता है!
ओह!



नागराज! यहां जो कुछ हुआ, उससे ये कपल्स अभी तक डरे हुए हैं!
सॉरी! आप सब लोगों के मनोरंजन में व्यवधान पड़ा!
हम डरे हुए नहीं हैं नागराज! हम तो सांप देखकर स्तब्ध थे, जिसे तुमने हत्यारे पर छोड़ा!
तुम अद्भुत हो नागराज!
मुझे जो को इंफार्म करना होगा कि माम्बर ग्रुप का एक और हत्यारा मारा गया!
मुझे पता लगाना होगा कि इसको मुझे मारने का आदेश किसने दिया?
साशा के हाथ मर्डी का मोबाइल लग चुका था-
ओह! ये नंबर तो रिचर्ड का है! माम्बर का सुप्रीम कमांडर! फोन वेलेंशिया से ही किया गया था!
माम्बर में 'र' की ध्वनि रिचर्ड के नाम की सूचक है नागराज! इसका मतलब वो भी वेलेंशिया में है!
Marlina
और वेलेंशिया में उसका ठिकाना मुझे अच्छी तरह से मालूम है!
X Festival Pirotecnic Internacional de Barcelona
"ये कार्ड मुझे मर्डी के पास मिला है! और मुझे उम्मीद है कि ऐसा ही एक और कार्ड मुझे रिचर्ड के पास भी मिलने वाला है-"


" पहले कार्ड में कोबी जो कि बार्सिलोना ओलम्पिक 1992 का मस्कट है - "
"दूसरे कार्ड में बार्सिलोना ला- मर्स फेस्टिवल का लोगो बना है- "
" तीसरे कार्ड में फेस्टिवल में होने वाले फायर रन शो कोरेफाक का लोगो है- "
सुप्रीम कमांडर रिचर्ड-
त... तुम?
हां, मैं!
गद्दार! हमने तुम पर भरोसा किया और तुम आस्तीन में छुपी नागिन निकलीं!
" रिचर्ड में माम्बर ग्रुप के अन्य अपराधियों सरीखी कोई काबलियत नहीं है- "
" यही कारण था कि मारकोस ने उसे माम्बर का सुप्रीम कमांडर बनाया- "
तुमने एक- एक करके बूचड़, आर्थर और शूटर को नागराज के हाथों मरवा डाला!
और वो तुम्हारे साथ यहां भी आया होगा! उससे तो मैं बाद में निपटूंगा...


नागराज!
... पहले तुम मेरे हाथों मरोगी!
धांय
नागराज
" रिचर्ड मारकोस के माम्बर ग्रुप में शामिल होने वाला पहला अपराधी था- "
धोखेबाज!
धांय
" इसके बावजूद माम्बर के अन्य सदस्यों की तरह- "
" वो भी मारकोस से कभी नहीं मिला- "
नागराज से पहले यहां तेरी मौत आएगी!
आह!
खचाक
उफ! ये तो मुझे मार ही डालता!
" और अब मिल भी नहीं पाएगा- "



उफ! नागराज!
तुम कहां रह गए थे!
ये तो मुझे मार ही डालने वाला था!
कड़ाक
मैं क्या करता साशा! मैं एयर कंडीशनिंग डक्ट की भूल-भुलैया में फंस गया था!
उफ! बड़ी मुश्किल से निकल पाया! तुम ठीक तो हो ना?
मैंने तुमसे कहा था ना नागराज कि मैं सेल्फडिफेंस में ज्यादा विश्वास करती हूं! आपात स्थिति के लिए सायनाइड में डूबी हेयर पिन मैंने अपने बालों में रखी थी! वही काम आ गई!
मुझे खुशी है साशा कि इस तरह मास्बर ग्रुप का खात्मा हो गया!
शायद तुम भूल रहे हो नागराज कि अभी मारकोस जिन्दा है! और वो ऐसे कई मास्बर बना सकता है!
नहीं! अब नहीं बना पाएगा!
क्योंकि जब मैं यहां से जाऊंगा तो मारकोस भी जिन्दा नहीं होगा साशा ...
... उर्फ मारकोस! डोंट मूव! अब समझी कि मैं यहां देर से क्यों आया! क्योंकि मैं जानता था कि अपने सिर पर मौत देखकर तुम खुद ही रिचर्ड को मार दोगी!
ओह! तो तुम मुझे पहचान गए हो!


मैं तो तुम्हें उसी पल पहचान गया था जब तुमने बंद दरवाजे के बाहर पिज्जा डिलीवरी ब्वाय को एकदम सटीक निशानों से मार डाला था! ऐसे निशाने लड़ाई में कच्ची खिलाड़िन दिखती साशा के वश का रोग नहीं थे!
मैं तुम्हें तभी पहचान गया था मारकोस जब तुमने लड़ाई में टैडी को हथियार बनाकर मेरी तरफ उछाल फेंका था!
और उसका चाकू मेरे पेट में घुस गया था! मगर अफसोस कि वो हथियार मुझे मार नहीं पाया! तुमने वो कोशिश इसलिए की थी ताकि नागराज को मार पाओ! तुम्हें पूर्व सूचना हो चुकी थी नागराज नाम की इस तबाही के मैड्रिड आगमन की! मेरी शक्तियों को देखकर तुम हतप्रभ थीं! तब तुमने अपने ग्रुप की तबाही के लिए मुझे अपने साथ रखा, और मैं भी ये अवसर खोना नहीं चाहता था!
मुझे तो माम्बर को तबाह करना ही था तो उसकी तबाही से पहले मैं ये रहस्य तुम पर भला क्यों उजागर करता कि मैं तुम्हें पहचान चुका हूं! इसी बीच मैं तुम्हारे मारकोस होने की पूरी गारंटी कर लेना चाहता था! इस काम के लिए मैंने जो को चुना! जो को मैं ऐसे ही फोन नहीं करता था! तुमने बताया था कि मारकोस मास्क लगाता है!
और पूरे मैड्रिड में एक ही शख्स था जो मास्क बनाने में सिद्धहस्त था! और वो था मोटो!
जो ने वो पांच चेहरे मोटो को दिखाए जो तुमने मुझे अलबम में दिखाए थे! हां मैंने वो फोटो अलबम से गायब करके जो तक पहुंचा दिए थे!
मोटो ने बताया कि उसने वैसे मास्क बनाए थे और उन्हें एक प्रॉडक्शन मैनेजर उससे ले जाती थी...
... जो एक लड़की थी और जब जो ने उसे तुम्हारा फोटो दिखाया तो उसने उसे पहचान लिया! वो लड़की तुम ही थीं!
तुमने ही पानी के नीचे आर्थर को स्टिंग रे के डंक से मारा क्योंकि मैंने तुमसे उसे जिन्दा पकड़ने की बात की थी! तुम उसे मेरे हाथ जिन्दा नहीं पड़ने देना चाहती थी! फिर मर्डी के कत्ल के लिए भी तुमने जान-बूझकर ऐसी स्थिति क्रिएट की कि तुम्हें बचाने के लिए मैं उसे तुरंत मारूं ही मारूं! मौका देखकर तुम मुझे भी मार डालने की योजना बना रही होंगी! गेम बहुत अच्छा था साशा! तुम्हारी सुनाई गई कहानियां भी अच्छी थीं! मगर तुम्हारा अंत अच्छा नहीं होगा! तुम्हारी मौत से पहले मैं जानना चाहता हूं कि तुमने अपने ही ग्रुप के सदस्यों को क्यों मरवाया?
न्यू मेरी ऊनो!
न्यू मेरी ऊनो? ये क्या बला है?


मुझे पता था नागराज कि मेरे ग्रुप के लोग मारकोस की हकीकत का पता लगाने के लिए मेरी जासूसी कर रहे थे! शायद उन्हें मेरे मारकोस होने का शक हो चुका था! उनकी मौत की इस वजह के अलावा एक और वजह थी! न्यूमेरो ऊनो! स्पैनिश में न्यूमेरो ऊनो का मतलब है नंबर वन! अपराध जगत के उन चार मगरमच्छों को मारकर मैं अकेली नंबर वन बनना चाहती थी!
धड़ाक
और मैं नंबर वन बन चुकी हूं नागराज! अब जल्दी ही मेरा मिशन पूरा होगा और अपराध जगत में मारकोस का डंका बजेगा!
खनाक
तुम्हारी कब्र यहीं बने, उसका इंतजाम मैंने कर दिया है! ये देखो! हा हा हा!
एक जबरदस्त विस्फोट हुआ और होटल हिल टॉप मलबे में बदल गया-
हा हा हा!
मारकोस कभी नहीं हारता!
और अब मारकोस का राज फिर से राज ही रहेगा!
बार्सीलोना ला मर्स फेस्टिवल-
इस फेस्टिवल में सौ से भी ज्यादा विभिन्न एक्टिविटीज होती हैं-
ढम ढम
उनमें से एक थी फायर रन यानी कोरेफॉक-
इसमें हजारों लोग शॉवर ऑफ स्पार्कल फ्लेम्स का स्नान करते हैं-
अर्थात् चिंगारियों की बारिश में नहाते हैं-



बूम!!
आज इस उत्सव के विशेष मेहमान थे इटली के प्रेज़ीडेंट-
अद्भुत ! ये महान उत्सव है ! ड्रेगन फायर ब्रीदिंग अति रोमांचक है !
लेताना रोड कोरेफॉक गतिविधि के लिए बंद कर दिया गया था-
मगर ये खुली थी उत्सव के शैतानों के आगमन के लिए-
इन चिंगारियों या पटाखों के फटने से लोग जलते नहीं!
नहीं ! ये लोग फायर सूट पहने होते हैं !
औ... और ये रॉकेट तो हमारी ओर आ रहा है !
रॉकेट की हद में ही उस सर्प रस्सी ने थाम लिया-
ये सांप कहां से आ गए ? क्या ये भी उत्सव का हिस्सा हैं?
ये उत्सव का हिस्सा नहीं हो सकते !
उसे रॉकेट लांचर से दागा गया है !
सांय
सर्प रस्सी रॉकेट को आकाश में ले चली-
रॉकेट ने एक जबरदस्त विस्फोट के साथ आतिशबाजी की-
विशिष्ट व्यक्तियों के होश उड़े हुए थे-
बूम!
ये साजिश थी !
मेरे कत्ल की साजिश!
वो नागराज है जिसने इस साजिश से आपको बचाया! मैं उसे पहचानता हूं ! जहां सांप वहां नागराज !


चिंगारियां नागराज के चेहरे पर उड़ रही थीं-
मुझे पता था कि तुम अपना मिशन पूरा करने यहां जरूर आओगी, और ये भी जानता था कि शैतानों के रूप में ही आओगी क्योंकि तुम्हें यही रूप सूट करता है!
मुझे जिन्दा और यहां देखकर हैरान हो मारकोस!
होटल में विस्फोट के साथ ही मैं मलबे के नीचे दब गया था, लेकिन मेरे शरीर में वास करने वाले सैकड़ों सर्पों ने जमीन खोदकर मुझे मलबे के नीचे ही नीचे से निकाल दिया था!
वहां से निकलने से पहले सुप्रीमो की जेब में से भी मैं एक कार्ड प्राप्त कर चुका था!
मुझे पूरा यकीन है कि ये कार्ड्स तुमने ही उन चारों को भेजे होंगे।
यहां बुलाने के लिए!
तुम उन्हें यहां प्रेजीडेंट की हत्या करने के बाद शायद मार डालने वाली थीं...
... मगर उससे पहले मैं तुमसे टकरा गया और तुमने मेरी मदद से चारों को एक-एक कर पहले ही मरवा डाला! भूल ये कर दी कि वो कार्ड उनकी जेबों से गायब नहीं किए!


वो कार्ड्स ही मुझे यहां ले आए! उन चारों के कार्ड्स को जोड़कर जो क्लू बना वो इस प्रकार था!
बार्सिलोना! यानी कि जगह!
MERCE08
पायरोटेक्निक शो यानी कोरियोग्राफ़ी!
X Festival Pirotecnic International de Barcelona
ला-मर्स फेस्टिवल! यानी कि दिन 26 से 28 सितम्बर!
मुंह से आग उगलता ड्रेगन यानि कि मर्डर वैपन!
तुमने कहा था कि जल्द ही तुम अपना मिशन पूरा कर लोगी!
तो मैं समझ गया कि तुम इसी उत्सव में कोई गड़बड़ करने वाली हो! तुम्हारे नाटक का पटाक्षेप हो चुका है मारकोस!
लेकिन तुम मुझे नहीं मार सकते नागराज!
अगर तुमने मारकोस को मार दिया तो तुम अपने वादे पर खरे नहीं उतरोगे क्योंकि मारकोस के साथ ही वो साशा भी मर जाएगी! जिसे तुमने प्रोटेक्ट करने का वादा किया है!


मारकोस साशा का रूप धरकर बोल रहा है!
नहीं मारकोस!
वास्तव में साशा तो कोई है ही नहीं! वो तो केवल एक आवरण है! एक नाम!
और साशा का केवल नाम ही नागराज से जुड़ा है!
और वो नाम! मारकोस के साथ नहीं मरेगा!
नागराज साशा की हमेशा प्रोटेक्ट करेगा!
वो जिन्दा रहेगी मारकोस!
नागराज के दिल में!
क्योंकि बुराई साशा में नहीं, मारकोस में है!
और उस पल नागराज ने साशा की आंखों को भीगते हुए देखा था-
नागराज ने प्रेजीडेंट की हत्या की साजिश को नाकाम कर दिया था-
मगर उसका खूनी सफर कभी खत्म नहीं होने वाला था-
क्योंकि अभी उसे तलाश थी मारकोस की प्रेजीडेंट की सुपारी देने वाले की-

समाप्त


गोलियां चलाते हैं।
बारूद में आग लगाते हैं।
रोज बहाते हैं निर्दोषों का लहु!
क्या अपनी डिमांड्स मनवाने का उनका यह तरीका सही है?
नहीं।
यह तरीका सरासर गलत है। यह आतंकवाद है और आतंकवाद को कुचल देगा
आतंकहर्ता नागराज
सावधान!
इस बार नागराज जा पहुंचा है...
लंदन
संजय गुप्ता पेश करते हैं!
ऑप्रेशन सर्जरी
राज कॉमिक्स है मेरा जनून!!
परिकल्पना : विवेक मोहन, क्षितीश
लेखक : संजय गुप्ता, तरुण कुमार वाही
पेंसलिंग : ललित कुमार शर्मा
इंकिंग : जगदीश कुमार
कलर इफेक्ट्स : जॉन पॉलोस
सम्पादक : मनीष गुप्ता



मैड्रिड सिटी -
स्पेन -
सॉरी सर! पंक्चर के कारण आपको परेशानी हुई!
कोई बात नहीं! मगर जल्दी करो!
नागराज 'स्पेन' से इटली कूच की तैयारी में था!
BREAKING NEWS
चैक पोस्ट पर लावारिस मिली एक वैन में आर. डी. एक्स. विस्फोटकों से स्कॉटलैण्ड पुलिस चौंकन्नी। कोई गिरफ्तारी नहीं!!
ALL IN ONE
फिर जल्दी ही -
क्या साब? जिन्दगी कितना डराने लगी है! सड़क के अंधे ट्रैफिक में जान का डर! इस डर से बचो तो रात-बिरात लुटेरों के हाथों लुटने, पिटने, मरने का डर!


लुटेरों से बचो तो आतंकवादियों की हरकतों मे मौत का डर!
जीना है तो डरना छोड़ दो!
वाह साब वाह! क्या बात कही है! पर ये डर कोई सवारी तो है नहीं कि उसे कहीं पर भी छोड़ दूं!
…देखा साब!
द… देखा!…
अरे!
साब कहां गया?
" माम्बर ग्रुप के खात्मे के बाद मुझे लगा था-"
" कि स्पेन में इस तरह की आपराधिक घटनाओं में कमी आएगी-"
TAXI


" पर अपराध उस अमर बेल की तरह है जिसे पनपने के लिए जड़ की जरूरत नहीं होती-"
" उसे जितना काटो वह उतनी ही बढ़ती जाती है-"
अरे ! ये शिकार की कार की छत पर कौन आ मरा ? उसे पहले मारूं या अंदर वाले को !
दोनों को एक साथ मार ! जल्दी कर ! तू पहले ही बहुत देर कर चुका है !
सांप ! वो तो सांप छोड़ रहा है !
एक... एक इधर भी है !
उसे उठाकर बाहर फेंक दे ! स्टेयरिंग पकड़ !



स्टेयरिंग पकड़ बेवकूफ!!
धड़ाक!!
आह! मैंने सुना है जहां नाग, वहां नागराज! त... तुम नागराज हो!
हां!
पर तुम कौन हो? उफ! तुम काफी घायल हो गए हो!
न... नागराज! म... मैं बचूंगा नहीं!
नागराज! मेरा नाम मैड्रिक रदरफोर्ड है! मैं एक क्रिप्टोग्राफर हूं! कोड भाषा को पढ़ता हूं! आह!
ये मेरा सौभाग्य है कि तुम मुझे यहां मिल गए!
नागराज! मैं स्पेन में किसी काम से आया था! मुझे नहीं पता ये हमलावर कौन लोग हैं! और इन्होंने मुझ पर हमला क्यों किया?
मुझे स्कॉटलैंड वापस बुलाया गया था! मेरे स्टाफ के लोग कह रहे थे कि ब्रिटेन को टेरोरिस्ट थ्रेट मिली है! लंदन विल लूस इट्स स्पाइन!
शायद वहां मेरी सेवाओं की जरूरत है!
आज ही मैंने वहां विस्फोटक मिलने का समाचार भी सुना है! पूरा ब्रिटेन पहले से ही आतंकवादियों के निशाने पर है नागराज!
तुम विश्व आतंकवाद के सफाए के सफर पर निकले हो!
तुम्हें यू. के. जाना चाहिए! यू. के. को तुम्हारी जरूरत है! आह...


नागराज आपका बलिदान बेकार नहीं जाने देगा ! मिस्टर रदरफोर्ड !
हां, अम्मी जान ! अल्लाह ताला की दुआ से मैं स्कॉटलैंड एयरपोर्ट से बोल रहा हूं !
अल्लाह ताला की दुआ से मैं यहां से निकल रहा हूं ! कल रात तक लाहौर पहुंच जाऊंगा !
रबा और सानिया कैसी हैं ?
अल्लाह की मेहर है आसिफ बेटा ! मां - बेटी दोनों भली चंगी हैं !


ISD PCO
और सानिया तो बिल्कुल अपनी मां पर गई है! चांद का टुकड़ा है तेरी बेटी सानि... या!
अरेरे! ये क्या कर रहे हैं आप लोग? ये क्या बेहूदगी है?
अ... आसिफ बेटा! क्या हुआ? क्या हो रहा है वहां तेरे साथ? अरे... तू कुछ बोल क्यों नहीं रहा?
TICKET
WORRY
आखिर आप लोग बता क्यों नहीं रहे? मेरी फ्लाइट का वक्त हो रहा है! ये क्या मजाक है?
डॉक्टर आसिफ! तुम गिरफ्तार किए जाते हो! तुम पर एम्बुलेंस में आर. डी. एक्स. भरकर आतंकवादियों तक पहुंचाने का इल्जाम है! यहां तबाही के बीज बोकर वापस भागना चाहते हो?
ये गलत है!
ये झूठ है!
मैं यहां से भाग नहीं रहा! अल्लाहताला की दुआ से लाहौर में मेरी बच्ची पैदा हुई है और मैंने अभी तक उसका मुंह भी नहीं देखा है! मैं उसे देखने जा रहा हूं! मैं पन्द्रह दिन बाद वापस लौटने वाला हूं!
AIR TICKET
एक तरफा एयर-टिकट के साथ? अगर तुम्हें वापस लौटना होता तो तुम्हारे पास रिटर्न टिकट होता!
मुझे रिटर्न टिकट मिला नहीं! फिर मेरा वापसी का प्रोग्राम भी तय नहीं है!


इस गद्दार का रिटर्न टिकट मेरे पास है!
रोको उसे! रोको उसे!
श... शूट ह... हिम!
भड़ाक
आत्मघाती विस्फोट ने जबरदस्त सनसनी मचाई-
डॉक्टर आसिफ अभी जिन्दा है! इसे बचाना जरूरी है!
पिंयू पिंयू
TATTOO
AMBULANCE
मैं डॉक्टर सारकोमा बोल रहा हूं!
तुम्हें डॉक्टर आसिफ का पोस्ट मार्टम करना है!
डाक्टर चिन्तित थे-
इसकी हालत नाज़ुक है! चोटें सिर पर लगी हैं! ये कोमा में है! बच भी सकता है! नहीं भी!


नहीं बचेगा!
मैं बचने नहीं दूंगा!
मुझे इसके पोस्टमार्टम का आदेश मिला है। और पोस्टमार्टम लाशों के ही होते हैं!
नाग?
स्स्स्स
भड़ाक!!
नाग मतलब नागराज-
हैलो डॉक्टर!


खच्चाक!!
इंजेक्शन में जहर भरा है...
...जाओ अपनी जान बचा लो!
इंजेक्शन में मेरा खून भरा है!
खच्च!!
आह!
और मैं तो तुम्हें ये भी नहीं कह सकता कि जाओ, अपनी जान बचा लो!
आं... क... कौन... हो... त... तुम?


हैण्ड्स अप!!!
दुनिया के एक ही इंसान के खून में ऐसा जहर है जो किसी को मोम की तरह पिघला सकता है! और वो है नागराज! ये नागराज है!
ह... हैण्ड्स डाउन! ओह! हैण्ड्स अप तो किया ही नहीं!



मेरा नाम ऐण्डी मिल है नागराज ! ये डॉक्टर आसिफ है ! किसी ने आज ही स्कॉटलैंड पुलिस को ये खबर दी कि दो दिन पहले एम्बुलेंस में मिला आर. डी. एक्स. डॉक्टर आसिफ ही लेकर जा रहा था, मगर सिक्योरिटी चैक देखकर घबरा गया और एम्बुलैंस को वहीं छोड़ भागा !
लेकिन तुम यहां कैसे पहुंचे ?
वहां एयरपोर्ट के बाहर जो कुछ भी हुआ, उसे देखकर मुझे लगा कि मैं जिस मंजिल की खोज में यहां आया हूं, उस तक पहुंचने की शुरुआत शायद डॉक्टर आसिफ से हो सकती है !
मिस्टर मिल ! अपनी कुशल कार्यशैली के आधार पर स्कॉटलैंड की पुलिस दुनियाभर में प्रसिद्ध है !
लेकिन क्या सिर्फ एक सूचना के आधार पर ही स्कॉटलैंड पुलिस किसी को भी आतंकवादी गतिविधियों में शामिल मान लेती है !
नहीं नागराज ! सूचना मिलते ही हमारे साइबर क्राइम सेल ने डॉक्टर आसिफ का कंप्यूटर और एक हार्ड डिस्क जब्त की ! हार्ड डिस्क में स्टोर सभी ई-मेल्स इंटरनेट चैट्स और अन्य डेटा की जांच में ये पाया कि...
... लंदन में कुछ लोग कुछ बड़ी आतंकवादी कार्यवाहियों को अंजाम देने वाले थे ! डॉक्टर आसिफ ने ऐसी कई वेब-साइट्स पर 'सर्फ' किया था, जिनका संबंध आतंकवादी गतिविधियों से है !
उसके पास से एक सीडी भी मिली है ! लेकिन उसकी भाषा कोडवर्ड में है ! और आतंकवादियों ने हमारे क्रिप्टोग्राफर मिस्टर रदरफोर्ड को भी स्पेन में मारकर हमारा काम मुश्किल कर दिया है !
शायद ये लोग वही हैं जिन्होंने पहले एयरपोर्ट के बाहर आत्मघाती हमले में और फिर यहां डॉक्टर आसिफ को मारने की कोशिश की ! वो लोग नहीं चाहते कि क्रिप्टोग्राफर जैसा कोई अफसर यहां हो ! इन घटनाओं से लगता है कि इन लोगों के हाथ बहुत लंबे हैं !




सर!
पेशेंट को होश आ रहा है!
इ... इंग्लैंड... नहीं बचेगा...
... ड... डॉक्टर... एस ओ... सि... आह!
ये तो वापस कोमा में चला गया!
ये कुछ कहना चाहता था!
कह तो रहा था कि ये लोग इंग्लैंड को तबाह करना चाहते हैं!
शायद वो कुछ और कहना चाहता हो!
अभी तो हमें ये सोचना है कि डॉक्टर 'एस. ओ. सी.' से इसका क्या मतलब हो सकता है!
चैक करना होगा कि एस. ओ. सी. से किसी डॉक्टर का नाम तो शुरू नहीं होता!
मेरे विचार में ये 'डॉक्टर्स-एसोसिएशन' के बारे में कहना चाहता था!


'एसोसिएशन ऑफ डॉक्टर्स' के प्रेजीडेंट मिस्टर लेपर्ड-
वो विदेशी डॉक्टर हमारी डॉक्टर्स एसोसिएशन का नाम क्यों ले रहा है?
और विदेशी रिक्रूटमेंट का काम तो वैसे भी नेशनल हेल्थ डिपार्टमेंट का है!
मुझे लगता है वो अस्थाई विदेशी कामगार एसोसिएशन का नाम लेना चाह रहा होगा!
कभी-कभी ऐसे लोगों को शॉर्ट टर्म टेम्प्रेरी वीजा दिया जाता है!
ये ऐसे ही लोगों की एसोसिएशन हो सकती है!
और उस एसोसिएशन का चीफ था डॉक्टर जैडो!
डॉक्टर आसिफ भी टेम्प्रेरी वीजा पर स्कॉटलैंड के पेसले में रॉयल फोर्टिस अस्पताल में डॉक्टरी कर रहा था!
हमें उससे तो कोई जानकारी नहीं मिल पाई लेकिन शायद आप उसके बारे में कुछ बता सकें!
डॉक्टर आसिफ हमारी एसोसिएशन का सदस्य जरूर है लेकिन वो आतंकवादियों से मिला हो सकता है, इस पर विश्वास करना मुश्किल है!
मुझे लगता है स्कॉटलैंड पुलिस को बड़ी भारी गलतफहमी हुई है! एक डॉक्टर आतंकवादी कभी नहीं हो सकता!
आपको जानकर हैरानी होगी डॉक्टर जैडो कि एयरपोर्ट के बाहर डॉक्टर आसिफ की गिरफ्तारी के समय जो आत्मघाती वहां पहुंचा था, वो भी एक डॉक्टर था!
फिर मेरे पास ऐसी कोई जानकारी नहीं है जिसे मैं मदद के रूप में आपको परोस सकूं!
और... ये... अरे! कहां गया!



तुम्हारे साथी को मैंने कमरे से बाहर जाते देखा था!
ठीक है! मैं जा रहा हूं! अगर डॉक्टर आसिफ के बारे में कोई जानकारी मिले तो छिपाना मत! मुश्किल में पड़ोगे!
मुश्किल में तो तुम पड़े ही हुए हो डॉक्टर जैडो! और अगर तुमने मदद का हाथ नहीं बढ़ाया तो तुम्हारे साथ-साथ दूसरे डॉक्टर्स भी मुश्किल में पड़ सकते हैं!
कौन हो तुम?
एण्डी मिल का वही साथी... नागराज!
न... तुम नागराज हो?
हां! अब मुझे 'मिल' के साथ की जरूरत नहीं थी!
और तुम जो बातें मिल से छिपाना चाहते थे वो शायद मुझे बताने में तुम्हें कोई नागवारी नहीं होगी!
डॉक्टर जैडो! डॉक्टर आसिफ पर दूसरा जानलेवा हमला करने वाला भी एक जूनियर डॉक्टर ही था!
ये रहा उसका परिचय-पत्र! वो जॉर्डन मूल का डॉक्टर टिगीरियो था!
एक साथ तीन-तीन डॉक्टरों का इस घटना में शामिल होना और उनकी हरकतों के बारे में तुम्हारी अनभिज्ञता नागराज के गले नहीं उतर रही!
और मैं अंदर आते वक्त देख चुका था कि तुम कंप्यूटर पर किसी गुप्त भाषा को पढ़ने की कोशिश कर रहे थे! हमारा आभास पाते ही तुमने उस फाइल को कंप्यूटर स्क्रीन से हटा दिया था!


और हमारे बाहर जाते ही तुमने फिर वही फाइल खोल ली है।
और ये डॉक्टर आसिफ से संबंधित है!
नागराज मुझे यकीन नहीं होता कि डॉक्टर आसिफ एक आतंकवादी है! दरअसल ये सी.डी. उसने मुझे लाहौर जाने से पहले भेजी थी! लेकिन पासवर्ड ना होने के कारण मैं इसे खोल नहीं पा रहा हूं!
शायद इसमें उसकी बेगुनाही का कोई सबूत हो। मैं वही पता लगाने की चेष्टा कर रहा हूं!
क्या तुम्हें क्रिप्टोग्राफी का ज्ञान है?
संपूर्ण ज्ञान तो नहीं है, मगर फिर भी मैं इसे डीकोड करने की चेष्टा कर सकता हूं!
ये सिर्फ एक बेकसूर की जान का ही नहीं, बल्कि पूरी बिरादरी के माथे पर लगे कलंक को धोने का सवाल है!
सच तो ये है नागराज कि मैं विदेश में हूं! मैं यहां किसी मुसीबत में नहीं पड़ना चाहता!
इसलिए मिल के सामने मैंने कुछ भी नहीं कहा! लेकिन मैं तुम्हें जरूर बताऊंगा!
डॉक्टर आसिफ अक्सर अपने एक दोस्त से मिलता था! वो अफ्रीकी मूल का है! उसका नाम है डॉक्टर ओल्गा!



कहानी 19 पेज से जारी



नागराज को डॉक्टर ओल्गा सबकुछ बताता जा रहा था-
मैं तो सपने में भी नहीं सोच सकता था कि डॉक्टर आसिफ एक आतंकवादी होगा!
और तुम मुझ पर शक मत करना नागराज!
क्योंकि किसी का कोई दोस्त आतंकवादी है तो इसका ये मतलब हर्गिज नहीं कि उसका पूरा सर्किल ही आतंकवादी लोगों से भरा होगा!
मैं तुम पर शक नहीं कर रहा ओल्गा!
सिर्फ सच्चाई का पता लगाने की कोशिश कर रहा हूं!
नागराज के वहां से जाते ही ओल्गा बड़ी तेजी से फोन पर झपटा और-
हैलो!
डॉक्टर सारकोमा।
वो इंडियन यहां आया था!
वो विषाणु हमारा कुछ नहीं बिगाड़ सकता! तुम ध्यान रखना! डी. डी. टी. पाउडर लेकर कंपाउंडर तुम्हारे घर के बाहर पहुंच चुका है! गंदगी काफी बढ़ गई है! कीटाणुओं को मारने के लिए आज रात ही छिड़कना होगा डी. डी. टी. पाउडर! ऑपरेशन सर्जरी जरूर सफल होगा!
ओह!
डी. डी. टी. पाउडर आ गया है!
हां! ऑपरेशन सर्जरी जरूर सफल होगा डॉक्टर सारकोमा!
वो कार उठाने के बाद डॉक्टर ओल्गा का काम शुरू हो चुका था-
LON-0670


लेकिन अगर वो आसपास की हवा पर ध्यान देता तो पता चलता कि उसके इर्द-गिर्द की वायु जहरीली हो रही है-
डॉक्टर ओल्गा ने कार को डिस्कोथेक में लाकर पार्क कर दिया-
सर! आपके बचे हुए पैसे!
आ... रख लो!
मिस्टर ओल्गा! डिस्कोथेक में जाने का रास्ता उधर से है!
तुम मुझे कैसे जानते हो? कौन हो तुम?
लो! पहचान लो!
हां, मैं!
उस वक्त मैं तुम्हारे घर से जाने के लिए जैसे ही मुड़ा...
त...तुम?
"...तुमने मेरी पीठ के पीछे खुशी से मुट्ठियां उठाई थीं! मानो कोई बला टल गई हो! और ये दृश्य मुझे आइने में दिख गया था"—



मैं समझ गया था कि तुम मुझसे कुछ छुपा रहे हो! और मैं तुम्हारे पीछे लग गया! मुझे यहां देखकर तुम्हारे चेहरे पर पसीना और बढ़ गया है डॉक्टर ओल्गा! तुम चाहो तो अपनी दायीं जेब से पिस्तौल निकाल कर मुझे गोली मार सकते हो!
लेकिन ये तो मैं तुमसे पूछकर रहूंगा कि सौ डॉलर में कार पार्क करने के बाद तुम डिस्कोथेक जाने की बजाए वहां से भाग क्यों रहे हो?
बौखलाए डॉक्टर ओल्गा ने जेब से कुछ निकाला तो सही, मगर वो चीज पिस्टल नहीं थी-
अब तुम भी भागोगे नागराज!
" ओह डेटोनेटर-"
ये धमाका तो शुरुआत है नागराज! अभी कई बड़े धमाके होंगे!
हम बदला लेंगे! आंख के बदले आंख! एन आई फार एन आई! हा हा हा!
" अगर ये विस्फोट पार्किंग में हुआ तो जानमाल की भयंकर हानि होगी-"
" पार्किंग डिस्कोथेक से सटी हुई है, जिसमें इस वक्त सैकड़ों लोग होंगे-"


" एक इंसान के तौर पर मैंने कभी नहीं चाहा- "
" कि मैं लोगों की जान लेने वाले एक जल्लाद का रूप धरूं- "
" पर श्रीराम को भी रावण का संहार करना ही पड़ा था- "
क्या हुआ?
क्या हुआ?
" मैं भगवान नहीं हूं- "
ये कौन है?
उफ! वो जो भी है, मसीहा है! बचा लिया उसने हमारी ज़िन्दगियों को!
सांपों की रस्सियों पर झूलता जा रहा है!
उसने तबाही को होने से रोका!
" पर जिन्हें मैं मार रहा हूं- "
वो नागराज है!
" वो भी इंसान नहीं है- "


आतंकवादियों को देखकर जिसकी रगों में दौड़ता जहर फुंफकारने लगता है-
" डॉक्टर ओल्गा के कहने का क्या मतलब था ? और संकेत क्या है ? आतंकवादियों का अगला निशाना क्या होगा ? "
" उसके आखिरी शब्द थे आंख के बदले आंख लेंगे- "
" मौत को सिर पर देखकर जुनूनी व्यक्ति अपनी हरकतों के बारे में बताने लगता है- "
" कहीं मरते- मरते उसने किसी क्लू की तरफ इशारा तो नहीं किया था- "
"AN EYE FOR AN EYE".
यस सर! मैं आपके लिए क्या कर सकती हूं!
मुझे ब्रिटेन टूरिस्ट गाइड चाहिए!
Please hold for a minute.


हमारा बच्चा इंसानियत के सिद्धान्तों को मानने वाला और बेगुनाह है!
मेरा आसिफ आतंकवादी नहीं है। मैं एक मां हूं! मां से ज्यादा अपने बच्चों को कौन जान सकता है!
उसने अभी अपनी नवजात बेटी की शक्ल भी नहीं देखी! वहां से लाहौर की फ्लाइट पकड़ने से पहले उसने फोन पर मुझसे कहा था कि मां, यहां भारी गड़बड़ है! मैं आ रहा हूं!
कोई उस गड़बड़ का पता क्यों नहीं लगा रहा?
मेरे बेटे को दोषी बनाया जा रहा है! वो निर्दोष है!
पर वहां कोई उसकी मदद करे या ना करे...
...खुदा सब देख रहा है! और मुझे उस पर पूरा भरोसा है! वो मेरी कोख को कभी लांछित नहीं होने देगा!
पाकिस्तानी मां के मगरमच्छी आंसू!
हा हा हा!


दुनिया में किसी भी देश की मां के आंसू कभी मगरमच्छी नहीं होते!
और इस बात को भूलना मत!
ओह!
सच्चे आंसुओं में ताकत होती है-
?
LONDON EYE
"लंदन आई-"


लंदन आई-
लंदन का एक फेमस टूरिस्ट स्पॉट-
'लंदन आई' से पूरे लंदन का विहंगम दृश्य देखा जा सकता है-


और इन 'ब्लू आईज' यानी खूबसूरत नीली आंखों में सारी दुनिया का -
ध्यान रहे! आतंकवादी कहीं भी कुछ भी कर सकते हैं!
ओ. के. चीफ!
मैं किसी भी संभावित खतरे से निबटने के लिए तैयार हूं!
टैरा के रहते कोई भी आतंकवादी यहां लंदन आई पर 'पर' भी नहीं मार सकता!
टैरा ब्लू आइज-
इंस्पेक्टर बुखारी!
कोई भी बिना तलाशी के लंदन आई में ना जाने पाए!
ओ. के. मैडम!
मिस्टर स्मिथ!
आप कंट्रोल रूम से सीसीटी.वी. के जरिए यहां के चप्पे-चप्पे पर नजर रखिए।
आप लोग भी चारों तरफ फैल जाइए!
कोई भी संदिग्ध व्यक्ति दिखे तो उस पर निगाह रखो, और मुझे इनफार्म करो! गो गो फास्ट!


टैरा ब्लू आइज-
ब्रिटिश खुफिया सेवा 'एम. आई- 5' की 26 वर्षीय, फुर्तीली, खुर्राट एजेंट-
व... वहां सामने बिल्डिंग के टॉप पर कोई है!
कोई ओवरकोट, हैट लगाए?
वो जो भी है, उसकी नजर लंदन आई पर है!
जेम्स! बाथम! उसे चैक करो!
फास्ट! मूव! फास्ट!
अरे! कहां गया?
वो उस तरफ है!
ये इतनी जल्दी नीचे यहां तक कैसे आ गया?
रुको!
!


ये रुकने वाला नहीं था-
वो पागल हो गया है!
वो कूदना चाहता है!
उसे मरना ही है तो शरीर पर आग क्यों लगाई?
शायद भीड़ का ध्यान अपनी तरफ खींचने के लिए!
शायद वो कोई करतबबाज है!
ZZA
अपना हैट हटाओ! हरीअप!
अरे! कोई रोको उसे!
वो कूद जाएगा!
पुलिस वहां तक कैसे पहुंचेगी?
तुम्हें और मुझे जिसकी तलाश है वो ऊपर है!
वो नीचे आ रहा है!



और मुझे ऊपर जाना होगा!
भीड़ को लंदन आई से दूर करने के लिए ये सांप तुम्हारी मदद करेंगे!
सांप
सांप
सांप!
आं!
ये तूने अच्छा किया कि खुद ही अपनी मौत को चुन लिया वरना आज नागराज भी तुझे ऐसी ही भयानक मौत देता!
किसी को उसके पास मत जाने देना...
... यहां नागराज है!
धड़



वहां नागराज अभी नहीं पहुंचा था-
पापा! मुझको टैडी बेअर चाहिए!
वो टैडी बेअर नहीं, टैडी बम है, बेटे!
हां! हम सबकी मौत!
अरे कोई उठाकर उसे भी नीचे फेंको!
सुना नहीं कूदने से पहले वो आतंकवादी क्या कह रहा था!
उसे हाथ भी लगाया तो वो फट जाएगा!
और हाथ नहीं लगाया तो भी तो फटेगा!
यहां रहे तो मौत पक्की है! नीचे कूदकर बचाओ अपनी जान!
पागल हो गए हो क्या? हम टॉप लेवल पर हैं! कूदकर हर्गिज नहीं बचेंगे!
नीचे गिरकर शायद हाथ-पांव टूट जाएं! मगर जिन्दगी शायद बच जाए! पर यहां तो हण्ड्रेड पर्सेन्ट मौत है!




नागराज के लिए वो एकदम अप्रत्याशित सी स्थिति थी-
रुको !
ऐसा मत करो !
वहीं रहो !
मैं आ रहा हूं !
नागराज का एक-एक पल कीमती था-
स्क्रि्झ्ssss
मगर नीचे गिरते लोगों को भी तो भगवान भरोसे नहीं छोड़ सकता था-
स्क्रि्sssझ
स्पाकsss
स्पाssssक



अरे रुको! रुको! नीचे कोई है जो सांप रस्सियां छोड़ - छोड़कर नीचे कूद गए लोगों को बांध रहा है!
हट जाओ! पीछे हट जाओ! मुझे अंदर आने का रास्ता दो!
कोई सर्प रस्सी पर चढ़ा आ रहा है!
ये नागराज है!
ग्रीन मैन!
उस आतंकवादी ने यहां बम लगाया हुआ है!
बम उस टैडी बेअर में है!
मददऽऽऽ
मददऽऽऽ


नहीं नागराज ! रुको ! वो कह रहा था कि इसे छुआ तो ये फट जाएगा !
ओह !
नागराज ! तुम हमें इस मुसीबत से कैसे बचाओगे ?
मुझे इस पूरे लंदन आई को बचाना है ! क्योंकि ये धमाका हुआ तो सैकड़ों लोग जो इसके दूसरे केप्सूल्स में फंसे हुए हैं, उनकी भी जान जा सकती है ! आप लोग धैर्य से काम लें !
और मुझे भी धैर्य से काम करने दें !
शीतनाग बाहर निकलो !
केबिन के दरवाजे से ठीक बम के नीचे से होते हुए तुम्हें बर्फ का एक स्लोप तैयार करना है...
... जो नीचे टेम्स नदी तक बनेगा !
स्पूssssश


बर्फ का स्लोप तैयार हो चुका था -
नागराज का काम अभी पूरा नहीं हुआ था-
टैडी बेअर को लिए वो टुकड़ा बर्फ के स्लोप पर आ गिरा -
और तेजी से नीचे को फिसलता हुआ...
...सीधा टेम्स नदी में आकर गिरा -
35


और दूसरे ही पल उस भयानक धमाके ने ढेरों पानी दूर-दूर तक उछाला –
बूम्म
ये धमाका हमारे बीच होता तो मौत का तांडव मचाता !
कहर कहो, कहर !
इस धमाके से लंदन आई का नामोनिशान मिट जाता !
धमाके के बाद पूरा लंदन आई नीचे गिरता तो सैकड़ों जानें ले लेता !
ओ... ओ माई गॉड ! तो ये प्लान था उस आतंकवादी का !
टेरा की नीली आंखें फटी हुई थीं –
खुद को शोलों में घिरा दिखाने के पीछे उसका मकसद था कि लंदन आई पर हो रहे इस तमाशे को देखने के लिए आसपास घूम रहे टूरिस्ट वहां एक साथ इकट्ठा हो जाएं, ताकि जान-माल का भारी नुकसान हो !


नागराज ने गजब का दुस्साहस दिखाया !
नागराज नीचे कूद गया है !
लेकिन वो खुद नीचे क्यों कूद गया ?
टैरा की नीली आंखें और फटी जा रही थीं-
उनमें 'अनलिमिटेड' हैरानी थी-
नागों ने पूंछ और फन की ओर से आपस में गुंथ-गुंथकर रस्सी बना रखी है! ये रस्सी टूट गई तो नीचे गिरकर नागराज के टुकड़े हो जाएंगे !
हैरानी ये भी है कि जैसे-जैसे नागराज ऊंचाई से नीचे आता जा रहा है, उसके हाथों में पकड़ी रस्सी भी लंबी होती जा रही है ! आखिर इतने सांप आ कहां से रहे हैं !
वो नागराज के नागों का जोड़ है, टूटेगा नहीं !
37


लो! नागराज नीचे आ गया!
नागराज के सारे नाग कहां गए?
और ऊपर तक बंधी नागरस्सी भी गायब हो गई!
नीली आंखें जैसे झपकना भूल चुकी थीं-
MI-5 के सारे एजेंट और मैट्रोपॉलिटन पुलिस उस वीडियोग्राफर पर टूट पड़े-
अरेरे! मैंने क्या किया?
मुझे क्यों पकड़ रहे हो?
क्योंकि तुम्हें नागराज ने मारा है। बताओ! नागराज ने तुम्हें क्यों मारा?
क्या कर रहे थे तुम?



ये इस पूरे हादसे की फिल्म शूट कर रहा था !
उस आतंकवादी के यहां पहुंचने से लेकर आग लगाकर नीचे कूदने तक के सभी शॉट्स के अलावा इसे किसी और शॉट्स में कोई दिलचस्पी नहीं दिखी !
वो टैडी बेअर में विस्फोटक लेकर ऊपर गया !
लेकिन कड़ी जांच में भी ये टैडी बेअर ले जाने में सफल कैसे हुआ ?
मिस्टर बुखारी ?
नहीं ! रुक जाओ !
ज़िंग


अब सवाल ये उठता है ऑफिसर कि एक अपराधी मैट्रोपॉलिटन पुलिस फोर्स में कैसे आ गया?
ये गंभीर मामला है!
आतंकियों के हौसले बुलंद हैं! ब्रिटेन में आतंकवाद के तायरसों को झौंकने की पूरी-पूरी कोशिश की जा रही है!
और ये कोशिशें 2005 से की जा रही हैं नागराज! उस समय लंदन में ओवल स्टेशन पर एक ट्रेन को निशाना बनाया गया था! लेकिन ब्लास्ट की नाकाम कोशिशों के लिए चार अफ्रीकी युवकों को पकड़ा गया था!
उससे कुछ दिन पहले लंदन में हुए धमाकों में 152 लोग मारे गए थे! लंदन की वूल विच क्राउन कोर्ट में ये मामला चला था!
उस वक्त कुछ लोग इराक युद्ध के प्रति विरोध जताने के लिए आतंकवाद का सहारा ले रहे थे!
विफल आतंकी हमले की योजना पूर्व प्रधानमंत्री की विदाई के उपलक्ष्य में बनाई गई थी...


इसके पीछे मंशा इराक में उनकी भूमिका के लिए उन्हें सजा देना था! उन्होंने एक आतंकी गुट को खत्म करने के लिए अपनी फोर्स वहां मदद के लिए भेजी थी!
और अब स्कॉटलैंड में पकड़े गए विस्फोटकों के तुरन्त बाद वहां के नाइट क्लब में विस्फोट और यहां लंदन आई को उड़ाने की कोशिश...
...जिसे तुमने बड़ी खूबसूरती के साथ विफल कर दिया!
नागराज! तुम्हारी कार्यकुशलता देखकर मैं सकते में आ गई थी!...
...अभी कुछ देर पहले सकते से बाहर निकली हूं!
बाई-द-वे! नागराज! मेरा नाम टैरा है!...
...टैरा जोन्स! लोग मुझे ब्लू आई भी कहते हैं!
और नागराज, सॉरी!
सॉरी? किसलिए?
तुम्हारी वेशभूषा और संदिग्ध गतिविधियों के कारण पहले मैं तुम्हें ही वो आतंकवादी समझ बैठी थी! अपनी इस सोच के लिए मैं फिर शर्मिन्दा हूं!
वो सब अनजाने में हुआ!
मुझे ये जानना है कि लंदन आई को उड़ाने आया और फिर यहां मारा गया आतंकवादी कहीं कोई डॉक्टर तो नहीं?
नागराज! अगर मैं यहां तुम्हारे साथ खड़ी हूं तो इसका मतलब ये नहीं कि ब्रिटिश खुफिया सेवा एम. आई. फाइव के बाकी एजेंट हाथ पर हाथ रखे बैठे हैं! काम युद्धस्तर पर जारी है नागराज!


मैडम! वीडियो क्लिप से हमलावर आतंकवादियों का पता लगा लिया गया है! वो डॉक्टर रोदियो है! ये लंदन के रॉयल रेयान अस्पताल में जूनियर डॉक्टर के पद पर था!
उफ! डॉक्टर जैसे उच्च शिक्षित लोग आतंकवाद की तरफ क्यों और कैसे आकर्षित हो जात हैं!
जहां तक मैं जानता हूं टेरा, फासीवाद, नाजीवाद और मार्क्सवाद की तरह ही ग्लोबल-टेररिज्म की अवधारणा जन्म ले रही है और कुछ पढ़े-लिखे, उच्च शिक्षित लोग पैसे की बजाए अपने उसूलों और आइडियल के लिए जान कुर्बान करने को तैयार हैं!
मनोविज्ञान के विशेषज्ञ कहते हैं कि ऐसे लोग या संगठन युवाओं को मानसिक रूप से आत्मघात तक के लिए भी तैयार कर लेते हैं!
आतंकवादी संगठनों में शिक्षित व अशिक्षित युवाओं को धर्म के नाम पर दिग्भ्रमित करने के लिए अलग-अलग ट्रेनिंग की व्यवस्थाएं हैं!
उनके द्वारा जहां शिक्षितों का प्रयोग लक्ष्य साधने में किया जाता है, वहीं अशिक्षितों की जरूरत उन्हें पैदल सेना की तरह रहती है! शिक्षितों को सैनिक नहीं बना सकते! उन्हें सेनानायक ही बनाया जा सकता है!
ऐसे लोग अपने काम, अपने रहस्यों के बारे में अपने मित्रों-परिजनों तक को कुछ नहीं बताते!
LN-4C-2318


लेकिन लोगों की बचाने वाले डॉक्टर आतंकवादी बन जाएं, ये बात तकलीफ पहुंचाती है! इससे पूरी दुनिया में मेडिकल प्रोफेशन से जुड़े लोगों की विश्वसनीयता पर ही सवालिया निशान लग जाएगा!
आतंकवाद का मुकाबला करने के लिए हम तैयार हैं!
मगर केवल ब्रिटेन को ही नहीं, आतंकवाद का सामना करने के लिए पूरी दुनिया को एकजुट होना होगा!
TERA
और ऐसा होकर रहेगा! क्योंकि हमारे साथ इस अभियान में शामिल है विश्व आतंकवाद का दुश्मन नागराज भी!
'लंदन आई' नागराज की कोशिशों से ही बच सका है!
हमारे लिए आज से नागराज है लंदन- आई सुपर हीरो!




जीवन देने वाला भगवान है। डॉक्टर जीवन की रक्षा करता है इसीलिए उसे भगवान के समान माना जाता है। और जो जीवन लेता है वो शैतान है। और नागराज ऐसे शैतानों को छोड़ेगा नहीं। डॉक्टर आसिफ का क्या हुआ? उसे होश आया या नहीं? वो अपनी बच्ची की शक्ल देख सका या नहीं? आगे क्या होगा? ये जानने के लिए नागराज के इस अनोखे खूनी सफर पर आप भी रहिये हमारे साथ हरदम...

जी हां। यही है नागराज के इस सनसनीखेज सफर का दूसरा व अंतिम भाग-

# मिशन क्रिटिकल

'ऑप्रेशन सर्जरी' में आपने पढ़ा कि नागराज स्पेन से माम्बर ग्रुप के खात्मे के बाद इटली के लिए कूच करने वाला होता है कि तभी रास्ते में ब्रिटिश क्रिप्टोग्राफर की कुछ आतंकवादी हत्या कर देते हैं। मरने से पहले क्रिप्टोग्राफर 'रदरफोर्ड' नागराज को इंग्लैंड में आतंकी गतिविधियों के बारे में बताता है। उधर लंदन में डॉक्टर आसिफ पर आतंकवादियों की मदद करने का इल्जाम लगाया जाता है। पुलिस डॉक्टर आसिफ को अरैस्ट करके ले जा रही होती है कि उस पर एक आत्मघाती हमला होता है। आत्मघाती हमले में डॉक्टर आसिफ बच तो जाता है पर बुरी तरह घायल हो जाता है। लंदन पहुंचकर नागराज 'लंदन आई' पर विस्फोट करने की आतंकवादियों की चाल को नाकाम करता है। हमलावर आतंकवादी सभी डॉक्टर्स हैं। नागराज को जानना है कि वाकई डॉक्टर आसिफ आतंकवादी है? साथ ही करना है आगे होने वाले आतंकी हमलों को भी नाकाम। ब्रिटेन में घोषित हो चुका है सिक्योरिटी टॉप लेवल अर्थात 'लेवल क्रिटिकल'। इससे आगे की कहानी जानने के लिए पढ़े प्रस्तुत कॉमिक-

# मिशन क्रिटिकल

PART 2

**संजय गुप्ता की पेशकश!**
**राज कॉमिक्स है मेरा जनून!**



परिकल्पना : विवेक मोहन, क्षितीश
लेखक : संजय गुप्ता, तरुण कुमार वाही
पेंसलिंग : ललित कुमार शर्मा
इंकिंग : जगदीश कुमार
कलर इफेक्ट्स : जॉन पॉलोस
सम्पादक : मनीष गुप्ता
अतिथि सम्पादक : मंदार गंगेले

आतंकहर्ता नागराज



ब्रिटेन में हालात 'क्रिटिकल' घोषित हो चुके थे-
क्रिटिकल मतलब सिक्यूरिटी अलर्ट टॉप लेवल-
STOP
एयरपोर्ट...
... बस अड्डों...
... रेलवे स्टेशन जैसे स्थानों पर हाई सिक्यूरिटी चैक था-
और नागराज देख रहा था नागरिकों के आतंक से स्याह पड़े चेहरों को-
कुछ लोगों की कुंद मानसिकता के कारण हजारों लोगों को कितनी मानसिक यातनाएं सहनी पड़ती हैं। है ना नागराज?
खनाक
ओफ्फ! ये क्या?
स्कॉटलैंड और लंदन आई में घटी घटनाओं के कारण गुस्साए कुछ स्थानीय लोग विदेशी मूल के बिजनेस एस्टेबलिशमेंट्स पर पथराव कर रहे हैं! उन्हीं का उछाला कोई पत्थर इधर आ लगा है!
वापस जाओ
वापस जाओ
ASIA ELEC



स्थानीय लोग ऐसी घटनाओं पर क्षोभ तो प्रकट कर सकते हैं टैरा, मगर ऐसी हरकतें नहीं! ये काम शांतिपूर्वक विरोध कर रही भीड़ में शामिल कुछ एंटी-सोशल एलिमेंट्स का हो सकता है!
खैर जो भी है! उनसे निबटने के लिए पुलिस फोर्स है!
पुलिस फोर्स हमारी सिक्यूरिटी के लिए कुछ भी नहीं कर रही! उल्टे हम लोगों को ही सख्ती से तलाशी का शिकार होना पड़ रहा है! जैसे ब्रिटेन में आतंकवाद हमारी वजह से आया हो!
ऐसा कुछ भी नहीं है!
ये सच है! मैं डॉक्टर हूं! लोगों ने मेरा क्लिनिक तोड़ दिया है! वो मुझसे इलाज नहीं कराना चाहते!
'क्रिटिकल' के कानून पूरे ब्रिटेन वासियों पर लागू हैं! उन विदेशियों पर भी जो ब्रिटेन में रह रहे हैं या व्यवसाय कर रहे हैं! मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि किसी के साथ कोई भेदभाव पूर्ण व्यवहार नहीं किया जा रहा!
और तोड़-फोड़ की किसी भी घटना को बर्दाश्त नहीं किया जा रहा! दोषियों की धर-पकड़ की जा रही है!
आपने सुना होगा कि नागराज भी हमारे साथ है! वो भी तो विदेशी है! धैर्य व शांति बनाए रखने के लिए हमें आपका भी सहयोग चाहिए!


"टैरा की नीली आंखों में उस वक्त अंगारे भरे हुए थे- "
बताओ! तुम लंदन आई की घटना के जिम्मेदार उस आतंकवादी की फिल्म क्यों बना रहे थे?
मैं किसी आतंकवादी की नहीं, एक टूरिस्ट की फिल्म बना रहा था!
ये मेरा पेशा है!
उसने मुझे हायर किया था!
टूरिस्ट अक्सर मुझसे वीडियोग्राफी करवाते हैं!
मुझे उनकी मंशा का पता नहीं था!
तुम्हारी शूट की हुई फिल्म के इस हिस्से में सिक्यूरिटी गॉर्ड उसके हाथ में थमे टैडी को बिना चैकिंग के अंदर जाने दे रहा है! तुमने इस बात की रिपोर्ट क्यों नहीं की?
मेरा इस पर ध्यान नहीं गया था!
मैडम! इसके घर की तलाशी में ये चार बड़े टैडी मिले हैं!
और पांच टैडी बेअर की परचेज का ये बिल!
ओह!


पाचवां टैडी वही था, जिससे लंदन-आई को उड़ाने की योजना थी!
बोलो! पाचवां टैडी वही था!
अचानक वो वीडियोग्राफर दीवार पर झपटा और अपना सिर दीवार पर पटकने लगा-
हा हा हा! मैं जानता हूं! अब तुम मुझे टॉर्चर करोगे! पर तुम्हारा टॉर्चर मेरा कुछ नहीं बिगाड़ सकता...
... मैं मौत से नहीं डरता! मुझे मौत की परवाह नहीं!
मैं जानता हूं ये समय मेरी जिन्दगी के बिगबैंग का है! दिस टाइम देयर विल बी ए बिगर बैंग!
नागराज ने अपना शिकंजे सा हाथ उसकी गरदन पर कस दिया-
अभी तुम कितना भी चिल्लाओ! मगर फांसी के फंदे में फंसे तुम्हारे गले से अब केवल हिचकी की ही आवाज निकलेगी!
फिर-
तुमने मुझे उसे टॉर्चर करने से रोक क्यों दिया, नागराज?
कोई फायदा नहीं था!



उसके शब्दों की दृढ़ता ने मुझे समझा दिया था कि वो आसानी से टूटने वाला नहीं है!
और अगर तुम्हारी यातनाओं से टूटा भी तो तब तक शायद इतनी देर हो चुकी होगी कि हम दूसरी तबाही को रोक नहीं पाएंगे!
टैरा याद रखो कि ब्रिटेन इस वक्त बारूद के ढेर पर है! और हमें वक्त रहते ही बारूद के उस ढेर को साफ करना है!
यही तो चिन्ता का विषय है, क्योंकि इस वक्त अमेरिकी रक्षा मंत्री भी लंदन की औपचारिक यात्रा पर हैं! उनकी सुरक्षा की जिम्मेदारी भी एम. आई. 5 पर है!
उफ! अगर सांकेतिक भाषा विशेषज्ञ मिस्टर रदरफोर्ड स्पेन में मारे ना गए होते तो हम डॉक्टर आसिफ के घर से मिली सी. डी. में दर्ज सांकेतिक भाषा में लिखे मैसेज को 'डीकोड' करने में अब तक सफलता प्राप्त कर चुके होते!
क्या पता उसमें उन जगहों के नाम हों, जिन्हें आतंकवादी निशाना बनाना चाहते हों!
या फिर उन आतंकवादियों के नाम-पते ही हों!
टैरा, चलने के लिए जमीन कभी खत्म नहीं होती, केवल कदम ही सही रास्ते की तलाश में कुछ देर के लिए रुक जाते हैं!
हमारे कदम भी रुके हैं! मगर सही रास्ता बहुत जल्दी हमारे सामने होगा!
HOTEL HILTON
POLICE


फिलहाल हमारे सामने वो होटल है, जहां तुम्हारे रहने की व्यवस्था की है नागराज! ब्रिटेन सरकार ने तुम्हारी देखभाल की जिम्मेदारी मेरे कंधों पर डाली है!
तो तुम्हारी सुविधाओं का ध्यान रखना मेरा कर्तव्य है!
POLICE
बाहर इतनी फोर्स क्यों है?
हालात क्रिटिकल! सिक्यूरिटी अलर्ट हाई लेवल!
रूम नम्बर ट्रिपल नाइन!
थैंक्यू!
HILTO
नागराज! ये तुम्हारा कमरा है! तुम थके होगे! थोड़ा आराम कर लो! दिमाग को सोचने के लिए थोड़ा विश्राम की जरूरत होती है!
मैं सिर्फ फ्रेश होना चाहूंगा!


दस मिनट बाद नागराज फ्रेश होकर बाहर निकला -
ये क्या ?
कंप्यूटर पहले तो कमरे में नहीं था ?
हां ! मंगवाना पड़ा !
तुम क्या कर रही हो ?
नागराज ! तुमने कहा था कि जमीन कभी खत्म नहीं होती ! और हमारे रुके हुए कदमों को आगे बढ़ने के लिए रास्ता जल्दी ही मिल जाएगा !
मैं रास्ता तलाश करने की कोशिश कर रही हूं !
मैं उस सी. डी. को 'डीकोड' करने की कोशिश कर रही हूं, जिसे पहले मिस्टर मैड्रिक डीकोड करने वाले थे !
अब हमारे पास आगे बढ़ने के लिए दूसरा कोई रास्ता नहीं है !
नागराज ! तुम्हें मेरी मदद करनी होगी ! बस कुछ घंटों की बात है !
शायद हमारी कोशिश सफल हो जाए !


मुझे लगता है कि तुम समय बेकार कर रही हो!
मुझे मेरे ढंग से काम करने दो टैरा! मुझे जाने दो! तुम चाहो तो इसे डीकोड करने की कोशिश कर सकती हो!
मैंने तुम्हारी मदद की उम्मीद में ही ये काम शुरू करने का मन बनाया था नागराज!
क्योंकि मैं तुम्हारी क्षमताओं से वाकिफ हो चुकी हूं! मुझे लग रहा है कि अगर हम दोनों मिलकर करेंगे तो ये काम मुश्किल नहीं होगा!
हजारों लोगों की जिन्दगी और मौत का सवाल है नागराज!
और तुम अधूरी जानकारी के बिना क्या करोगे?
अगर हम कोशिश करेंगे तो ये काम हो सकता है!
9


इस समय तुम्हारा साथ मेरा आत्मविश्वास बढ़ाने के लिए काफी है!
इस बीच कहीं कोई नुकसान हुआ तो उसका जिम्मेदार कौन होगा?
हम उस नुकसान को बचाने के लिए ही काम कर रहे हैं नागराज! तुम अपना ध्यान इधर लगाओ! कंप्यूटर पर!
हमें दो घंटे हो चुके हैं और अभी तक हमारी समझ में कुछ नहीं आया है!
मैं कॉफी मंगाती हूं!
हैलो! रूम सर्विस!
दो कॉफी! साथ में कुछ सैंडविचिज! प्लीज!
कॉफी और सैंडविच रिलीफ दे रहे हैं!
लेकिन हमारे तीन घंटे खराब हो चुके हैं!


ठीक चार घंटे बाद-
उफ! अब मैं और समय खराब नहीं कर सकता!
ठीक है नागराज!
कार चलाने वाले हाथ बिना विशेषज्ञता के हवाई जहाज तो नहीं चला सकते ना!
अब तुम क्या करना चाहते हो?
अरे! होटल पर तैनात फोर्स कहां गई?
शायद कहीं और फोर्स की जरूरत पड़ी होगी! क्रिटिकल में अक्सर ऐसा होता है!
शायद कोई मैसेज आ रहा है!
नागराज! शहर की लाइफ लाइन बिग बेन अचानक बंद पड़ गई है!
बिग बेन!


बिग बेन एक क्लॉक टॉवर है ! ये जब से स्थापित हुआ है तब से कभी एक पल को भी नहीं रुका है !
बिग बेन से लंदन के लोगों की भावनाएं जुड़ी हुई हैं नागराज ! उसके बंद पड़ जाने से लोगों को अपनी धड़कनें रुकती नजर आ रही हैं ! लोग आतंकवादी हमलों के खतरे और उससे होने वाले नुकसान को लेकर आशंकित हो रहे हैं !
आतंकवादी ऐसे अवसर का लाभ उठाकर कोई अनहोनी कर सकते हैं ! इसलिए मुझे भी वहां पहुंचने को कहा गया है, नागराज !
और मैं चार घंटे पहले वहां पहुंचना चाहता था !
क्या मतलब नागराज ?
वो वीडियोग्राफर बिग बैंग बड़बड़ा रहा था ! शायद चेतावनी के लहजे में वो हमें बिग बेन का क्लू ही दे रहा था !
मगर मैं आश्वस्त नहीं था ! लेकिन अब मुझे वहां भारी गड़-बड़ लग रही है !
शायद क्लॉक का बंद होना स्वाभाविक न हो !
ओ माई गॉड ! अगर ऐसी बात थी तो तुम्हें मुझे पहले बताना चाहिए था !



लंदन को किसी की बुरी नजर लग गई है! लंदन के द्वार पर नींबू मिर्ची टांगो!
यहां तो भारी भीड़ जमा हो चुकी है!
सभी क्लॉक के चलने की प्रार्थनाएं कर रहे हैं!
उन्हें प्रार्थनाएं करने दो!
ऊपर वहां क्लॉक टॉवर पर वो दोनों कौन हैं?
क्लॉक मैकेनिक!
सर्ररर..
मुझे ऊपर जाना होगा!
नीचे कोई हंगामा मत करना!
अरे! ये तो नागराज है! लंदन आई सुपर हीरो!
क्या ये घड़ी ठीक करना भी जानता है?
शायद -
क... कौन हो तुम?
तुम्हारा काल नागराज!
जो कि समझ चुका है कि घड़ी क्यों और कैसे बंद हुई? इसे ठीक करने के बहाने ऊपर आने के पीछे तुम्हारा क्या उद्देश्य था?


जो काम उन्हें क्लॉक टॉवर से नीचे उतरने के बाद करना था, अब उसे तुरन्त करने की विवशता थी–
बिग बैंग! बिग बैंग! फोड़ दो! फोड़ दो!
जान की परवाह मत करो! नागराज वैसे भी छोड़ेगा नहीं!
तुम्हारा दुर्भाग्य! तुम रिमोट का इस्तेमाल नहीं कर पाए!
पर मैं घूंसे का इस्तेमाल जरूर करूंगा!
धड़ाक
इस बम को बारूदी पेंसिल की चिंगारियों से भी फोड़ा जा सकता है!
ये तब भी नहीं फटेगा!


अब ये चिंगारियां खुद तुम्हें जलाएंगी!
आह!
तुम्हारा नापाक उद्देश्य कामयाब नहीं होने दूंगा!
नागराज! ये यू. के. मेड देसी बम है, जिसे मॉल्टोव कॉकटेल कहते हैं!
ये बहुत बड़ा धमाका तो नहीं करेगा, मगर तेरे चीथड़े उड़ाने के लिए काफी है!
ओफ्फ!
नहींऽऽऽ आह!


बू
म
अच्छा धमाका था!
मैं तेरे हाथ नहीं लगूंगा नागराज!
सचमुच वो नागराज के हाथ नहीं लगा था। उसके हाथ लगी थी उसकी चीथड़े-चीथड़े होती कमीज-
चर्र्र्र
ओफ्फ!
ठीक उसी समय टैरा बम स्क्वैड के साथ ऊपर आ पहुंची-
नागराज! तुम ठीक तो हो ना?
कुछ सेकंड्स की देर हो जाती तो बिग बेन में इस बार बिगर बैंग हो जाना था!



कहानी 19 पेज से जारी


नीचे कूद गए इसके साथी की मेरे हाथ में छूट गई इस कमीज में मुझे उसका मोबाइल फोन मिला है!
इसमें आखिरी कॉल किसी हैरी को की गई है!
लेकिन आगे बढ़ने से पहले इस बिग बेन क्लॉक टॉवर की घड़ी को चला दूं!
इन लोगों ने घड़ी में अवरोध खड़ा कर दिया था!
ताकि फिर घड़ी को ठीक करने के बहाने ये लोग क्लॉक टॉवर पर चढ़ सकें और बारूद फिट कर सकें!
तुम्हें ये सब कैसे पता चला?


मैंने नीचे से ही बिग बेन के डायल में यह छेद देख लिया था! अब नीचे चलो!
अरेरेरे!
क्लॉक फिर से चलने लगी-
मुसीबत टल गई!
अपशकुन टल गया!
नागराज के रहते कहीं कोई अपशकुन नहीं हो सकता!
नागराज के रहते लंदन के द्वार पर नींबू मिर्ची टांगने की जरूरत नहीं!
नागराज तुम्हारे कारण ही बिग बेन क्लॉक की धड़कनें वापस लौटीं!
हां! और साथ ही अमेरिकी रक्षा मंत्री भी सुरक्षित अमेरिका पहुंच गए!
ये तुम क्या कह रहे हो?


यही कि अमेरिकी रक्षामंत्री भी उसी हिल्टन होटल में ठहरे थे, जिसमें तुमने मुझे ठहराया!
ह... हां! वो लंदन का ब... बेस्ट होटल है!
मुझे उसी होटल में ठहराने...
... और चार घंटे तक सांकेतिक भाषा डीकोड करने का बहाना बनाकर मुझे जबरन वहां रोके रखने का क्या सिर्फ यही कारण है!
नहीं!
तुम चाहती थीं कि अमेरिकी रक्षामंत्री की सुरक्षा में कोई कमी ना हो!
इसलिए तुमने मुझे वहां रखा!
तुम चाहती थीं कि जब तक रक्षामंत्री होटल से कूच ना कर जाएं, किसी भी अनहोनी को रोकने के लिए मैं वहीं रहूं! इसलिए तुमने मुझे चार घंटे वहां रुकने पर मजबूर किया! अपने काम के लिए तुमने मेरा इस्तेमाल किया है!
तुम्हारी वजह से आज न सिर्फ बिग बेन तबाह हो जाता बल्कि कई निर्दोष लोग अपनी जान से हाथ धो बैठते!
अपनी ड्यूटी के स्वार्थ को पूरा करने के लिए तुमने सैकड़ों लोगों की जान को खतरे में डाल दिया!


मुझे अफसोस है कि तुम जैसे लोग किसी देश की खुफिया सेवा का हिस्सा हैं!
नागराज सुनो!
नागराज मैं...
मुझे छुओ मत! दूर रहो मुझसे! क्या फर्क है तुममें और एक आतंकवादी में?
नागराज! उफ! मैं!
थोड़ी देर के लिए सचमुच स्वार्थी हो गई थी!
मगर तुम्हारी नाराजगी बर्दाश्त नहीं कर सकती!


"वारेन स्ट्रीट स्टेशन पर हैरी से पूछताछ करते समय टैरा का गुस्सा सातवें आसमान पर था"
तड़ाक!!
बताओ! उन लोगों के साथ तुम्हारे क्या ताल्लुकात हैं?
बताता हूं! मुझे मत मारो!
उन्होंने मुझे जान से मारने की धमकी दी थी! वो लोग चाहते थे कि मैं उनके दो आदमियों को 'विशेषऑफिसर्स ड्यूटी पास' जारी करूं!
वो लोग स्टार्ट फोर्ड जाना चाहते थे! ऑपरेशन स्ट्रेचर के बारे में कुछ कह रहे थे!
विशेष ड्यूटी पास के कारण वो लोग चैकिंग से बच जाएंगे! उफ!
उनके पास कुछ था? कोई पैकेट? कोई बैग? या कोई खिलौना?
हां! एक गिफ्ट पैकट था!
HARRY
फिर-
इसका मतलब आतंकवादी अगला विस्फोट बहुत जल्दी स्टार्ट फोर्ड के हॉस्पिटल में करने वाले हैं...
... क्योंकि स्ट्रेचर अस्पताल में ही होता है!



नागराज की निगाहें ट्रेन से उतरते उस मुसाफिर पर थीं-
डॉक्टर जैडो!
आप यहां लंदन में क्या कर रहे हैं? आप तो स्कॉटलैंड में थे!
ओह, नागराज तुम!
यहां मैं अलेक्जेंड्रा अस्पताल में एक इमरजेंसी स्पाइनल यानी रीढ़ के ऑपरेशन के लिए आया हूं। मैं इस ऑपरेशन का विशेषज्ञ हूं!
डॉक्टर आसिफ के लिए तुम्हारी कोशिश का क्या हुआ?
मेरी वो कोशिश सफल हुई! वास्तव में कोडवर्ड में वो एक पासवर्ड था जिससे मैंने डॉक्टर आसिफ की उस फाइल को खोला, जिसमें उसने अपनी पारिवारिक यादों के बारे में लिखा है! वो एक भावुक इंसान है!
वो खुदा को मानने वाला एक सच्चा मुसलमान है। ऐसा शख्स आतंकी कार्यवाहियों में शामिल नहीं हो सकता। मैंने ये बात स्कॉटलैंड पुलिस को भी बताई है।


" मुझे भी उस मां के आंसुओं में सच्चाई का बहाव नजर आता है जो अपने बेटे पर लगे आरोपों से आहत है-"
" मैंने बेहोश पड़े डॉक्टर आसिफ की आंखें देखी हैं-"
मेरा बेटा निर्दोष है! मां का दिल गवाही दे रहा है! उसको किसी सबूत की जरूरत नहीं!
" उसकी तड़पती आंखों से निकले आंसुओं की सूखी हुई वो लकीरें देखी हैं-"


" जो किसी ऐसे इंसान की आंखों के नीचे नहीं बन सकतीं, जिसे अपने दुष्कर्मों का पता हो-"
मैं नागराज हूं! मुझे स्टेशन पर लगे क्लोज सर्किट कैमरों की रिकॉर्डिंग देखनी है!
न... तुम नागराज? कोई भी बहरूपिया आकर खुद को नागराज कहने लगे...
CONTR
NO UNAUT


...तो?
उम्मीद करता हूं कि तुम सांप देखकर डर नहीं रही होगी मिस...
म... मेरा नाम लूसी है!
नागराज को उन दोनों की तलाश थी-
मिस लूसी मुझे पता करना है कि ये दोनों किस स्टेशन पर उतरे हैं!
मैं अभी पता करवाती हूं नागराज!
मैंने हर स्टेशन पर इन दोनों की तस्वीरें इंटरनेट के माध्यम से भेज दी थीं! प्रत्येक स्टेशन पर लगे क्लोज सर्किट टी. वी. की रिकॉर्डिंग को देखने के बाद लॉर्ड्स स्टेशन से खबर आई है कि इन दोनों को मैट्रो ट्रेन से वहीं उतरते देखा गया है! उनके हाथों में गिफ्ट पैक तब भी था!
यस! मुझे पता था कि हैरी के बयान में कहीं कुछ गड़बड़ है!
तुम इन दोनों को ढूंढ रहे हो नागराज तो निःसंदेह ये अच्छे लोग नहीं होंगे! मगर क्या मैं जान सकती हूं कि ये दोनों कौन हैं?
थोड़ी देर बाद टी. वी. पर देख लेना!


उधर टैरा ने स्टार्टफोर्ड अस्पताल में जबरदस्त घेराबंदी की थी-
चप्पे- चप्पे की तलाशी लो!
START FOR
लॉर्ड्स स्टेशन पर भारी सुरक्षा व मीडियाकर्मी के बीच पहुंचकर ट्रेन रुकी-
मीडिया व बैंड की मौजूदगी बता रही थी कि कोई विशिष्ट व्यक्ति आने वाला है-
Big B
वेलकम टीम इंग्लैंड!
स्वागत टीम जिम्बावे!
और ये विशिष्ट व्यक्ति, इंग्लैंड व जिम्बावे की अंडर 19 क्रिकेट टीमें थीं-
लॉर्ड्स में उनके स्वागत का भव्य इंतजाम था-
उन्हें फूल- मालाओं से लाद दिया गया था-
लॉर्ड्स में टेस्ट की जीत की शुभ- कामनाएं!
टीम कोई भी जीते, लॉर्ड्स के लोग अच्छी क्रिकेट के दीवाने होते हैं!



कुछ लोग सिर्फ मौत के दीवाने होते हैं!...
... उन्हें मौत बांटने में आनंद मिलता है!
जबरदस्त विस्फोट हुआ-
ओह नो, गिफ्ट पैक में बम था!
और गिफ्ट पैक को सर्प रस्सी से खींच लेने वाला और कोई नहीं...
... खुद नागराज है!
तो ये था ऑप्रेशन स्ट्रेचर! विस्फोट करके सबको स्ट्रेचर पर उठवाने का इरादा था तुम्हारा!
धाड़


दोनों और भी खूंखार होने लगे-
इरादा अब भी पक्का है नागराज। हैरी को हमने इसीलिए स्टार्ट फोर्ड का नाम बोला था ताकि अगर पुलिस उस तक पहुंच भी जाए तो हमारे निशाने तक ना पहुंच पाए!
लेकिन तुम जीनियस हो नागराज!
उन्होंने अपने कोट उतार फेंके हैं!
ये आत्मघाती दस्ते के लोग हैं!
इस बार तेरा भी इंतजाम करके आए हैं! अब तू खत्म होगा नागराज!
धड़ाक
धड़ाक
धम!
नागराज ने झपटकर लिफ्ट को बाहर से बंद कर दिया-
बंद लिफ्ट में तुम चाहे जितना जोरदार धमाका करो...




बाहर तक उसका मारक असर नहीं आएगा !
वूम
सॉरी ! लिफ्ट क्षतिग्रस्त हो गई !
नागराज ! रुक जाओ ! मुझे माफी मांगने का एक मौका तो दो !
हां, नागराज ! मैं अपने किए पर शर्मिन्दा हूं ! और सच कहूं तो तुम्हारी योग्यता से ईर्ष्याग्रस्त होकर खुद की क्षमता को प्रूव करना चाहती थी !
वरना ये अहसास मुझे जीने नहीं देगा !



इसी बौखलाहट में तुमसे पहले बम का पता लगाकर अपराधियों को पकड़ने की हड़बड़ी दिखाई और जल्दबाज़ी में गलत फैसले करके गलत स्पॉट पर जा पहुंची !
नागराज ! आज तुम ना होते तो लॉर्ड्स पर जो भीषण रक्तपात मचता, उसके लिए मैं अपने आपको कभी माफ नहीं कर पाती !
इन आंसुओं को रोक लो ! इंसानियत के उन दरिन्दों पर अंगारों की तरह बरसाने के लिए, जिन्होंने डॉक्टरी के पेशे को बदनाम करने की कोशिश की है !
TERA
सी. डी. को डीकोड करने वाली तुम्हारी जिस हरकत की वजह से मैं तुमसे नाराज हुआ था, अब उसी को सीढ़ी बनाकर अपनी मंजिल तक पहुंचूंगा !
तुमसे मुझे वो सी. डी. चाहिए टैरा !
मिलेगी ?
अ... ऑफ कोर्स नागराज !
टैरा की आंखें खुशी के आवेग में और छलक गईं थीं-




कहीं पर किसी की आंखें गुस्से व उत्तेजना से फड़क उठी थीं-
न... नहीं! मुझे डॉक्टर जैडो से अपना इलाज नहीं करवाना!
डॉक्टर जैडो इस तरह के ऑपरेशन में माहिर हैं हैनरी बेटा! और फिर ये बहुत अच्छे इंसान हैं! भले ही स्कॉटलैंड में जो कुछ हुआ, उसके पीछे किसी डॉक्टर का हाथ था, मगर सभी उंगलियां बराबर तो नहीं होतीं! तुम्हें जिद्द छोड़नी होगी!
हरगिज नहीं! मेरा दोस्त उन विस्फोटों का शिकार हुआ है! मैं ये बात नहीं भूल सकता!
हैनरी ठीक कहता है! इसका इलाज ब्रिटेन का ही कोई डॉक्टर करेगा!
डॉक्टर एडवर्ड! अगर हैनरी मुझसे इलाज नहीं करवाना चाहता तो मैं उसका इलाज नहीं करूंगा! क्योंकि कोई भी डॉक्टरी इलाज तो बीमारी को ठीक करने की सिर्फ एक छोटी सी कोशिश है! बीमार ठीक होता है अपने आत्मविश्वास से, जब इसका अपने डॉक्टर पर ही विश्वास नहीं है तो ये ठीक कैसे होगा! आई एम सॉरी!
आहह!
इसका दर्द बढ़ रहा है! और ये जिद्द नहीं छोड़ रहा! उफ!
मुझे डॉक्टर जे. को बुलाना होगा!
डॉक्टर जे. ने ऑपरेशन किया-
OPERATION THEATRE


फिर-
ऑपरेशन सफल हुआ!
ओह, थैंक्स गॉड!
मगर डॉक्टर एडवर्ड! आप तो कहते थे कि इस ऑपरेशन को डॉक्टर जैडो के अलावा दूसरा कोई डॉक्टर कर ही नहीं सकता था!
मैंने बिल्कुल ठीक कहा था!
तो फिर?
सॉरी मिस्टर स्टीफन! मुझे मेरे प्रोफेशन में एक बीमार और मरते हुए इंसान की जान बचाना सिखाया गया है! मैंने अपना फर्ज पूरा किया! अब आप चाहें तो मुझे कोई भी सजा दे सकते हैं!
आई एम सॉरी मिस्टर स्टीफन! डॉक्टर जे, डॉक्टर जैडो ही हैं!
मैं आपके बेटे की जान से नहीं खेल सकता था!
और यदि आप भी ऐसा ही चाहते हैं तो आप अपने बेटे पर फिलहाल ये राज जाहिर ना कीजिएगा!
मगर आप उसे एक दिन ये सच्चाई बताते हुए इंसान और शैतान में फर्क करना जरूर सिखाइएगा!
माफी तो मुझे मांगनी चाहिए! आज मैं समझ गया! जीवन देने वाले जीवन नहीं ले सकते!



डॉक्टर जैडो कुछ ही कदम आगे बढ़ा था कि-
डॉक्टर जैडो!
ओह, तुम!
मैं जब पहली बार आपसे डॉक्टर आसिफ के बारे में पूछताछ के लिए मिला था तो मेरे मन में आपके बारे में शंका थी। लेकिन आज हैनरी के ऑपरेशन वाली घटना देखकर मेरा मन आपके लिए श्रद्धा से भर उठा है!
चलो कोई है जो मुझ पर विश्वास करता है!
नागराज डॉक्टर जैडो के साथ उसके कक्ष में पहुंचा-
डॉक्टर जैडो! ये सी. डी., यू. के. पुलिस को डॉक्टर आसिफ से मिली है!
इसे डीकोड करने के लिए स्पेन से कोड भाषा को पढ़ने में सिद्ध हस्त क्रिप्टोग्राफर आने वाले थे! मगर यहां आने से पहले ही उनका कत्ल कर दिया गया ताकि वे इसे डीकोड ना कर पाएं!
आपको यहां देखने के बाद अचानक मुझे याद आया कि जब मैं पहली बार आपसे मिला था तो उस वक्त भी आप डॉक्टर आसिफ द्वारा आपको भेजी गई सी. डी. के पासवर्ड को डीकोड करने की चेष्टा कर रहे थे! और आपने सफलता भी प्राप्त कर ली थी!
मुझे विश्वास है कि इस सी. डी. का पासवर्ड भी आप ढूंढ लेंगे!


निःसंदेह! इसमें डॉक्टर आसिफ ने अपना पासवर्ड बदल दिया है!
मैं कोशिश करता हूं उसका पता लगाने की!
हां! मगर जल्दी!
क्योंकि अब हमारे पास आगे बढ़ने का यही एक रास्ता बचा है!
सक्सेस!
CD
PASSWORD ACCEPTED
क्या सच? ओह, बहुत अच्छे!
आपने ये कैसे किया?
देखो नागराज! डॉक्टर आसिफ को मैं अच्छी तरह से जानता हूं! कोई भी इंसान अपना पासवर्ड वही रखना चाहता है जिसे वो आसानी से याद रख सके! डॉक्टर आसिफ अक्सर बोला करता था अल्लाह-ताला की दुआ! यह तरकीब मैंने पहले भी अपनाई थी! इस बार उसका पासवर्ड था अल्लाह-ताला की सानिया!
ions X
computer
मगर सी. डी. में सारी जानकारी कोडवर्ड में है!
मैं इसे समझने की कोशिश करता हूं!
बचपन से आज तक मैंने कई क्रासवर्ड को सॉल्व किया है और कभी फेल नहीं हुआ! क्रिप्टोग्राफी पर कई किताबें भी पढ़ी हैं!
काश! ये बात मुझे पहले पता होती!


ठीक दो घंटे बाद -
नागराज! शायद मैं इसको समझ गया हूं! अगर मैं सही समझ रहा हूं तो आतंकवादी अब ब्रिटेन में आखिरी स्पॉट लगाने वाले हैं! और इस बार उनका निशाना है ब्लैक पूल एयरपोर्ट!
आपने ये अनुमान कैसे लगाया?
नागराज! यहां देखो इस बॉक्स में बने एक बिंदू को!
ये आंख के निशान को इंडिकेट कर रहा है!
ठहरो! मैं इसे जूम करता हूं!
नागराज! किसी भी कोड भाषा के लिए एक पैटर्न बनाया जाता है! यदि वो समझ में आ जाए तो कोड भाषा को तोड़ा जा सकता है! इस भाषा को देखो!
इसमें जहां गिनती के अंकों का प्रयोग किया गया है वहां दरअसल अंग्रेजी की वर्णमाला के शब्द लिखे गए हैं! और जहां अल्फाबेट लिखे हैं वहां अंकों का प्रयोग है!
U B H
14 4 15
15 14
k
1 13
इस अनुमान से कोड भाषा का सही तोड़ इस प्रकार है!
U. BH = 21.2.8
K 1. 13 = 11. A.M.
12 15 14 4 15 14
LONDON
= EYE
मतलब लंदन आई, तिथि- 21-2-8, सुबह ग्यारह बजे!
ओह! इसी समय तो हुआ था लंदन आई पर पहला आतंकवादी हमला!
संकेतों के हिसाब से बिग बेन क्लॉक टॉवर और लॉर्ड्स रेलवे स्टेशन पर हमले का भी वही समय इसमें दर्ज है!
और नागराज आखिरी संकेतों में एक चित्र बना है! और कुछ नम्बर्स लिखे हैं! P 724!
यह नम्बर्स पब्लिक यूज एयरोड्रम का लाइसेंस नम्बर है!
और यह चित्र ब्लैक पूल इंटरनेशनल एयरपोर्ट का लोगो है!
अगला हमला ब्लैक पूल एयरपोर्ट पर होने वाला है!
ओह! पर ये हमला किस तरह और कैसे होगा? इसके बारे में कुछ नहीं लिखा?
और समय है बारह बजकर तीस मिनट! यानी सिर्फ चार घंटे बाद!


नागराज! बस अभी तक मैं इसी पैटर्न को ही नहीं समझ पाया!
अगर समझ जाऊं तो हमले का तरीका और विस्फोट कहां होना है, ये भी पता चल जाएगा!
उसके बाद सब कुछ आनन-फानन में हुआ-
टैरा! ये तुमने अच्छा किया जो ब्लैकपूल एयरपोर्ट पर ये खबर नहीं भिजवाई! और अपने अधिकारियों से बात करके एक जेट का इंतजाम भी कर दिया!
दरअसल पूरे ब्रिटेन में 'क्रिटिकल' तो एनाउंस है ही! और अधिक सरगर्मी से आतंकवादी संदेह में पड़ जाते और शायद वो अपना स्पॉट बदल लेते!
डॉक्टर जैडो, आपको इस खतरनाक मिशन में अपने साथ लाना हमारी मजबूरी थी!
TERA
टेररिज्म तो पूरी मानवता के लिए खतरा है! आपकी मदद करना मेरा फर्ज है!
मैं पूरी कोशिश कर रहा हूं कि एयरपोर्ट पर लैंड करने से पहले मैं उस जगह और तरीके का पता लगा लूं!


नागराज! हमें ये सी.डी. डॉक्टर आसिफ के पास से मिली है! इसका मतलब उसकी गिरफ्तारी में लंदन पुलिस को कोई भ्रम नहीं हुआ! वो सचमुच एक टेररिस्ट है! उसके पास लंदन में धमाकों की डिटेल की ये सी.डी. थी!
अभी तक ये सवाल अनुत्तरित है टैरा कि स्कॉटलैंड पुलिस को आसिफ की खबर किसने दी?
क्या पता डॉक्टर आसिफ उस सी.डी. को पुलिस तक पहुंचाना चाहता हो! और यही बात आतंकवादियों को नागवार गुजरी हो और खुद उन्होंने ही आसिफ को वहां फंसा दिया हो ताकि वो उसे वहीं पर मार सकें। जैसा कि दो बार कोशिश भी हुई!
जेट ब्लैकपूल एयरपोर्ट पर लैंड कर गया–
TERA
डॉक्टर जैडो! आप जेट पर ही रहकर अपना काम करते रहिए! हम बम तलाश करने की कोशिश करते हैं! मैं नहीं चाहती कि एक मिनट के लिए भी ये कोशिश बंद हो!
एक मिनट नागराज!
SONY
इसमें कुछ मुर्दा वाहन का जिक्र लग रहा है! शायद विस्फोटक मुर्दा वाहन में लाए जा रहे हों! पर अभी मैं कनफर्म नहीं हूं!
हम चेक करते हैं!
SONY


एयरपोर्ट और आसपास के क्षेत्र में मुर्दावाहन की सरगर्मी से खोज आरंभ हो गई थी-
हमें चैक करना चाहिए कि कहीं किसी फ्लाइट से किसी मृत व्यक्ति का शव तो कहीं नहीं भेजा जा रहा!
गुड प्वाइंट नागराज!
ये तो आपने बड़ी डरावनी खबर दी है! सात सौ यात्रियों को लेकर एक बोइंग विमान हवाई पट्टी पर उड़ने को तैयार है! उसे उड़ाएं या खाली कराएं!
मेरे विचार में उसकी फ्लाइट को कैंसल करने की जरूरत नहीं है, क्योंकि उसमें कड़ी जांच के बाद ही यात्रियों को जाने दिया गया होगा! खतरा एयरपोर्ट के किसी दूसरे हिस्से पर ही मंडरा रहा है!
टैरा जोन्स! आपके लिए स्कॉटलैंड से एम.आई. चीफ का फोन है!
मेरे लिए स्कॉटलैंड से?
टैरा जोन्स! डॉक्टर आसिफ को होश आ गया है! और उसने सनसनीखेज खबर दी है! आतंकवादी आतंकी घटनाओं में उसका इस्तेमाल करना चाहते थे और ये काम खुद को डॉक्टर सारकोमा कहने वाला एक शख्स कर रहा है! डॉक्टर आसिफ के हाथ उसकी प्लानिंग की सी.डी. लग गई थी! उसके इनकार के बाद आतंकवादियों ने उसे खत्म करने की चेष्टा की!
स्पेन में लोकल अपराधियों को हमारे क्रिप्टोग्राफर मिस्टर रदरफोर्ड की हत्या की सुपारी भी डॉक्टर सारकोमा ने ही दी थी! ब्लैकपूल एयरपोर्ट पर होने वाले हमले की तुम्हारी सूचना एकदम सही है! विस्फोटक एक एम्बुलेंस में लाए जाएंगे और वैन को सीधा एयरपोर्ट लॉबी में घुसाकर विस्फोट करने की योजना है!



लेकिन डॉक्टर जैडो तो किसी मुर्दा वाहन का जिक्र कर रहे थे ? शायद उन्हें समझने में भूल हुई है ! विस्फोटक एम्बुलेंस में लाए जाने वाले हैं !
मिस्टर मैथ्यू !
कम ऑन !
मुर्दा वाहन ?
ओह नो !
नागराज ! वो नागराज है !
उधर डॉक्टर जैडो खुशी से चीख पड़ा-
पता चल गया ! पता चल गया कि विस्फोट कहां और कैसे होने वाला है ?
गुड !
पता चल गया ? कहां और कैसे होने वाला है विस्फोट ?
बेवकूफ ! विस्फोट यहीं हवाई पट्टी पर खड़े बोईंग में होने वाला है ! विस्फोटक मेरे लैपटॉप वाले बैग में भरे पड़े हैं ! और मैं इस जेट को उससे टकरा देने वाला हूं ! हा हा हा !
त... तुम... डॉक्टर जैडो आह ! ग... गद्दार !



हा हा हा! डॉक्टर सारकोसा कहो! नागराज अगर मेरे पास सी. डी. लेकर ना आता तो पूर्व योजना के मुताबिक ही विस्फोट होता!
मैं तो सकते में आ गया था नागराज के पास वो सी. डी. देखकर!
जिसे मैंने ही तैयार किया था!
मुझे लगा कि अगर मैंने सी. डी. को डीकोड करने वाली चाल नहीं चली तो नागराज हमारे बाकी मिशनों की तरह इस मिशन को भी कहीं फेल ना कर दे! इसलिए मैंने प्लान बदल दिया! और ऐसी चाल चली कि नागराज और टैरा को मुझे अपने साथ यहां लाना ही पड़ा! मेरी चैकिंग भी नहीं हुई, क्योंकि मैं तो उनकी मदद कर रहा था!
नागराज पर विश्वास जमाने के लिए ही हैनरी का ऑपरेशन उस तरीके से करने का मन बनाया था! वरना उस हरामखोर का ऑपरेशन मैं कभी ना करता!
और अब मैंने नागराज और टैरा को मुर्दा वाहन में उलझा दिया! जबकि मुर्दा वाहन तो मेरे सामने खड़ा है! यानी वो बोईंग, जिसमें सवार सभी पैसेंजर्स उस वक्त मुर्दा हो जाएंगे जब ये जेट उससे टकराएगा! जेट को बोईंग के रास्ते में डालकर मैं इसमें से कूद जाऊंगा! मुझे कोई नहीं पकड़ पाएगा! आज पूरा होगा ऑपरेशन सर्जरी!
ओ माई गॉड! ये कौन पागल जेट लेकर बोईंग के रास्ते में आ गया! कौन रोकेगा उसे?
एक दीवार थी-
व्हीSSSS


नागराज नाम था उसका-
नागराज यहां क्या कर रहा है?
नागराज को मेरी योजना का आभास हो गया! मगर अब कुछ नहीं हो सकता!
जेट बोईंग से टकराने वाला है! अब धमाके को कोई नहीं रोक सकता!
नागराज की सर्प रस्सियों ने जकड़ लिया था जेट के मुंह को-
स्वाश SS
नागराज ने सर्प रस्सी की मदद से खींचकर जेट को बोईंग के रास्ते से हटा दिया-
अब तू कोई धमाका नहीं कर सकेगा डॉक्टर जैडो उर्फ डॉक्टर सारकोमा!
डॉक्टर जैडो को जेट रोकना पड़ा-



बल्कि अब धमाका मैं करूंगा! और वो भी तेरे ही बारूद से!
नागराज! हट जा! मेरे रास्ते में मत आ! बुरी मौत मरेगा!
मैं तो मानवता के रास्ते पर था! और उस रास्ते में तो तू आया है डॉक्टर जैडो! मानवता का दुश्मन बनकर!
तू स्पाइन सर्जन बनकर यहां आया था! रीढ़ की हड्डी का सर्जन बनकर! मानवता की रीढ़ तोड़ देगा तू? मुझे ऐन समय पर रदरफोर्ड की कही बात याद आ गई! लंदन विल लूज इट्स स्पाइन!
बुरी मौत मरेगा!
बुरी मौत मरेगा विश्व में फैला आतंकवाद!
आह!
कहां हो तुम हरामखोरों! विस्फोटकों से भरी वैन लेकर अब तक घुसे क्यों नहीं एयरपोर्ट में! उड़ा दो सबको! उड़ा दो!
नागराज भी तूफानी झोंके के समान जैडो के पीछे-पीछे ही उड़ता चला आया था-
धाड़!


एयरपोर्ट पर तैनात खड़ी थी टैरा ! टैरा जोन्स ब्लू आईज -
वो एम्बुलेंस अप्रत्याशित गति से इसी ओर चली आ रही है ! रोको उसे ! फायर ! फायर ! फायर !
AMBULANCE
टैरा की आंखों में खून उतर आया था-
ताबड़तोड़ गोलियां चलीं ! एम्बुलेंस के सवार और उसके टायर ध्वस्त हो गए -
AMBULANCE
अब होना था एक धमाका-
डॉक्टर आसिफ के बारे में तूने ही सूचना पुलिस को दी होगी !
सारी दुनिया जिसे आतंकवादी समझती रही वो तो निर्दोष था ! भेड़ की खाल में छिपा बैठा भेड़िया तो तू निकला !
उसके बाद नागराज ने मुड़कर नहीं देखा था कि डॉक्टर जैडो के शरीर पर बंधे विस्फोटकों के फटने से उसका क्या हश्र हुआ था -
और वो धमाका आखिरी धमाका था-
नागराज के ध्वंसक सर्प का-
नहीं !
बूम


समूचे ब्रिटेन में खुशी की लहर दौड़ गई थी-
ब्रिटेन वासियों ने जश्न मनाया-
'क्रिटिकल' खत्म हो चुका था-
अब नागराज को आगे बढ़ना था-
अपने अगले निशाने की तरफ-
टैरा को भूल तो नहीं जाओगे नागराज!
मैं टैरा को भूलना भी चाहूं तो उसकी नीली आंखें मुझे भूलने नहीं देंगी!
सारा ब्रिटेन तुम्हें याद रखेगा नागराज!
विशेष रूप से एक मां, जिसे उसका बेटा लौटा दिया तुमने!
एक ईमानदार पिता भी! इसका नाम नाज रखना!
अब नागराज को चलना होगा आतंकवाद के खात्मे के अपने सफर पर!
समाप्त



राज
कॉमिक्स
संख्या 2281
By संजय गुप्ता
World Terrorism
आतंकहर्ता
नागराज
इस कॉमिक्स के साथ आकर्षक उपहार।
हरीमौत
Mexico
Guatemala


राज
कॉमिक्स
संख्या 2285
By संजयगुप्ता
World Terrorism
आतंकहर्ता
नागराज
Washington
इस कॉमिक्स के साथ आकर्षक उपहार।
जहरीला बारूद


राज
कॉमिक्स विशेषांक
मूल्य 30.00 संख्या 2295
आतंकहर्ता नागराज
Part 1
World Terrorism
SPAIN


राज
कॉमिक्स विशेषांक
मूल्य 30.00 संख्या 2300
आतंकहर्ता
नागराज
न्यूमेरोऊनो
Part-2
SPAIN
World Terrorism



राज
कॉमिक्स
विशेषांक
मूल्य 30.00 संख्या 2305
आतंकहर्ता नागराज
ऑपरेशन सर्जरी
Part 1
World Terrorism
ENGLAND



राज
कॉमिक्स
संख्या 2315
By संजय गुप्ता
आगामी
नागराज
मिशन क्रिटिकल
ENGLAND
इस कॉमिक्स के साथ आकर्षक उपहार।



**राज कॉमिक्स** के जनूनी मित्रों,

अभी जो आपने पढ़ी वो वर्ल्ड टेरोरिज्म सीरीज की सबसे बेकार कॉमिक्स थी। जी हां, क्योंकि आगामी कॉमिक्स **जहरीला बारूद** और उसके बाद आने वाली **माम्बर** इससे बहुत अच्छी कहानियां हैं।

इस सीरीज के लिए हमने बहुत मेहनत की, बहुत रिसर्च की गई। बहुत सी मीटिंग्स हुई। नागराज की कहानियां व चित्र बेहतरीन बनाने के लिए सभी ने अपने अपने दिमाग के घोड़े फुल स्पीड पर दौड़ा दिए। नागराज का प्रेजेन्टेशन, नागराज के लाइफ साइज एक्शन सीन्स सभी पर जी तोड़ जनून के साथ एक संयुक्त मेहनत की गई। आपके दिलों-दिमाग पर छा जाने वाले आपके चेहते सुपर हीरो ने जन्म ले ही लिया है। हम सभी तो कॉमिक पूरी होते होते इसके रुप, इसके स्टाइल्स के मुरीद हो चुके हैं। मुझे विश्वास है कि आप सभी के दिलों पर भी यह अनूठी छाप छोड़ जाएगा।

नागराज ने फिर नागराज के रूप में जन्म ले लिया है। स्वाद जरुर पुराना है लेकिन इसे भरपूर नये मसालों के साथ पकाया गया है। निकल पड़ा है नागराज विश्व आतंकवाद के सफाए के अपने असमाप्त सफर पर और कहलाया है **आतंकहर्ता नागराज**। निकल पड़ा है नागराज हर हिंदुस्तानी के दिलों पर राज करने के लिए।

**आतंकहर्ता नागराज** की कहानियां ज्यादा से ज्यादा रिअलिस्टिक होंगी। हम देश-विदेश में घटने वाली हर आतंकी घटनाओं पर नजर रखे हुए हैं और नजर रखे हुए है नागराज। हमारी कोशिश रहेगी कि नागराज आतंकवाद से जुड़े हर पहलू को उधेड़ कर रख दे। आतंकवाद को उधेड़ने के लिए अब नागराज करेगा अपनी पॉवर्स का बेहतरीन इस्तेमाल। आप भी दंग रह जाएंगे नागराज के सुपर स्नेक स्टाईल्स देख-देख कर। पहले से ज्यादा फुर्तिला, पहले से जबरदस्त फाइट मास्टर, पहले से ज्यादा विकराल फाइट सिचुएशन्स, पहले से ज्यादा खूबसूरत होगा नागराज का आतंक विनाशक रूप। अब खौफ का सफाया होगा खूंखारता से। आतंकवाद के जिद्दी दागों को अपने जहरीले पंजों से खुरच डालेगा नागराज।

नागराज अब निकल पड़ा है दुनिया के हर मुल्क की धरती से आतंकवाद को नोंच फेंकने के लिए। हर देश का देशवासी अब करेगा आतंकहर्ता नागराज को सलाम। नागराज बनेगा विश्व ह्रदय की धड़कन। अपने आप में नायाब यह हरे रंग का मानव सर्प अपनी विष फुंकार से आतंकियों को गला-गला कर सभी विश्ववासियों का कहलाएगा सुपर हीरो **आतंकहर्ता नागराज**। आप सभी नागराज फेन्स की यह इच्छा अब जल्दी ही पूरी होने जा रही है कि नागराज ही है सबसे बड़ा सुपर हीरो। जी हां, इस सीरीज का निर्माण हो रहा है लाखों-करोड़ों हिंदुस्तानी नागराज प्रेमियों के जनून से और हिंदुस्तानी जब ठान लेते हैं तो ताजमहल बना देते हैं और फिर ताजमहल को विश्व के सात अजूबों में सबसे पहला स्थान भी दिला देते हैं। नागराज को भी हम दिलाएंगे विश्व के नम्बर वन हीरो का खिताब। इसके लिए हमें चाहे दिन-रात बेइंतिहा मेहनत करनी पड़े चाहे दिमाग का लहु बहाना पड़े। हम होकर ही रहेंगे कामयाब।

हरी मौत तो आप सबकी इच्छा और लगन से हुई एक शुरुआत ही है। इसमें तो हम अपने जनून की सिर्फ एक बूंद ही दे पाए हैं। समुद्र तो अभी बाकी है।



Raj Comics Website Member. Ajay Deep Singh Dhilon, Canada
Topic- Nagraj Should go on a world tour against terrorists once again.
Posted : Sat. August, 19, 2006 —9:50 P.m.
Hello Mr. Sanjay Gupta and RC. fans, i feel that nagraj should go back to his old role of traveling around the world and fighting terrorists, similar to his older issues. This makes his character. more heroic and this is the character we grew up with and loved. feel that by making him a resident of a city, the writers are limited to the ideas they could express. Something fresh always nice, regards.

राज कॉमिक्स वेबसाइट पर इस पहली पोस्ट से दोबारा से पड़ी नागराज वर्ल्ड टेरोरीज्म सीरीज की बुनियाद। इस पोस्ट के जवाब में सागर, परीजात, चंदन, टूटी सिंह, अरुण, रंजीत, फेजल, डा.निशू, सुपरमेन, जेमिंग, डॉन, जय फ्रेंड, विशुमेडी, चक्र, बंटी 98, आदित्य वोहरा, एडरियन, स्टनर, बुबई, युअर्स विनोद, मुनीर, रवि, सूपी, सिड, हीरो ऑफ वर्ल्ड, ई.आर. राजपूत्स, स्नेक मास्टर, एस.सी.डी. 1907, सुपर कमांडो बंटी, निमीष, आशू, जयंत, यश, टेकर अनस, जेट कॉमिक्स, शादाब, सरद, मोहित कुमार, डी के बॉस, कुश 007, शिरिश दीफेन, अभीक ने इस आइडिया को सपोर्ट किया। दिल खोलकर इस आइडिया का स्वागत किया। आप सभी ने मिलकर आज दिनांक 9.9.2007 तक इस टॉपिक पर 350 पोस्ट्स की हैं। यह सिर्फ पोस्ट्स नहीं है। यह आपके जनून का सैलाब है। इसी सैलाब पर सवार हो गया है नागराज। यह सैलाब बढ़ता ही जाएगा और जैसा कि मैंने पूर्व में भी कहा था आपका जनून ही इसे आसमान के ध्रुव तारे तक पहुंचाएगा। रात को जब हम ध्रुव तारे की तरफ देखेंगे तो मुस्कराता हुआ नागराज नजर आएगा। इस कॉमिक को पढ़कर यदि मेरे सभी नागराज फेन्स दोस्त संतुष्ट हुए हैं तो आज के बाद हर 5 October को हम सभी मनाएंगे नागराज का जन्मदिन और हर 5 October की रात को खुले आसमान के नीचे खड़े होकर ध्रुव तारे की तरफ देखकर कहेंगे हैप्पी बर्थ डे नागराज।

अब बात करेंगे नागराज की आगामी कॉमिक्स **जहरीला बारूद** की जिसमें कि नागराज जा रहा है वाशिंगटन डी.सी.। यह आतंकहर्ता नागराज की गजब की कहानी है। विलेन है अति क्रूर मानव बमों का निर्माता। नागराज तक को नहीं बक्शता उसे भी बना डालता है मानव बम। 40 पेजिस में एक्शन और इमोशन्स का लाजवाब तूफान है दोस्तों। माफ कीजिएगा इससे ज्यादा नहीं बता सकता इससे ज्यादा कुछ भी कहा तो भेद खुल जाएगा। मानवता और मानव बमों के बीच कैसा जलजला उठाएगा आपका यह जहरीला बारूद नागराज यह पढ़कर आप रोमांचित हो जाएंगे। इस सीरीज की प्रत्येक कॉमिक के हर फ्रेम, हर पेज को हम भरपूर रोमांच से भरने के प्रयासों में जुटे हुए हैं। **ग्रीन डेथ, जहरीले बारूद, आतंकहर्ता नागराज** की यह दमदार कॉमिक्स 5 नवम्बर तक रीलीज हो जाएगी।

**नागायण**। नागराज की एक और बेहतरीन सीरीज जिसने नागराज फेन्स पर अपना जादू कर रखा है। **वरण काण्ड, ग्रहण काण्ड** और दो दिन पहले रीलीज हुई **हरण काण्ड** पर फेन्स टूटे पड़ रहे हैं। जो भी इस सीरीज को पढ़ लेता है वो इसका दीवाना हो जाता है। इन सभी की सफलता के साथ ही निर्मित हो रही है **शरण काण्ड** जो कि आप तक 5 दिसम्बर को पहुंचेगी। **शरण काण्ड** में भी आप नागराज और अपने चेहते सुपर कमाण्डो ध्रुव की अनोखी व अनूठी अठखेलियां देखेंगे। **शरण काण्ड** भी उच्चतम मनोरंजन प्रदान करने वाली कॉमिक्स साबित होने जा रही है।

अब बस करता हूं। मैं मिलता हूं **राज कॉमिक्स** की कहानियों में पहले पेज के टॉप पर और ग्रीन पेजिस में। मिलता रहूंगा

चित्र सं.1



चित्र सं.2



चित्र सं.3



राज कॉमिक्स टीम के ग्रुप फोटो ग्राफ
चित्र सं.2 में नीचे बैठे है बाएं से ललित, साहिल, नगेंद्र, विश्वजया। चेयर्स पर बाएं से बैठे हैं नरेश जी, संजय गुप्ता, विवेक मोहन। पीछे खड़े हैं बाएं से रमेश, क्षीतीश, आदिल, अश्वनी, अमित, टी.आर.आजाद, साबिन, बबिता, शंशाक पीछे खड़े है जय।

**अपने पत्र हमें आप इस पते पर भेजें : ग्रीन पेज नं. 257 राजा पॉकेट बुक्स 330/1 बुराड़ी, दिल्ली-84**
**Forum पर अपनी पोस्ट आप www.rajcomics.com पर करें।**

धन्यवाद
आपका–संजय गुप्ता



मेरे प्यारे दोस्तों,

सबसे पहले मैं सभी नागराज फेन्स को **हरी मौत** वर्ल्ड टेरोरिज्म सीरीज की सफलता की बधाई देता हूं। वर्ल्ड टेरोरिज्म सीरीज की दूसरी कॉमिक्स **जहरीला बारूद** आपने पढ़ी। जैसा कि मैंने **हरी मौत** के ग्रीन पेज नं. 257 में लिखा था कि **जहरीला बारूद हरी मौत** से अच्छी कॉमिक्स होगी। मुझे विश्वास है कि यह कॉमिक आपको पसंद आई होगी। **राज कॉमिक्स वेबसाइट** पर **हरी मौत** कॉमिक्स के रिव्यूस बहुत तेजी से और बहुत अच्छी तादाद में आए। जो कि इस सीरीज की सफलता की दास्तान कहते हैं। अस्सी प्रतिशत रिव्यूस **हरी मौत** की सफलता के फेवर में आए। कुछ फेन्स को कहानी से शिकायतें रहीं। कुछ को नागराज के ज्यादा ही पतला हो जाने से। दो तीन रिव्यूस में फेन्स को वर्ल्ड टेरोरिज्म सीरीज बिल्कुल पसंद नहीं आई। अस्सी प्रतिशत फेन्स को मेरा कहना यह है कि जैसे-जैसे यह यात्रा आगे बढ़ेगी आपका मजा दोगुना-चोगुना होता चला जाएगा। जिन्हें कहानी से शिकायत है उनकी शिकायतें भी खत्म होती चली जाएंगी। हर कहानी में नयापन और विविधताएं हैं। जिन्हें नागराज पतला लगा उनके लिए नागराज ने कसरत करनी शुरु कर दी है। जिन्हें वर्ल्ड टेरोरिज्म सीरीज पंसद ही नहीं आई उनसे मैं माफी चाहूंगा। जल्दी ही हम नागराज की और भी पेरलल सीरीज प्लान कर रहें हैं आशा है उन्हें वो अवश्य पसंद आऐंगी। पहली पेरलल सीरीज होगी नागराज का ओरिजिन। यह एक मिनी सीरीज होगी जिस पर तेजी से काम चल रहा है। नागराज के जन्म से उसके पालन-पोषण तक के कुछ अनकहे पहलू आप इसी मिनी सीरीज में पढ़ेंगे। इस सीरीज को डेवलप करने में **राज कॉमिक्स** के बहुत से फेन्स सहयोग दे रहे हैं जिनमें से मुख्य हैं। विशुमेडी, शादाब, सागर, मुशर्रफ, सुमनदास, सोमया सुचरित दास, मोहित और परिजात।

कुछ फेन्स का कहना है कि **हरी मौत** में नागराज अपनी नागशक्तियों का ही इस्तेमाल करता रहा, अपने मार्शल आर्ट्स के हुनर नहीं दिखाए उसने। दोस्तों नागराज में मार्शल आर्ट्स के हुनर हैं लेकिन उसकी पहचान और उसकी सबसे बड़ी शक्ति है उसकी नाग शक्तियां। प्रस्तुत सीरीज में हम नागराज के सांसों को रोक देने वाले जो एक्शन सिक्वेंस सोच रहे हैं वे मार्शल आर्ट्स से दिखाने संभव नहीं हैं। नागराज का मार्शल आर्ट्स आपको देखने को जरूर मिलेगा लेकिन उसके लिए मैंने एक बहुत ही शानदार आइडिया सोच कर रखा है जो कि आपके होश उड़ा देगा। नागराज के ऐसे मार्शल आर्ट्स हुनर होंगे उस मिनी सीरीज में कि आप उसके भी दीवाने हो जाएंगे।

कुछ फेन्स लिखते हैं कि **नागायण** सीरीज में जो नागराज है उसने कसम खाई है कि वह किसी भी क्रिमिनल को जान से नहीं मारेगा और वर्ल्ड टेरोरिज्म सीरीज में नागराज आतंकवादियों को कसम खा-खा कर मार रहा है। जी हां, वो नागराज अपनी कसम पर अडिग रहेगा, क्रिमिनल अगर इंसान है तो उन्हें नहीं मारेगा लेकिन यदि तंत्र प्राणी है तो उन्हें मारेगा लेकिन यह नागराज आतंकवाद के सफर पर यही कसम खाकर निकला है कि जान लेने वाले आतंकवादियों की जान लेगा हर सूरत में। यमराज बनकर निकला है यह नागराज इसके नागपाश में हर आतंकवादी की आत्मा दम तोड़ेगी ही। दोस्तों किसी तरह



का कनफ्यूजन ना पालें यह दोनों सीरीज पेरलल चलेंगी। वर्ल्ड टेरोरिज्म के नागराज को नागायण सीरीज के नागराज से उसकी शक्तियों व उसके जीवन से मिक्सअप ना करें। इस नागराज के पास शीतनाग व नागू के होने से या सीमित इच्छाधारी शक्तियों के होने से उस नागराज से तुलना ना करें। नागायण सीरीज में करेक्टर्स के साथ जो रिश्ते हैं जैसे कि भारती नागराज विवाह या नागराज विसर्पी विवाह का होना। जरूरी नहीं है कि वो आपको इस सीरीज में मिले। हो सकता है कि इस सीरीज में यदि भारती व विसर्पी आएं तो उनकी तरफ नागराज का नजरिया बिल्कुल अलग हो। हो सकता है कि इस सीरीज में नागराज के जीवन में कोई और ही लड़की आए।

प्यारे दोस्तों हर महीने की 5 तारीख का वायदा जी जान लगा देने के बाद भी पूरा नहीं कर पा रहा हूं। **हरी मौत** भी देरी से आई। 11अक्तूबर को और **जहरीला बारूद** भी लेट हो ही गई है। लेकिन मैं लगातार 5 तारीख की अपनी कोशिश में जुटा रहूंगा। **जहरीला बारूद** में हमने कुछ नई चीजें इंट्रोड्यूस की है जैसे नागराज के डायलॉग बेलून्स के साथ-साथ उसकी सोच के कैप्शन्स। आशा है कि आपको यह पसंद आए होंगे। नागराज के जूते के सोल का डिजाइन भी आपको जरूर पसंद आया होगा। जल्दी ही यह डिजाइन फैशन में आने वाला है। नागराज ने एफ.बी.आई. को मुंह की खिलाई। अमेरिकावासियों को अपना दिवाना बनाने के बाद अब नागराज ने स्पेन का रुख किया है। उसका निशाना है मारकोस। स्पेन में नागराज को तलाश होगी मारकोस की। मारकोस एक ऐसा खतरनाक आतंकवादी जिसे आज तक किसी ने नहीं देखा। स्पेन इंटेलिजेंस ऐजेंसीज के पास भी जिसकी कोई जानकारी नहीं है। मारकोस के क्राइम ग्रुप को चलाते हैं माम्बर। यह पांच टॉप क्रिमिनल्स का ग्रुप है। मजेदार बात यह कि इन पांच में से एक है मारकोस लेकिन बाकी चार भी नहीं जानते कि कौन है मारकोस? अगली कॉमिक माम्बर नागराज की एक बेहतरीन व अनूठी खोजयात्रा है जिसमें कदम-कदम पर है जान का खतरा। लेकिन नागराज जहां पहुंच जाता है वहां कदम-कदम पर हो जाता है नागराज से आतंकवादियों को जान का खतरा। यह कॉमिक्स आप तक पहुंचेगी 5 जनवरी 2008 में। इससे पहले 5 दिसम्बर को प्रकाशित होगी नागायण सीरीज की **शरणकाण्ड।**

नागायण! यह अनोखी महागाथा बहुत ही रोचक और मनोरंजक कथा, घटनाओं व चरित्रों का खजाना बनती जा रही है। हर खण्ड बेमिसाल रूप धारण करता जा रहा है। **वरण काण्ड** अविस्मरणीय था **ग्रहण काण्ड** ने उससे भी ज्यादा सफलता पाई तो **हरण काण्ड** ने इन दोनों की ही सफलता का हरण कर लिया। **शरण काण्ड** में आपको इतना कुछ नया मिलेगा कि आप इन तीनों से ऊपर **शरण काण्ड** को रखेंगे। महायुद्ध के लिए अब दुनिया की तैयारियां जोरो शोरों पर हैं। पूरा विश्व एक युद्ध का अखाड़ा बन गया है और अखाड़ो के सूरमा अनोखे-अनोखे हथियार लेकर उठ खड़े हुए हैं। अलंध्या की तरफ कूच कर गई है लाखों की फौज और अलंध्या का इकलौता महारथी क्रूरपाशा अकेले ही पूरे विश्व से टकराने को तैयार हो गया है। नाको चने चबवा देगा वो सभी को चाहे सामने आए नागराज या हो वो सुपर कमाण्डो ध्रुव। इस महायुद्ध की बिसात का हर मोहरा पड़ने वाला है दूसरे पर भारी। किसी को भी कमजोर नही समझा जा सकता है।

इस बार **राज कॉमिक्स** में पहुंचे **राज कॉमिक्स** फैन्स विवेक गोयल, मुशर्रफ, विशुमेडी और शादाब।




बाएं से ललित, आदिल, मुशर्रफ, तरुण कुमार वाही, संजय गुप्ता, विवेक मोहन, शादाब, विशुमेडी और कलरिस्ट नगेंद्र।




बाएं से वर्ल्ड टेरोरिज्म सीरीज के आर्टिस्ट ललित शर्मा, नवी मुम्बई से **राज कॉमिक्स** फैन विवेक गोयल (**राज कॉमिक्स** के लिए भेड़िया कोबी के वालपेपर्स बना रहे हैं।) राज कॉमिक्स फैन मुशर्रफ (**राज कॉमिक्स** के लिए कहानियां लिख रहे हैं) लेखक तरुण कुमार वाही, संजय गुप्ता यानि कि मैं, विवेक मोहन, आर्टिस्ट नरेश कुमार, **राज कॉमिक्स** फैन शादाब और विशुमेडी (**राज कॉमिक्स** के लिए दोनों नागराज ओरिजिन सीरीज में सहयोग दे रहे हैं।)

**अपने पत्र हमें आप इस पते पर भेजें : ग्रीन पेज नं. 260 राजा पॉकेट बुक्स 330/1 बुराड़ी, दिल्ली-84**
**Forum पर अपनी पोस्ट आप www.rajcomics.com पर करें।**

धन्यवाद
आपका—संजय गुप्ता



प्यारे नागराज प्रेमियों,

नववर्ष की शुभकामनाऐं। वर्ष का शुभारम्भ नागराज और ध्रुव की नई कॉमिक्स के साथ हो रहा है। **माम्बर**, **वर्ल्ड वाइड वेब** व बहुप्रतिक्षित **गुरु भोकाल** नए वर्ष में पब्लिश की जा रही हैं। मुझे विश्वास है यह वर्ष **राज कॉमिक्स** प्रेमियों को बहुत ही मनोरंजक कॉमिक्स प्रदान करेगा। **राज कॉमिक्स है मेरा जनून** वायदे के साथ।

पिछले वर्ष में **राज कॉमिक्स** ने पांच नई सीरीज पेश की थीं-**नागायण**, **वर्ल्ड टेरोरिज्म**, **मकड़जाल**, **खून का जन्मा**, **अमरप्रेम**। पांचों ही सीरीज ने भरपूर सफलता प्राप्त की। **नागायण सीरीज** के चार शानदार खण्ड बाजार में आ चुके हैं। **वरण काण्ड**, **ग्रहण काण्ड**, **हरण काण्ड** व **शरण काण्ड** चारों ही खण्ड बेमिसाल कहानी व शानदार आर्टवर्क की वजह से फैन्स के बीच सनसनीखेज सफलता प्राप्त कर चुके हैं। इस सीरीज का पांचवां खण्ड **दहन काण्ड** अप्रैल में प्रकाशित होगा।

**मकड़जाल सीरीज** के तीनों पार्ट्स-**स्पाइडर**, **वेबसाइट** व **वर्ल्ड वाइड वेब** (अंतिम पार्ट) भी बाजार में आ चुके हैं। सुपर कमाण्डो ध्रुव की इस सोलो सीरीज ने भी सफलता प्राप्त की है। पाठकों में इस सीरीज को लेकर काफी कोलाहल रहा। अब सुपर कमाण्डो ध्रुव की आगामी कॉमिक्स होगी **फास्ट फॉरवर्ड** जो कि सिंगल पार्ट कॉमिक होगी।

**खून का जन्मा**, Born in blood, **डोगा तेरे कारण** व **नासूर डोगा** दो पार्ट की कॉमिक्स से शुरु हुई यह सीरीज डोगा के दीवानों के दिल को खूब पसंद आई। इस सीरीज में हमने एक नया प्रयोग किया। डोगा के बचपन की कहानी के कुछ पेजिस हमने उसकी रेगुलर कहानियों से पहले डाल दिए इस तरह पाठकों को मिली एक ही कॉमिक्स में दो-दो कहानियां। इस सीरीज की दो और कॉमिक्स **निकल पड़ा डोगा** और **भूखा डोगा** भी आप तक पहुंच चुकी हैं और यह दोनों कॉमिक्स भी जबरदस्त हिट साबित हो रही हैं। इन दोनों कॉमिक्स का अंतिम पार्ट **सो जा डोगा** अगले महीने आप तक पहुंच जाएगा। **सो जा डोगा** जोकि इन तीन पार्ट्स का कलाइमेक्स पार्ट है बहुत ही बेहतरीन कॉमिक बना है। इसके पश्चात डोगा भी आपको हर माह पढ़ने को मिलना शुरु हो जाएगा।

**अमरप्रेम सीरीज**, कोबी और भेड़िया की यह सीरीज शुरु हुई **प्रेमऋतु** व **कोबी प्रेम** से। इन दोनों कॉमिक्स को सभी **राज कॉमिक्स** फैन्स ने सराहा। इसमें कोबी, भेड़िया व जेन के रिश्तों को समझने व समझाने की कोशिश की गई। फिर आना



था **गुरु भोकाल** को किंतु इसके आर्टिस्ट व कलरिस्ट ललित सिंह व गोविंद ने इस कॉमिक को बेहतरीन बनाने के जनून में इसे आप तक पहुंचाने में देर पर देर कर दी। हर रोज मैं इन्हें फोन करता कि भाई कब पूरी कर रहे हो और हर रोज मुझे जल्दी पूरा करके देने का आश्वासन मिल जाता। आज 28-12-2007 को ग्रीन पेज लिखते समय भी मैं पूरी तरह आश्वस्त नहीं हूं कि वह इसे इस सैट की रिलीजिंग डेट तक भी पूरी करके दे सकेंगे। क्योंकि कल तक भी उनके सिर्फ 32 पेज ही तैयार हुए थे 16 पेजिस अभी बाकी थे। लेकिन मुझे अभी भी समय पर पूरा होने का आश्वासन मिला हुआ है। किंतु यह सीरीज आप सभी फैन्स को हिलाकर रख देगी यह मेरा दावा है।

अब **वर्ल्ड टेरोरिज्म सीरीज** पर आने से पहले मैं आपको अपनी कुछ आगामी सीरीज के बारे में बता दूं। जल्दी ही हम पेश करने जा रहे हैं-परमाणु की **परमात्मा सीरीज**। इसका पहला आर्टवर्क बनकर तैयार है। जल्दी ही इसकी रिलीजिंग डेट की अनाउंसमेंट की जाएगी। दूसरी महत्वपूर्ण सूचना है आपके प्यारे दुलारे भोकाल के विषय में। इस समय **राज कॉमिक्स** की क्रियेटिव टीम भोकाल की एक यादगार सीरीज बनाने में जुटी हुई है जिसका नाम होगा **परी रक्षक भोकाल सीरीज**। इस सीरीज में भोकाल का पुनर्जन्म इसी युग में दिखाया जाएगा। इस युग में भोकाल होगा एक परी का मानव पुत्र प्रकल और उसकी परी मां का नाम होगा स्नोव्हाइट। यह सब क्या रहस्य होगा जल्दी ही आपके समक्ष प्रकट करुंगा। इसके साथ ही भोकाल की रेगुलर सीरीज भी नई साज-सज्जा के साथ प्लान की जा रही है। जिसमें तंत्र व तलवार का धनी भोकाल बिल्कुल नए रूप में नजर आएगा। अब भोकाल की कॉमिक्स भी होंगी पहले से भी ज्यादा मनोरंजन से परिपूर्ण।

**राज कॉमिक्स** के दो सुपर हीरोज़ योद्धा व इंस्पेक्टर स्टील को भी नई साज-सज्जा में इसी वर्ष लाने का प्लान है। जिनके विषय में मैं आपको आगामी ग्रीन पेजिस में बताऊंगा।

जैसा कि मैंने आपको पूर्व ग्रीन पेज में बताया था कि आपके चेहते सुपर हीरो नागराज पर अमेरिका के स्टूडियो एम. पी.सी. ने **एनीमेशन मूवी** बनाने का करार किया है। इस मूवी की कहानी का प्लॉट आइडिया तैयार हो चुका है। अब जल्दी ही इस पर स्क्रीन प्ले लिखना शुरु किया जाएगा। कहानी का प्लॉट आइडिया बहुत ही जबरदस्त बना है जोकि विश्वभर में धमाका मचाने की कुब्बत रखता है। इस मूवी के बारे में मैं आपको समय-समय पर अपडेट करता रहूंगा।

इस वर्ष **राज कॉमिक्स** ने आपके लिए बनाया है सभी **राज कॉमिक्स** सुपर हीरोज का एक शानदार कैलेंडर। इसे आप **राज कॉमिक्स वेबसाइट** से खरीद सकते हैं। आगे भी हम आपके लिए ऐसे सुंदर आइटम्स लाते रहेंगे।

अब आता हूं **वर्ल्ड टेरोरिज्म सीरीज** पर। इस सीरीज की दो कॉमिकें **हरी मौत** व **जहरीला बारूद** नागराज फैन्स में धूम मचा चुकी हैं। हर अग्रिम कॉमिक पूर्व कॉमिक की सफलता के रिकॉर्ड तोड़ने में सक्षम है। इस कड़ी की तीसरी कॉमिक **माम्बर** आज आपके हाथ में है। आतंकहर्ता नागराज जा पहुंचा है स्पेन जहां उसकी मुलाकात होती है कुछ लोकल गुण्डों से और उसको तलाश है मारकोस की। इसी तलाश को जारी रखते हुए वो जा पहुंचता है स्पेनिश पुलिस ऑफिसर स्मिथ के साथ एक फुटबॉल मैच में जहां नागराज अपनी शानदार किक से स्पेन के फुटबॉल खिलाड़ियों को भी अपना दीवाना बना लेता है। इसके बाद नागराज की तलाश उसे ले जाती है एक जांबाज मार्शल आर्ट्स लड़ाकी साशा के पास। मारकोस को



ढूंढ़ निकालने में दृढ़ संकल्प नागराज साशा का बॉडी गार्ड भी बनने को तैयार हो जाता है। अब क्या नागराज साशा को सुरक्षा दे पाएगा? क्या साशा नागराज को मारकोस और माम्बर ग्रुप के बाकी चार दरिंदों आर्चर, मर्डीशूटर, बूचड़ और रिचर्ड तक ले जा पाएगी। जवाब देगा आगामी माह में प्रकाशित होने जा रहा कॉमिक **न्यूमेरो ऊनो**। **न्यूमेरो ऊनो** सस्पेंस, एक्शन से भरपूर कॉमिक्स है।

**न्यूमेरो ऊनो** में आप पाएंगे छः जबरदस्त एक्शन फाइट्स और यह फाइट्स नागराज की स्पेन के पांच खूंखारतम लड़ाकों के साथ होगी। फाइट लोकेशंस भी बहुत ही खूबसूरत बनाई गई हैं। इसके बाद नागराज सफर करेगा इंग्लैंड का। **आतंकहर्ता सीरीज** का एक और शानदार, जानदार उपहार होगी इंग्लैंड सीरीज। 2 पार्ट्स की इस सीरीज की पहला कॉमिक्स होगा **ऑप्रेशन सर्जरी**। **ऑप्रेशन सर्जरी** मार्च में सभी बुक स्टॉल्स पर उपलब्ध होगा। इंग्लैंड में हुए डॉक्टर्स प्लॉट पर आधारित यह सीरीज आपके सामने नए रहस्य खोलेगी और हर दृष्टि में यह सीरीज स्पेन सीरीज से दोगुनी बेहतर साबित होगी।

मेरा सभी नागराज और राज कॉमिक्स प्रेमियों से अनुरोध है कि वे राज कॉमिक्स वेबसाइट **www.rajcomics.com** पर जाएं व रजिस्टर होकर अपनी प्रतिक्रियाऐं वहां अवश्य लिखें।

अपने पत्र हमें आप इस पते पर भेजें **:** ग्रीन पेज नं. 265 राजा पॉकेट बुक्स 330/1 बुराड़ी, दिल्ली-84

**Forum** पर अपनी पोस्ट आप **www.rajcomics.com** पर करें।

धन्यवाद

आपका-संजय गुप्ता

**GREEN PAGE NO. 265**



प्यारे नागराज प्रेमियों,

**न्यूमेरो ऊनो** आपके हाथों में है। आशा है आपको नागराज का यह सस्पेंसफुल स्पेन एडवेंचर पसंद आया होगा। नागराज ने खत्म कर दिया स्पेन से माम्बर का आतंक और साथ ही खत्म हुआ मारकोस भी। मारकोस उर्फ साशा। एक खूबसूरत बला जिसने अपनी चालाकी से नागराज की आंखों में धूल झोंकनी चाही लेकिन नागराज ठहरा नागराज। वह साशा को बहुत पहले ही बल्कि पहली मुलाकात में ही पहचान गया था। होंठों के ऊपर काला तिल लिए, हरी आंखों वाली यह बला अपनी चालों पर मन ही मन बहुत खुश हो रही होगी कि नागराज जैसे शख्स को बेवकूफ बना रही हूं और अपना काम निकलवा रही हूं। वो भी विश्व आतंकवादहर्ता नागराज को अपना बॉडी गार्ड बनाकर। लेकिन नागराज तो खुद उसकी चाल पर अपनी चाल खेल रहा था। वो खुद उसके सहारे माम्बर के सभी सदस्यों तक पहुंच रहा था और अंत में नागराज ने अपना काम बखूबी निभाया। माम्बर का सफाया हुआ। मारकोस हुई नागराज के जहर से नीली। लेकिन क्या इतनी आसानी से मर गई होगी वो खूबसूरत बला। बलाएं मरा नहीं करती। साशा फिर लौटेगी। कब, कैसे, किस रूप में? यह अभी नहीं बता सकता। आज दिनांक 16.02.08 को यह ग्रीन पेज लिख रहा हूं। आशा करता हूं कि 26.02.08 तक यह कॉमिक मार्केट में पहुंच जाएगी। अब **वर्ल्ड टेरोरिज़्म सीरीज** की अगली कॉमिक होगी **ऑप्रेशन सर्जरी** जोकि मार्च में रिलीज होगी। **ऑप्रेशन सर्जरी** में नागराज जा रहा है लंदन। हालांकि नागराज को निकलना था इटली के लिए लेकिन स्पेन एयरपोर्ट पर नागराज का सामना हुआ एक ऐसे शख्स से जिसके कारण नागराज को अपना इटली सफर पोस्टपोन करना पड़ गया और उसे एमरजेंसी में जाना पड़ा लंदन क्योंकि लंदन में हुआ एक आतंकवादी हमला। उस आतंकवादी हमले का आरोपी बना एक हिंदुस्तानी डॉक्टर। पूरे विश्व में हिंदुस्तानी डॉक्टर्स को शक की निगाहों से देखा जाने लगा। हिंदुस्तानी डॉक्टर की मां चीख-चीखकर अपने बेटे की निर्दोषिता की गुहार लगाती है पर हर कान है बहरा। नागराज के कान उस हिंदुस्तानी मां की फरियाद सुनते हैं। वो उसकी आवाज को अपने दिल से महसूस करता है और लंदन में निरंतर जारी आतंकवादी डॉक्टर्स के हमलों के बीच कूद पड़ता है। क्या नागराज हिंदुस्तानी डॉक्टर को निर्दोष साबित कर सका? यह जानेगें आप सस्पेंस, एक्शन, एडवेंचर से भरपूर कॉमिक **ऑप्रेशन सर्जरी** में।

अब बात करते हैं **नागायण सीरीज की**। इस सीरीज की पांचवी कॉमिक्स **दहन काण्ड** का आर्टवर्क अनुपम जी पूरा बना चुके हैं। कॉमिक्स पर इंकिंग व कलरिंग जारी है। कहानी बहुत जबरदस्त ढंग से अपने राज खोल रही है और नए राज भी बनाए जा रही है। विषांक टकरा गया है क्रूरपाशा से। क्या नागशक्ति ब्लैकपॉवर पर भारी पड़ेगी? नागराज से टकरा गया ब्लैकवुड और नागराज की रक्षा के लिए आना पड़ा द्रोण को। तो क्या नागराज एक बार फिर ब्लैकपॉवर्स का गुलाम बन गया? ब्लैक कैट और नताशा से टकराने जा रही है एक शक्तिशाली पॉवर। जी हां उनके सामने आ खड़ी हुई है ममी। ऐसे और भी बहुत सी रोमांचक सिचुएशन से आप दो-चार होने जा रहे हैं अप्रैल में। **दहन काण्ड** के पश्चात् **नागायण सीरीज** का छठा पार्ट होगा **रण काण्ड**। **रण काण्ड** के विषय में आपको आगामी ग्रीन पेज में बताऊंगा।

**बोर्न इन ब्लड। सो जा डोगा** इसी सैट के साथ प्रकाशित हुई हैं। यह तीन पार्ट की सीरीज का अंतिम पार्ट है। इसके बाद शुरु होने जा रही है **वफा सीरीज** जोकि दो पार्ट्स की सीरीज है। **वफा** के बाद आनी थी **डोगा हिंदू है सीरीज** लेकिन इस सीरीज से पहले कुछ बदलाव किया गया है अब **वफा सीरीज** के बाद आएगी **एक्सप्रेस हाइवे सीरीज**। इस सीरीज में डोगा का मुकाबला होगा अपनी जिंदगी दांव पर लगा देने वाली युवा पीढ़ी से। जो रफ्तार के आगे जिंदगी की कीमत नगण्य समझते हैं। रफ्तार में जो मजा है वो जीवन में नहीं है क्योंकि उनके जीवन में उनके माता-पिता की व्यस्तता ने जहर घोल दिया है। अब रफ्तार और एक्सप्रेस हाइवे ही उनके माता-पिता हैं और बाइक्स हैं उनके प्रेमी-प्रेमिका जिस पर चिपककर वह अपने माता-पिता को चुनौती दे रहे हैं। कॉमिक्स की अहम् किरदार है धारा। धारा एक मासूम लड़की इस कॉमिक के, डोगा की जिंदगी के एक महाखलनायक सरकार की बेटी। सरकार जोकि डोगा की पसलियों पर वार करता है और डोगा भौचक्का से देखते रहने के सिवाए कुछ नहीं कर पाता। यह महाखलनायक मुम्बई के युवा वर्ग को मौत के कुओं में धकेले जा रहा है लेकिन प्रशासन और डोगा मजबूर हैं। उसके खिलाफ कुछ नहीं कर सकते। ऐसी ही शख्सियत है सरकार। सरकार की बेटी धारा जब अपने पिता के खिलाफ बगावत का बिगुल बजाती है तो मासूम कली से बन जाती है बिजली। तब उठता है एक जलजला। क्या डोगा उस जलजले को रोक पाता है? जानेंगे आप **एक्सप्रेस हाइवे** में।

प्रिय पाठक मित्रों इस वर्ष जनवरी में **राज कॉमिक्स** ने आयोजित किया **राज कॉमिक्स टेलेंट हंट फोर दा जेनेरेशन नेक्स्ट राइटर्स**। जिसमें **राज कॉमिक्स वेबसाइट** के बहुत से मेम्बर्स ने हिस्सा लिया और ये सभी फैन्स दिल्ली पहुंचे। जनवरी 25, 26, 27 में **राज कॉमिक्स, दिल्ली** में लगा फैन्स का मेला। मैं यहां उन्हीं लम्हों की कुछ तस्वीरें दे रहा हूं। जिनमें **राज कॉमिक्स फैन्स** के साथ है **राज कॉमिक्स आर्टिस्ट** की टीम।










अपने पत्र हमें आप इस पते पर भेजें : **ग्रीन पेज नं. 268, राजा पॉकेट बुक्स, 330/1 बुराड़ी, दिल्ली-84**
**Forum** पर अपनी पोस्ट आप **www.rajcomics.com** पर करें।

धन्यवाद

आपका–संजय गुप्ता

**GREEN PAGE NO. 268**




प्यारे नागराज प्रेमियों,


**न्यूमेरो ऊनो** आपने पढ़ी। आप सभी को नागराज की स्पेन यात्रा पसंद आई। इस स्पेन सीरीज की सफलता से **वर्ल्ड टेररिज़्म सीरीज** की पूरी टीम अत्यंत प्रसन्न है। यह **वर्ल्ड टेररिज़्म सीरीज** की पहली दो पार्ट की कॉमिक सीरीज थी। दो पार्ट्स होने के कारण हम स्पेन सीरीज के प्लॉट आइडिया को थोड़ा विस्तार से लिख पाए। हालांकि **न्यूमेरो ऊनो** में माम्बर के सभी सदस्यों को जल्दी-जल्दी निपटाना पड़ गया यानि कि अभी भी पेजिस की कमी पड़ी यद्यपि **ऑप्रेशन सर्जरी** में मुझे नहीं लगता कि किसी को भी ऐसी कोई कमी महसूस होगी।

**ऑप्रेशन सर्जरी** आपके हाथों में है। आपने नागराज की लंदन यात्रा की यह पहली कॉमिक पढ़ी। इटली के लिये रवाना होते नागराज को जाना पड़ा लंदन क्योंकि वहां रचा जा रहा है एक खतरनाक आतंकी जाल जिससे लंदन को बचाना नागराज के लिए पहली चुनौती बन गया है। कौन है यह डॉक्टर सारकोमा? क्या है डॉक्टर्स प्लॉट? क्या रोक पाएगा लंदन को धमाकों से मिशन क्रिटिकल या लेनी होगी उन्हें लंदन आई हीरो नागराज की मदद? **मिशन क्रिटिकल** एक जबरदस्त सस्पेंस फुल, एक्शन पेक्ड कॉमिक है। जो कि आप तक पहुंचेगी मई 2008 में। **मिशन क्रिटिकल** में आप देखेंगे अपने हरे हीरो को दिल दहला देने वाले एक्शन सिक्वेंस में। ऐसी सिचुएशन्स जो ना आज तक लिखी गई हैं ना बनाई गई हैं।

नागराज की आगामी माह यानि कि अप्रैल माह की कॉमिक होगी **नागायण सीरीज** की **दहन काण्ड**। **दहन काण्ड** की शुरुआत है विषांक से जो कि अलंध्या में प्रवेश कर चुका है और क्रूरपाशा की धज्जियां उड़ा रहा है। फिर मुकाबला है नागराज का ब्लैक वुड से। एक बहुत ही रोमांचक टकराव है यह जहां आना पड़ता है द्रोण को भी क्योंकि नागराज खुद भी ब्लैक वुड का साथी बन जाता है। इसके बाद कहानी पहुंचती है नताशा और ब्लैक कैट के पास जो अपनी जिंदगी के एक बहुत बड़े रहस्य से जूझ रही हैं। इसी तरह यह महागाथा बहुत से रहस्य रोमांचों के साथ अलंध्या में पहुंच जाती है तथा पहुंचता है एक महाबलशाली यति अलंध्या को नष्ट करने के लिए।

**ऑप्रेशन सर्जरी** के इसी सैट में प्रकाशित हुई है **कोबी दक्षिणा**। पृष्ठों की कमी के कारण हम कोबी की इस अमर प्रेम गाथा में ग्रीन पेज प्रकाशित नहीं कर पाए हैं। **कोबी दक्षिणा** के साथ ही समाप्त हुई दो पार्ट्स की यह सीरीज। अब आगामी कॉमिक होगी **अमर प्रेम** जो कि अप्रैल माह में प्रकाशित हो रही है। **अमर प्रेम** सिंगल कॉमिक है जिसका कि कोई पार्ट नहीं है।

**ऑप्रेशन सर्जरी** के साथ प्रकाशित हो रही है डोगा की कॉमिक **वफा**। **वफा** में आप देखेंगे कि कैसे डोगा से टकराती है इरेटोमेनिया की शिकार उसकी एक दीवानी और बाद में डोगा को मिलती है वैसी ही एक और लड़की वफा जो कि एक फेमस फिल्म स्टार की बीवी होने का दावा कर रही है। वो फिल्म स्टार जिसकी शादी एक विश्व सुंदरी से होने जा रही है। डोगा को लगता है कि कहीं वो भी तो इरेटोमेनिया की शिकार नहीं है। लेकिन उस असहाय लड़की को डोगा ऐसे ही नहीं छोड़ सकता आखिर वह मुम्बई का बाप है। डोगा ठान लेता है कि



वो मामले की जड़ तक जाएगा और हर हालत में जरुरतमंद को इंसाफ दिलाएगा। किंतु छल के पंजे इतने तीखे हैं कि वो डोगा तक के विश्वास को चीर डालते हैं। लेकिन क्या डोगा का विश्वास हार सकता है? क्या वफा पर बेवफाई का दाग डोगा के होते लग सकता है? जैसा कि मैंने **ग्रीन पेज नं. 268** में लिखा था कि **वफा सीरीज** के बाद **डोगा हिन्दू है सीरीज** की जगह **एक्सप्रैस हाइवे** सीरीज आएगी। उसमें फिर बदलाव करना पड़ा है। अब **वफा सीरीज** के पश्चात् **डोगा हिन्दू है सीरीज** ही आएगी और **एक्सप्रैस हाइवे** उसके बाद आएगी।

किसी कारणवश समय पर तैयार ना हो पाई कॉमिक **रक्तकथा** इस सैट में प्रकाशित नहीं हो पाई है। **रक्तकथा** अब अप्रैल माह में प्रकाशित होगी।

इस बार गर्मी की छुट्टियों के सेट्स कुछ बड़े होंगे क्योंकि इस बार कई हीरोज़ अपनी पारी फिर से इन्हीं गर्मी की छुट्टियों में शुरु करने की सोच रहे हैं जिनमें शामिल हैं-***परमाणु, परी रक्षक भोकाल*** और ***इंस्पेक्टर स्टील*** और शायद ***योद्धा*** भी; सम्पूर्ण जानकारी मैं आपको दूंगा आगामी ग्रीन पेजिस में।

पिछली कॉमिक **न्यूमेरो ऊनो** के ***ग्रीन पेज नं. 268*** में आपने देखा और पढ़ा होगा ***राज कॉमिक्स टेलेंट हंट फोर दा जेनेरेशन नेक्स्ट राइटर्स इवेंट*** के बारे में; इस बार **राज कॉमिक्स** मई 2008 के अंत में फिर एक इवेंट आयोजित करने जा रही है। इच्छुक **राज कॉमिक्स फेन्स** पत्र द्वारा, फोन द्वारा या **राज कॉमिक्स वेबसाइट** पर रजिस्टर होकर सूचित करें कि क्या वे इस इवेंट के लिए दिल्ली आना चाहते हैं। इस इवेंट में शामिल होने वाले फेन्स के रहने व भोजन का प्रबंध **राज कॉमिक्स** की तरफ से होगा। इस इवेंट की डिटेल्स जल्दी ही **राज कॉमिक्स वेबसाइट** पर और **दहन काण्ड** के ग्रीन पेज में प्रकाशित की जाएगी। ***माता-पिता की अनुमति अनिवार्य होगी।***

अपने पत्र हमें आप इस पते पर भेजें : **ग्रीन पेज नं. 271, राजा पॉकेट बुक्स, 330/1, बुराड़ी, दिल्ली-84**
**Forum** पर अपनी पोस्ट आप **www.rajcomics.com** पर करें।

धन्यवाद

आपका—संजय गुप्ता

**GREEN PAGE NO. 271**




प्यारे नागराज, ध्रुव प्रेमियों,

आज दिनांक 4 मई 2008 को **मिशन क्रिटिकल** पूरी हुई और पूरा हुआ नागराज का लंदन सफर। आखिरकार नागराज ने एक मां के दिल की पुकार की सच्चाई को साबित कर दिखाया। नागराज ने डॉक्टर आसिफ की निर्दोषिता सिद्ध करके दिखा दिया कि एक समुदाय विशेष का हर इंसान आतंकवादी नहीं होता। **मिशन क्रिटिकल** में नागराज ने लंदन में फैली आतंक की लहर समाप्त करके लंदनवासियों के दिल में अपने लिए अगाध प्रेम जगा दिया है। इस कॉमिक में हमने आपको एक मजलूम मां और उसके निर्दोष बेटे की कहानी सुनाई। जबरदस्त एक्शन दिखाया और नागराज का डिटेक्टिव पहलु दिखाया। आशा है आपको टेरा ब्लू आइज पसंद आई होगी।

**तीन सिक्के** में नागराज जा पहुंचा है रोम। **तीन सिक्के, वर्ल्ड टेररिज्म सीरीज** की बेहतरीन कॉमिक है। नागराज इटली पहुंचा था इटली के राष्ट्रपति के निमंत्रण पर। लेकिन वहां उससे टकरा जाता है इटली का मशहूर माफिया संगठन। एक से बढ़कर एक जांबाज खलनायकों से होगी नागराज की टक्कर। इसमें आप मिलेंगे एक नए करेक्टर झप्पी सिंह से। झप्पी सिंह एक ऐसा किरदार है जो कि अपने कारनामों से आपके दिल में जगह बना लेगा। बहुत ही रंगीन मिजाज, खुशदिल और रहस्यमय किरदार है झप्पी सिंह। **तीन सिक्के** आगामी सेट में ही प्रकाशित हो रही है।

**मिशन क्रिटिकल** के सेट में ही प्रकाशित हो रही है रात के रक्षक डोगा की **वफादार**। **वफादार** में डोगा और लोमड़ी ने सिखाया है वफा का सबक। लेकिन क्या खुद डोगा मोनिका के साथ वफा कर रहा है? **वफादार** में आपने पढ़ा **बोर्न इन ब्लड सीरीज** का सातवां भाग। **बोर्न इन ब्लड सीरीज** को फिलहाल कुछ समय के लिए मैं रोक रहा हूं। आगामी सेट में प्रकाशित हो रही है डोगा की बेमिसाल सीरीज **डोगा हिन्दू है** की प्रथम कॉमिक **डोगा हिन्दू है**। सूरज स्कूल वैन के ऐक्सीडेंट में घायल हुए कुछ बच्चों को लेकर पहुंचता है हॉस्पिटल। बच्चों को तुरंत ब्लड चढ़ाना आवश्यक है किंतु ब्लड माफिया बच्चों तक को नहीं बख्शता। जरुरतमंद बच्चों को ब्लड नहीं मिलता। तब निकलता है डोगा और ब्लड माफिया को सबक सिखाता है। पर ब्लड माफिया का बॉस 'ब्लडमैन' है एक नम्बर का शातिर। वो डोगा को एक ऐसे चक्रव्यूह में फंसाता है कि बोल जाता है डोगा तौबा; बोल जाती है मुम्बई तौबा।

इसी सेट में प्रकाशित हो रहा है परमाणु की **परमात्मा सीरीज** का प्रथम कॉमिक **अब क्या होगा**। परमाणु की मुलाकात होती है कुछ अजीबो गरीब प्राणियों से जो खुद को देवदूत बताते हैं। परमाणु उलझा हुआ था शीना और क्षिप्रा में और अब उलझा है देवता और राक्षसों में तथा जल्द ही उसकी जिंदगी में प्रवेश करेगा त्रिकाली जिसको दर्शन दिए हैं साक्षात् परमात्मा ने। त्रिकाली परमाणु की जिंदगी में क्या गुल खिलाएगा यह आप देखेंगे आगामी कॉमिक **जो होगा देखा जाएगा** में।



इसी सेट में प्रकाशित हुई है **परी रक्षक भोकाल सीरीज** की प्रथम कॉमिक **परी रक्षक भोकाल**। आशा है आपको यह सीरीज पसंद आई होगी। भोकाल के इस नए स्वरूप की एक लम्बी कथा है। बहुत से नये किरदार इस सीरीज से जुड़ेंगे। आप इस सीरीज में परिकल्पनाओं की अनोखी जादुई कहानियों से दो चार होंगे। इस पहली कॉमिक में आप मिले परी स्नो व्हाइट से जो कि मानवलोक में भोकाल की मां अनन्या है। अब आगामी कॉमिक **सात अजूबे** में आप मिलेंगे भोकाल के सात मामाओं से जो कि जादुई शक्तियों वाले सात बौने हैं। साथ ही आप मिलेंगे परी वेसेलिसा से जो कि मानव लोक में विशु शर्मा नाम से एक डिटेक्टिव है। यह सभी मिलकर टकराएंगे परी कथाओं की एक महाखलनायिका **बाबा यागा** से। इस सीरीज की सात अनोखी कहानियां प्लान की जा चुकी हैं जो कि एक से बढ़कर एक हैं। और आपने ऐसी कॉमिक्स कभी नहीं पढ़ी होंगी। यह हमारा जनूनी वायदा है।

**अमर प्रेम** आप सभी को पसंद आई। अब कोबी, भेड़िया, जेन और भाटिकी की जिंदगी में आ रही है **प्रेमबला**। **अमर प्रेम *कांटों भरा एक अंतहीन सफर*** की यह एक अनूठी भेंट है। इस कॉमिक से कोबी, भेड़िया व जेन की जिंदगी में एक बला का प्रदार्पण हो रहा है। इसके किरदार व कहानियां आपको जंगल के एक नये संसार में ले जाएंगे। इस कॉमिक का आर्टवर्क हमने एक नये आर्टिस्ट को दिया है। इसी सीरीज की आगामी कॉमिक पर आदिल जी भी काम कर रहे हैं। **प्रेम बला, तीन सिक्के** के साथ प्रकाशित करने की पूरी कोशिश की जाएगी।

इसी सेट में प्रकाशित हो रही **थ्रिल हॉरर सस्पेंस सीरीज** की **लुक छुप जाना** कॉमिक आपको अवश्य पसंद आएगी। इसका अगला पार्ट **धप्पा, तीन सिक्के** के साथ प्रकाशित हो रहा है। देखना यह है कि क्या राजा की बेटी को कोई धप्पा कर पाएगा? कौन बचेगा? कौन मरेगा?

जल्दी ही आप तक पहुंचने वाला है इंस्पेक्टर स्टील भी। प्रथम कॉमिक का नाम होगा **मेड इन इंडिया** साथ ही इस समय योद्धा, शक्ति व भोकाल के ओरिजिन पर भी तेजी से काम चल रहा है जिसकी सूचना मैं आपको शीघ्र ही दूंगा। **राज कॉमिक्स** के करेक्टर्स का **केलेण्डर** सभी कॉमिक बुक सेलर्स के पास उपलब्ध हो चुका है। प्रशंसक अपने कॉमिक विक्रेता से **कैलेण्डर** की डिमांड करें जो कि रुपये 60/- का है। ना मिलने पर सौ रुपये का मनी ऑर्डर या डिमांड ड्राफ्ट **राजा पॉकेट बुक्स** में भेजकर डाक द्वारा भी मंगवा सकते हैं। इसी सीरीज का नया **कैलेण्डर** भी बनना शुरु हो चुका है जिसे जल्दी ही उपलब्ध कराया जाएगा।

**अपने पत्र हमें आप इस पते पर भेजें : ग्रीन पेज नं. 274, राजा पॉकेट बुक्स, 330/1, बुराड़ी, दिल्ली-84**

**Forum पर अपनी पोस्ट आप www.rajcomics.com पर करें।**

धन्यवाद

आपका-संजय गुप्ता

**GREEN PAGE NO. 274**


www.rajcomicsuniverse.com
राज
RAMESH